

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले भविष्यवाणियां झूठी साबित कर आगे बढ़ रहा भारत
- 12



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सभी उत्पादों पर मिलेगा जीएसटी सुधारों का लाभ
- 12



जम्मू-कश्मीर में घने जंगलों और ऊंचे पहाड़ों पर बंकर बना रहे हैं आतंकी
- 13



विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जैसमीन और मीनाक्षी ने जीता खिताब
- 14


आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.54
सूर्यास्त 06.13

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष नवमी 01:31 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 15 सितंबर 2025, वर्ष 35, अंक 228, पृष्ठ 14 मूल्य 6 रुपये


## जमीन हड़पने और जनसांख्यिकी बदलने की साजिश नहीं होने देंगे कामयाब : मोदी

### असम में बोले प्रधानमंत्री, कांग्रेस सेना के बजाय आतंकवादियों को दे रही समर्थन

मंगलदोई (असम), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस देश की सेना का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों का समर्थन कर रही है। मोदी ने असम में दरांग जिले के मंगलदोई में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर घुसपैठियों और राष्ट्र-विरोधी ताकतों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भाजपा घुसपैठियों को जमीन हड़पने नहीं देगी और न ही जनसांख्यिकी बदलने की उनकी साजिश को कामयाब होने देगी।

मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस भारतीय सेना का समर्थन करने के बजाय पाकिस्तान द्वारा पाले गए आतंकवादियों का समर्थन करती है। कांग्रेस 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने वाले हमारे सशस्त्र बलों का समर्थन करने के बजाय घुसपैठियों और राष्ट्र-विरोधी ताकतों को बचाने में लगी रही। मोदी ने कहा कि मां कामाख्या के आशीर्वाद से ही 'ऑपरेशन सिंदूर' सफल हुआ है और इस पावन भूमि पर आकर उन्हें गौरव महसूस हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार रात उन्हें एक वीडियो दिखाया था, जिसमें कांग्रेस के एक पूर्व अध्यक्ष यह कहते हुए दिखाई दे रहे थे कि 'भाजपा गायकों और नर्तकों का सम्मान कर रही है'।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी 2019 में भाजपा द्वारा भूपेन हजारिका को भारत रत्न दिए जाने के बाद की गई थी। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि 1962 में चीन के आक्रमण के दौरान जवाहरलाल नेहरू द्वारा असम के लोगों को दिए गए घाव अब तक भरे नहीं हैं और भूपेन हजारिका का यह अपमान घाव पर नमक छिड़कने जैसा है। मोदी ने कहा कि भूपेन दा के इस अपमान से मुझे बहुत दुख हुआ लेकिन जनता मेरी मालिक है और वही जवाब देगी कि इस महान गायक को भारत रत्न देकर भाजपा ने सही किया या गलत।

मोदी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की अतिक्रमण की गई भूमि से घुसपैठियों को बाहर निकालने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रशंसा की कि किसान अब इन भूखंडों पर खेती कर सकेंगे। उन्होंने दावा किया कि जिन भूमियों पर कभी अवैध कब्जा था, वहां अब किसानों और स्थानीय लोगों के हाथों से कृषि क्रांति आ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा घुसपैठियों को जमीन हड़पने, महिलाओं और लड़कियों का अपमान करने और जनसांख्यिकी बदलने की साज़िश नहीं करने देगी।



असम के नुमालीगढ़ में एथेनॉल प्लांट का उद्‌घाटन करने के बाद जानकारी लेते प्रधानमंत्री मोदी।

### नुमालीगढ़ में बांस आधारित इथेनॉल संयंत्र का किया उद्‌घाटन

नुमालीगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ में 5,000 करोड़ रुपये की लागत वाले बांस आधारित इथेनॉल संयंत्र का रविवार को उद्‌घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि बांस के पौधे के सभी हिस्सों का इस्तेमाल करने वाला यह संयंत्र शून्य अपशिष्ट पैदा करेगा और इससे राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को 200 करोड़ रुपये का बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने दरांग जिले के मंगलदोई में 6,300 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

## छात्रवृत्ति में लापरवाही पर सरकार हुई सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विस्तृत रिपोर्ट तलब, दोषी अफसरों पर होगी कार्रवाई
- दोबारा खुलेगा छात्रवृत्ति पोर्टल तैयार किया गया प्रस्ताव

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल से छह लाख छात्रों के हक में हरी झंडी दिखाई जाएगी। इतना ही नहीं शुल्क भरपाई से वंचित छात्रों को न्याय दिलाने के लिए दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों पर भी गाज गिरेगी। कैबिनेट में रखे जाने के लिए समाज कल्याण विभाग ने छात्रवृत्ति पोर्टल दोबारा खोले जाने का प्रस्ताव तैयार किया है। वंचित छात्रों में साढ़े तीन लाख से अधिक विद्यार्थी अल्पसंख्यक और अन्य पिछड़ा वर्ग के भी हैं। सभी के लिए 300 करोड़ रुपये की व्यवस्था भी की गई है।

दरअसल, वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधिकारियों और शैक्षणिक संस्थानों की लापरवाही से छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित विद्यार्थियों को जल्द उनका हक दिलाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग और उच्च शिक्षा से संबंधित 100 से अधिक अधिकारी ही नहीं अल्पसंख्यक कल्याण और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से जुड़े अधिकारी भी चिन्हित किए गए हैं जिन पर विभागीय कार्रवाई संभव है। मसला उठने के बाद सरकार की ओर से इस मामले में कवायद तेज की गई है। पूरे प्रकरण को लेकर वाराणसी, बिजनौर, कन्नौज, औरेया, सीतापुर, बलिया, बरेली, अलीगढ़, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, प्रतापगढ़, अयोध्या, बहराइच और रायबरेली के संबंधित जिला समाज कल्याण अधिकारियों और संबंधित लिपिकों को प्रतिकूल प्रविष्टी दे दी गई है। जबकि, बरेली के विभागीय कार्यालय बाबू को निलंबित किया गया था।

### छात्रवृत्ति में फर्जीवाड़ा रोकने की भी तैयारी

लखनऊ। छात्रवृति योजनाओं में फर्जीवाड़े को रोकने के लिए भी एक आधुनिक एकीकृत पोर्टल तैयार हो रहा है। समाज कल्याण विभाग को यह जिम्मेदारी मिली है। इस व्यवस्था में मोबाइल एप रियल टाइम नोटिफिकेशन और ऑनलाइन दस्तावेज़ जांच जैसे विकल्प होंगे। फेस रिकाग्निशन भी लागू होगी।

### ब्रीफ न्यूज

#### अमित खरे उपराष्ट्रपति के सचिव नियुक्त

नई दिल्ली। सरकार ने रविवार को पूर्व नौकरशाह अमित खरे को उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन का सचिव नियुक्त किया। खरे 12 अक्टूबर, 2021 से प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप में कार्यरत थे और प्रधानमंत्री कार्यालय में सामाजिक क्षेत्र से संबंधित मामलों का जिम्मा संभाल रहे थे। वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 तैयार करने और लागू करने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। खरे की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने झारखंड कैडर के 1985 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अमित खरे को उपराष्ट्रपति का सचिव नियुक्त करने की मंजूरी दी है।

#### छन्नूलाल बीएचयू अस्पताल में भर्ती

वाराणसी। पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित गायक पंडित छन्नूलाल मिश्र को हृदय संबंधी समस्या के चलते वाराणसी के बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के सर सुंदर लाल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। पंडित छन्नूलाल मिश्र को सर सुंदर लाल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति स्थिर बताई है। मिश्र की पुत्री नम्रता मिश्र ने बताया कि मिर्जापुर में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें बीएचयू के सर सुंदर लाल अस्पताल रेफर कर दिया। शनिवार की देर रात ही उन्हें अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया।

#### दिल्ली में सट्टेबाजी गिरोह के छह गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के मयूर विहार में छह लोगों को कथित तौर पर अवैध रूप से क्रिकेट सट्टेबाजी गिरोह संचालित करने के लिए गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन पर मिली सूचना के आधार पर पुलिस के एक दल ने 12 और 13 सितंबर की रात चिल्ला गांव में एक फ्लैट पर छापा मारा और आरोपियों को इंग्लैंड-दक्षिण अफ्रीका मैच पर सट्टा लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके से तीन लैपटॉप, 32 मोबाइल, एक जीएसएम डिवाइस, एक एलईडी टीवी और 2,720 रुपये नकद जब्त किए हैं।

#### मुठभेड़ में माओवादी ढेर, हथियार बरामद

मेदिनीनगर। झारखंड के पलामू जिले में रविवार सुबह सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि मृतक की पहचान मुखदेव यादव (40) उर्फ तूफान जी के रूप में हुई है, जो प्रतिबंधित माओवादी गुट टीएसपीसी का स्वयंभू सब-जोनल कमांडर था। आईजी (अभियान) माइकल राज एस ने बताया कि मनातू और तरहसी की सीमा पर स्थित वन क्षेत्र में आज सुबह मुठभेड़ शुरू हुई, बाद में वहां से एक नक्सली का शव, एक राइफल, एक पिस्तौल और 146 कारतूस बरामद किए गए। मुखदेव यादव चार सितंबर को पलामू में हुई दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या में भी शामिल था।

## प्रदेश के स्कूलों में अब हर रविवार को होगा श्रमदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इस पहल से छात्रों को अनुशासन और जिम्मेदारी की मिलेगी सीख

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब प्रत्येक रविवार श्रमदान अभियान चलाने की योजना लागू की गई है। राज्य सरकार की इस अनूठी पहल का उद्देश्य छात्रों में अनुशासन, सहयोग व जिम्मेदारी के भाव को विकसित करना है। इसकी शुरुआत सर्वोदय विद्यालयों और छात्रावासों में श्रमदान से की गई है। ऐसे में विद्यार्थी श्रमदान से विद्यालय और छात्रावास को सजाएंगे।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन को नई गति देने के लिए समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने अनूठी पहल की है।

उनके निर्देश पर प्रदेश के सभी जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों और राजकीय छात्रावासों में रविवार से श्रमदान कार्यक्रम शुरू हो गया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुशासन, सहयोग और श्रम के प्रति सम्मान की भावना से जोड़ते हुए उन्हें जिम्मेदार व कर्मठ नागरिक बनाना है।

## पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में 5.8 तीव्रता का भूकंप

- मणिपुर अरुणाचल बंगाल में भी लगे झटके

गुवाहाटी। देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों में रविवार को 5.8 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। भूकंप रविवार शाम 4.41 बजे आया और इसका केंद्र उदालगुड़ी जिले में पांच किमी की गहराई में था। असम के कई जिलों में भूकंप के झटके महसूस किए। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों, पश्चिम बंगाल के उत्तरी जिलों और कोलकाता में भी तेज झटके लगे।

## विज्ञान-प्रौद्योगिकी की भाषा बने हिंदी : शाह

गांधीनगर, एजेंसी

- केंद्रीय गृहमंत्री बोले-हिंदी का दूसरी भाषाओं से टकराव नहीं

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कोई टकराव नहीं है और यह केवल बोलचाल की भाषा न रहकर, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, न्यायपालिका और पुलिस की भाषा भी बननी चाहिए।

पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारतीयों को अपनी भाषाओं को संरक्षित करना चाहिए और उन्हें अमर बनाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों से उनकी मातृभाषा में बात करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कोई संघर्ष नहीं है। दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, केएम मुंशी, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे विद्वानों ने हिंदी को अपनाया और इसका प्रचार-प्रसार किया। गुजरात, जहां गुजराती और हिंदी सह-अस्तित्व में हैं, दोनों भाषाओं के विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिंदी केवल एक बोली या प्रशासन की भाषा नहीं है। हिंदी को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, न्याय और पुलिस की भी भाषा बनना चाहिए। जब ये सभी कार्य भारतीय भाषाओं में होंगे, तब जनता से जुड़ाव स्वतः ही स्थापित हो जाएगा। शाह ने कहा कि संस्कृत ने हमें ज्ञान की गंगा दी और हिंदी ने इस ज्ञान को हर घर तक पहुंचाया और यह ज्ञान स्थानीय भाषाओं के माध्यम से लोगों तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि माता-पिता को बच्चों से सदैव उनकी मातृभाषा में बात करनी चाहिए। यह बच्चे के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है क्योंकि कई मनोवैज्ञानिकों और शिक्षाशास्त्रियों ने यह माना है कि बच्चा अपनी मातृभाषा में सोचता है।



### भाषाओं को सशक्त बनाने में तकनीक का इस्तेमाल

केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थानीय भाषाओं को तकनीक के माध्यम से सशक्त बनाने का काम किया है और गृह मंत्रालय ने भारतीय भाषा अनुभाग की स्थापना की है, जो हिंदी और अन्य भाषाओं को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम विज्ञान और तकनीक का भरपूर उपयोग कर रहे हैं। शाह ने कहा कि गुजरात में शिक्षा में हिंदी को स्थान मिला है और यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि महात्मा गांधी, दयानंद सरस्वती जैसे नेताओं ने लोगों से आग्रह किया कि वे एक-दूसरे से हिंदी में संवाद करें और सभी राज्यों में हिंदी को बढ़ावा दें। इसके परिणामस्वरूप, गुजरात का कोई भी बच्चा देश में कहीं भी जाकर व्यापार कर सकता है।

## घर में चर्च, कराते थे धर्मांतरण, दो पकड़े

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

- शाहजहांपुर में हिन्दू संगठन ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मोहल्ला नई बस्ती में एक घर में अवैध रुप से चर्च बनाकर धर्मांतरण के लिए उकसाने का मामला सामने आया है। यहां एक महिला समेत दो लोग प्रलोभन देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए लोगों को बरगला रहे थे। हिन्दूवादी संगठनों ने मौके पर पहुंचकर विरोध किया।

पुलिस ने मौके से दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया और रिपोर्ट दर्ज कर उनसे पूछताछ कर रही है। चौक कोतवाली के आवास विकास कॉलोनी निवासी और हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने रामचंद्र मिशन थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसके पास शिकायत आई कि हरजीत उर्फ हनकू निवासी तारीन गाड़ीपुरा थाना रामचंद्र मिशन और सुनीता सिंह निवासी नई बस्ती रेती थाना रामचंद्र मिशन कुछ समय से मोहल्ला नई बस्ती रेती में बिना अनुमति के अवैध चर्च संचालित कर रहे है। दोनों यहां से स्थानीय लोगों को प्रलोभन देकर जबरन धर्मांतरण कराते हैं। रविवार को हिन्दू युवा वाहिनी महानगर टीम एवं विश्व हिन्दू रक्षा सेना की टीम नई बस्ती रेती में स्थित अवैध चर्च पहुंची जहां अवैध धार्मिक गतिविधियां चल रही थीं। संगठन को अवैध चर्च में धार्मिक किताबें और भड़काऊ पर्चे, प्रार्थना किताब एवं डायरियां मिली हैं। संगठन के कार्यकर्ताओं ने मौके के वीडियो बनाए। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## रक्षा खरीद के लिए नए ढांचे को मंजूरी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के लिए खरीद प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, सरल और युक्तिसंगत बनाने के लिए एक नए ढांचे को मंजूरी दी है। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि रक्षा खरीद नियमावली (डीपीएम) 2025 का उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच एकजुटता को बढ़ावा देना और राजस्व खरीद के लिए त्वरित निर्णय प्रक्रिया के माध्यम से सैन्य तैयारियों के उच्चतम स्तर को बनाए रखने में मदद करना है।

## शाहजहांपुर में बच्ची को जिंदा दफनाया

संवाददाता, जैतीपुर (शाहजहांपुर)

- ग्रामीणों की सूझबूझ से बची मासूम की जान, हालत गंभीर

**अमृत विचार :** क्षेत्र में मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। किसी ने एक सप्ताह की बच्ची को मिट्टी में दबाकर मरने के लिए छोड़ दिया लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता से उसकी जान बच गई।

रविवार सुबह करीब 9 बजे गौहावर मढ़ी के सामने भुड़िया मार्ग पर नदी किनारे मिट्टी में दबी एक नवजात बच्ची रोते मिली। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बच्ची को मिट्टी से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।



गौहावर निवासी डब्लू सुबह टहलने के लिए निकले थे। तभी उन्हें बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। पास गए तो मिट्टी में दबा एक नवजात शिशु दिखाई दिया, एक हाथ मिट्टी से बाहर दिख रहा था। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण जुट गए। सूचना पर पुलिस पहुंची। एसआई इतेश तोमर ने मिट्टी खोदकर बच्ची को बाहर निकाला। बच्ची कराह रही थी, उसका एक हाथ जख्मी था। जंगली जानवरों ने पंजा नोच लिया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्टॉफ नर्स प्रज्ञा सिंह ने बताया बच्ची करीब एक सप्ताह की है, उसका नाल कटा हुआ है। बच्ची ने नए कपड़े पहने हुए थे और माथे पर टीका भी लगा था। थाना प्रभारी गौरव त्यागी ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी है।

## जयपुर में भीषण कार हादसे में खत्म हो गए दो परिवार

जयपुर, एजेंसी

- पानी से भरे अंडरपास में गिरी कार, सात लोगों की मौत
- हरिद्वार में रिश्तेदार की अस्थियां विसर्जित कर लौट रहे थे

जयपुर में शनिवार देर रात एक कार अनियंत्रित होकर रिंग रोड से नीचे पानी से भरे अंडरपास में गिर गई। हादसे में कार में सवार दो बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि मारे गए लोग दो परिवारों के सदस्य हैं।

यह दुर्घटना शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में प्रह्लादपुरा के पास हुई। एक तेज रफ्तार कार रिंग रोड से लगभग 16 फुट नीचे अंडरपास में गिरी जिसमें पानी भरा हुआ था। रविवार दोपहर सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार टैक्सी चालक रामराज, कालूराम और उनके परिवार के सदस्य एक रिश्तेदार की अस्थियां विसर्जित करने हरिद्वार गए थे और जयपुर लौट रहे थे।

शिवदासपुरा के थानाधिकार सुरेंद्र सैनी ने कहा कि मृतकों की पहचान वाटिका सांगानेर निवासी रामराज वैष्णव, उनकी पत्नी मधु, उनके बेटे रुद्र के रूप में हुई है। इसके अलावा रामराज के रिश्तेदार कालूराम, कालूराम की पत्नी सीमा, उनके बेटे रोहित और गजराज की भी हादसे में मौत हो गई जो केकड़ी अजमेर के रहने वाले थे।

## दो फर्जी कॉल सेंटरों का किया भंडाफोड़

नई दिल्ली। सीबीआई ने महाराष्ट्र के नासिक में दो अवैध कॉल सेंटरों का भंडाफोड़ किया है जो स्वगन बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से चलाए जा रहे थे।

सीबीआई के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि 11 सितंबर को चार व्यक्तियों और कुछ अज्ञात सरकारी अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी कि नामजद लोग नासिक में स्वगन बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से दो अवैध कॉल सेंटर चला रहे हैं और ब्रिटिश नागरिकों से बीमा एजेंट या सरकारी अधिकारी बन कर ठगी कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि इन अवैध सेंटरों को चलाने वाले आरोपियों की पहचान गणेश और श्याम कामनकर के रूप में हुई है।

ब्रह्मांड के रहस्य

नए चांद को वैज्ञानिकों ने दिया है क्वासी-मून 2025 पीएन 7 नाम

## पृथ्वी का एक और नन्हा चन्द्रमा, 6 दशक से कर रहा परिक्रमा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने पृथ्वी का एक और नया चन्द्रमा खोज निकाला है। यह बहुत ही छोटे आकार का नन्हा चांद है। इसको क्वासी-मून 2025 पीएन7 नाम दिया गया है। हवाई स्थित पैन स्टार्स ऑब्जर्वेटरी ने इसकी वास्तविकता का पता लगाया है, जो पिछले करीब 60 साल से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा है।

ब्रह्मांड के रहस्य भी अजूबे हैं, अनंत गहराइयों में न जाने कब कोई हैरत में डाल देना वाला रहस्य सामने आ जाए, इसके बारे में कहा नहीं जा सकता है। अब ऐसा ही एक नया रहस्य चांद के रूप में हमारे सामने आया है। खगोलविदों के अनुसार, यह पृथ्वी का अस्थायी चंद्रमा है, जो पिछले लगभग 60 वर्षों से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा है। इसका आकार अर्ध चंद्रमा की तरह है। अमेरिका के पैन स्टार्स ऑब्जर्वेटरी के वैज्ञानिकों के अनुसार, यह चंद्रमा छिपकर पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा था। यह अर्ध चंद्रमा की तरह हैं जिसकी चमक इतनी फीकी है कि इसे देख पाना भी आसान नहीं है। इसका परिमाण यानी चमक 26 आंकी गई है जिसे शक्तिशाली दूरबीन की मदद से ही देखा जा सकता है। इसका आकार भी बहुत छोटा है, जो मात्र 19 मीटर (62 फीट) व्यास का है।



### निकट भविष्य में इसके कुछ और रहस्य होंगे उजागर

दरअसल यह एक क्षुद्रग्रह है, जिसकी अपनी कक्षा है और करीब छह दशक से अपनी ऑर्बिट में रहकर पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा है और भविष्य में भी कुछ वर्ष पृथ्वी की परिक्रमा करता रहेगा जिस कारण इसे पृथ्वी का दूसरा चंद्रमा कहा जा सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इसे देखने की हसरत हर किसी को होगी, लेकिन इसे देखने के लिए अधिक शक्तिशाली दूरबीन की मदद लेनी होगी। बहरहाल इसके बारे में अध्ययन जारी हैं। निकट भविष्य इसके कुछ और रहस्य उजागर होंगे।

### रोमांचक है नए चंद्रमा की खोज

नैनीताल। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के अनुसार, जैसे-जैसे तकनीक विकसित होती जा रही है, तो ब्रह्मांड की नई-नई जानकारियां भी उजागर होती जा रही हैं। नया चांद क्वासी मून 2025 पीएन7 इसका ताजा उदाहरण है, जो रोमांचक खोज है और भविष्य में इस तरह की रोचक जानकारियां सामने आती रहेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 22 डॉक्टरों को मिलेगा पुरानी पेंशन का लाभ

**अमृत विचार,लखनऊ :** प्रदेश में 28 मार्च 2005 के पूर्व विज्ञापित पदों के सापेक्ष राज्य कर्मचारी बीमा अस्पतालों में ज्वाइन करने वाले 22 चिकित्सकों को पुरानी पेंशन मिलेगी। शासन द्वारा सभी चिकित्सकों के नाम की सूची के साथ संबन्धित निर्देश जारी कर दिए हैं। श्रम विभाग के प्रमुख सचिव डॉ.एम के शनमुगा सुंदरम द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि उप्र. रिटायरमेंट बेनीफिट्स रूल्स 1961 के प्रविधान, और कर्मचारी राज्य बीमा योजना, कानपुर के पत्र अंतर्गत चिकित्सकों को पुरानी पेंशन से आच्छादित किया गया है। इनमें से कई ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्त ले ली हैं, उन्हें भी पुरानी पेंशन का लाभ देय होगा, इसके अलावा जो कार्यरत हैं उन्हें नियमानुसार लाभ मिलेगा।

### स्वच्छ उत्सव मनाएगा वन विभाग

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में सेवा पर्व के दौरान स्वच्छ उत्सव मनाने की तैयारी वन विभाग ने भी कर रखी है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पर्व में वन विभाग स्वच्छता, सिंगल यूज प्लास्टिक के विरोध समेत पक्षी अभयारण्यों में खर-पतवारों की सफाई करने जैसे अभियानों को अंजाम देगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण आदि विषयों पर जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

### अंग्रेजी पर निर्भरता कम की थी : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सभी को हिन्दी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव ने अंग्रेजी पर निर्भरता कम की। प्रचार, प्रसार और सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा दिया। पहले पीसीएस परीक्षायें अंग्रेजी में होती थी। सपा सरकार ने हिन्दी भाषा में भी पीसीएस परीक्षा देने का प्रावधान किया था। हिन्दी के साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। सपा प्रमुख, रविवार को पार्टी मुख्यालय में हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे, इस मौके पर उन्होंने पूर्व सांसद एवं प्रख्यात कवि उदय प्रताप सिंह को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



पूर्व सांसद एवं प्रख्यात कवि उदय प्रताप सिंह को शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

# जनप्रतिनिधियों की चिट्ठियों को नजरअंदाज करने वाले अफसर नपेंगे

## तमाम निर्देश और पत्राचार के बावजूद लापरवाही पर मुख्यमंत्री योगी सख्त, अफसर-कर्मियों को शासन ने दिया अल्टीमेटम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की चिट्ठियों पर सुस्त प्रतिक्रिया देने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने आदेश जारी कर सभी विभागों को चेताया है कि जनप्रतिनिधियों के पत्राचार पर समयबद्ध कार्रवाई न करने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

यह निर्देश उन जनप्रतिनिधियों की लंबे समय से चली आ रही नाराजगी का परिणाम है, जो 'चिट्ठी लिखो, भूल जाओ' संस्कृति से परेशान थे। अब प्रशासनिक अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की बात को प्राथमिकता देनी ही होगी। हर पत्र का जवाब देना अनिवार्य होगा, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित होगी। शिथिलता के लिए सीधे अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे।

संसदीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव जेपी सिंह ने सभी विभागों के प्रमुख सचिवों व विभागाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। सभी विभागों और जिलों में अब जनप्रतिनिधि पत्राचार रजिस्टर अनिवार्य होगा। प्रत्येक पत्र को रजिस्टर में दर्ज करना और उसकी पावती संबंधित जनप्रतिनिधि को भेजना जरूरी होगा। तय समय-सीमा में कार्रवाई कर सांसद/विधायक को प्रगति से अवगत कराना अनिवार्य किया गया है।

शासनादेश 3 अप्रैल 2018, 21 जनवरी 2021, 7 अप्रैल 2025 और 26 अप्रैल 2025 को पुनः प्रभावी मानते हुए सख्त अनुपालन का निर्देश दिया गया है।

### शीतकालीन सत्र में भी उठा था मुद्दा

हाल ही में विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायकों ने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा संदेश देते हुए कहा था कि किसी भी विधायक, सांसद या अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा भेजे गए पत्र की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद सभी विभागों में नीचे से लेकर सचिवालय तक जनप्रतिनिधि पत्राचार रजिस्टर बनाए गए, लेकिन लापरवाही की प्रवृत्ति जारी रही।

### मुख्यमंत्री कर सकते हैं हर माह समीक्षा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं इस मामले की नियमित समीक्षा करने के संकेत दिए हैं। प्रत्येक माह जिलों से जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों की समीक्षा की जाएगी। देखा जाएगा कि किन पत्रों पर समय से कार्रवाई हुई और किन पर टालमटोल की गई। ऐसे मामलों में दोषी अफसरों के खिलाफ निलंबन, प्रतिकूल प्रविष्टि जैसी सख्त कार्रवाई संभव है।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर 17 से चलेगा अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान में सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। उप मुख्यमंत्री रविवार को सभी जिला अधिकारियों एवं मुख्य चिकित्साधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उन्होंने बताया कि अभियान में प्रदेश की सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर और जिला स्तरीय अस्पतालों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन होगा।

# भगोड़े कैदियों को वापस नेपाल भेजेगी यूपी सरकार

## बॉर्डर से सटे जिलों से गिरफ्तार हुए हैं जेल से भागे कैदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पकड़े गए कैदियों को लेकर गाइडलाइन जारी की

**अमृत विचार :** नेपाल हिंसा का फायदा उठाकर वहां की जेलों से फरार हुए कैदियों को यूपी सरकार वापस भेजेगी। इन कैदियों को प्रदेश के सुरक्षा तंत्र ने नेपाल सीमा पर दबोचा था। नेपाल के भगोड़े कैदी उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड के बॉर्डर से सटे जिलों से गिरफ्तार हुए हैं। ये ऐसे कैदी हैं, जो मादक पदार्थों की तस्करी सहित विभिन्न अपराधों में वहां की जेलों में बंद थे।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पकड़े गए इन कैदियों को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। स्पष्ट किया गया है कि ऐसे कैदियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा और इन्हें बॉर्डर से ही वापस नेपाल भेज दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश में निगरानी के दौरान एसएसबी और पुलिस ने करीब एक दर्जन ऐसे कैदियों को गिरफ्तार किया है, जो नेपाल की जेल में बंद थे और उन पर कई संगीन मामले नेपाल में दर्ज हैं।

ऐसे कैदियों को प्रदेश में प्रवेश देना है या नहीं, अगर देना है तो इन्हें इनके घर जाने दिया जाए या कहीं और भेजा जाए, इसको लेकर इंटेलिजेंस ब्यूरो ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से गाइडलाइन मांगी थी। इंटेलिजेंस ब्यूरो के सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पकड़े गए इन कैदियों को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। इन कैदियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा और इन्हें बॉर्डर से ही वापस नेपाल भेज दिया जाएगा। गृह मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड सरकारों को इस संबंध में स्पष्ट सूचना भेज दी है।

### सीमा पर हालात सामान्य की ओर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश-नेपाल सीमा पर हालात सामान्य होने लगे हैं। बॉर्डर खोल दिया गया है, जिससे दोनों तरफ के नागरिकों व मालवाहक वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। सख्त जांच के बाद ही सभी को आगे भेजा जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। इस बीच सीमा पर लगी ट्रकों की कतार भी लगभग समाप्त हो गई। नेपाल में उपद्रव और बॉर्डर सील होने के कारण व्यापारिक गतिविधियां पांच दिन तक ठप रहीं। फिलहाल आवागमन शुरू होने से बॉर्डर पर रौनक लौटी नजर आ रही है।



एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान क्रिकेट मैच के खिलाफ लखनऊ में बीसीसीआई का पुतला फूंकने से भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के सदस्यों को रोकती पुलिस टीम।

### बाइक सवार ने वृद्धा को मारी टक्कर,हालत गंभीर

**रानीगंज, प्रतापगढ़ :** थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर की 85 वर्षीय चंद्रकली पत्नी स्व.राज नारायण तिवारी रविवार की दोपहर घर से निकलकर सड़क पार कर रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए युवक ने वृद्ध महिला को टक्कर मार दिया। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। बाजार वासियों ने बाइक सवार युवक को घेरकर रोक लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया।

## जेल से छूटे प्रेमी ने शादी से किया इंकार, प्रेमिका ने खाया जहरीला पदार्थ

**रानीगंज, प्रतापगढ़ :** थाना क्षेत्र के सरायसेतराय की युवती ने रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले आए, यहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। परिजनों का आरोप है कि 6 माह पहले जयरामपुर गांव निवासी युवक के खिलाफ दुराचार के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोपी युवक ने न्यायालय में पीड़ित युवती से शादी करने की बात स्वीकार किया था। इस आधार पर न्यायालय से जमानत हुई। जमानत पर छूट कर वह घर आया तो उसने शादी करने से मना कर दिया और घर छोड़कर कहीं बाहर चला गया।

### शिक्षक के निधन पर साथियों ने जताया शोक

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** लक्ष्मणपुर ब्लॉक के तेजगढ़ निवासी 52 वर्षीय सुदीप पांडेय सड़वा चन्द्रिका ब्लॉक में बेसिक शिक्षा विभाग में खेल शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। शनिवार शाम लखनऊ के मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वह काफी दिनों से बीमार थे। उनके निधन की सूचना पर साथी शिक्षकों ने रविवार को शोक सभा कर संवदेना जताई।

## सेवा पखवाड़ा में दिखेगा विकसित भारत का रंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी जिलों में चित्रकला प्रतियोगिताएं, मिलेगा नकद ईनाम

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार सेवा पखवाड़ा में 'विकसित भारत' का रंग भरने जा रही है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी जिलों में चित्रकला प्रतियोगिताएं होंगी। संस्कृति विभाग ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को कार्यक्रमों के लिए दिशा-निर्देश भेजते हुए राज्य स्तर पर नकद पुरस्कार देने की घोषणा भी की है।

संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से जारी आदेश किया गया है। प्रतियोगिता में चयनित चित्रों को राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ भेजा जाएगा। वहां से चुनी गई पेंटिंग्स की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर लगाई जाएगी।

**पुरस्कार की राशि (प्रत्येक वर्ग में) :** प्रथम पुरस्कार : 51,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार : 21,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार: 11,000 रुपये।

### लखनऊ के जीपीओ पार्क से शुरुआत

17 सितंबर को सूचना विभाग द्वारा लखनऊ के जीपीओ पार्क में एक भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जबकि 18 सितंबर से सभी जिलों में स्थानीय सूचना अधिकारियों के जरिए प्रदर्शनियां कराई जाएंगी। निर्देश दिए गए हैं कि कार्यक्रमों की रिपोर्ट ईमेल पर भेजी जाए।

## सेवा पखवाड़ा के रूप में मनेगा पीएम का जन्मदिन

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर रविवार को पार्टी जिला कार्यालय पर बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा अंशुमान सिंह ने की। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि एवं जिले के प्रवासी के रूप में क्षेत्रीय मंत्री काशी क्षेत्र सौरभ सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से इस पूरे सप्ताह को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाना है। जिसमें स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, खेलकूद प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं अनेक प्रकार के आयोजन होने हैं। बैठक में महामंत्री नितीश श्रीवास्तव, सुजीत पांडेय, शुभम सिंह, मनोज यादव, विक्रम सिंह, अविनाश सिंह, मदन पाल, प्रदीप सिंह, विनय सिंह, राहुल मौर्य, विनय मिश्र, शिव अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

## यूपी की जनता चाहती है रोजगारोन्मुखी शिक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार द्वारा संचालित ''समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047'' अभियान निरंतर जनभागीदारी और सुझावों के साथ आगे बढ़ रहा है। यूपी में ग्रामीण जनता की पहली मांग कौशल विकास और रोजगारोन्मुखी शिक्षा है। रविवार तक मिले कुल डेढ़ लाख सुझाव में सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र से एक लाख से अधिक रहे। 75 जिलों में कानपुर देहात, जौनपुर व प्रतापगढ़ से सुझाव सबसे अधिक दर्ज हुए हैं। रविवार तक प्रदेश के सभी 75 जनपदों में नोडल अधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों ने भ्रमण कर छात्रों, शिक्षकों, व्यवसायियों, उद्यमियों, कृषकों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संगठनों, मीडिया और आम जनमानस से संवाद किया। कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, जौनपुर, बलरामपुर, प्रतापगढ़ और फिरोजाबाद जैसे जनपदों से सबसे अधिक भागीदारी रही। इन जिलों से कुल 53,996 से अधिक फीडबैक प्राप्त हुए, जो दर्शाता है कि जनता इस अभियान को गंभीरता से ले रही है।

**शिक्षा क्षेत्र पर सबसे अधिक राय:** जनता के बीच शिक्षा अब भी सबसे बड़ा मुद्दा है। करीब 50 हजार सुझाव शिक्षा से जुड़े मिले। इसके अलावा नगरीय एवं ग्रामीण विकास से जुड़े करीब 25 हजार, स्वास्थ्य पर 15 हजार से अधिक, समाज कल्याण पर करीब 15 हजार व कृषि क्षेत्र से संबंधित 20 हजार सुझाव दर्ज किए गए।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र हुसैन उर्फ गुब्बा के गलत संगत के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा हुसैन उर्फ गुब्बा से कोई वास्ता एवं सरोकार नहीं है। **शकील पुत्र छम्मन निवासी- छोटी जुल्हैटी राठ (हमीरपुर) उप्र**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हूँ मेरा एक मूल बैनामा बही खो गया है जो कि अभिलेखों में जिल्द सं0 1607, पृष्ठ सं0-273 से 334 दिनांक 26/9/2017 को बैनामा हुआ है। **प्रीती देवी मो0-7054002928 जमुनापुर - रायबरेली**

**सूचना**
मैने अपना नाम SIMMI PRAVEEN से बदलकर SIMMI AHMED रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-AFZAL AHMED ADD-39R/6M, VIP COLONY, GHAUS NAGAR KARELI GTB NAGAR DIST-ALLAHABAD PRAYAGRAJ-210016 (U.P)

**सूचना**
मैने अपना नाम PRAKASH SHERMA से बदलकर PRAKASH SHARMA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SURYABHAN SHARMA ADD-E-3/337 VINEET KHAND GOMTINAGAR DIST-LUCKNOW-226010 (U.P)

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि मेरे पासपोर्ट संख्या R7762354 में मेरा नाम Nazifur Rahman ,पुत्र Mohammad Afzal Rahman मो. नुमाईश पुरवा हरदोई है जबकि मेरे आधार में मेरा सही नाम – Mohd Nazeefur Rahman है तथा पिता का नाम Mohammad Afzalurrahman अंकित है उक्त पासपोर्ट में मेरा नाम आधार के अनुसार संसोधित कर प्रति जारी की जाये।

**सूचना**
मेरी पत्नी सीमा सिंह पीपीओ में नामिनी है। पीपीओ सहित अन्य दस्तावेजों में त्रुटिवश उनकी जन्मतिथि 15/06/1978 दर्ज हो गई है। जबकि उनकी वास्तविक जन्मतिथि 18/06/1982 है। (Army no-15469373y) रंजीत कुमार सिंह, पूर्व सैनिक पुत्र स्व. सुरेंद्र सिंह निवासी-मकान नं.13ए सेमरा गौढ़ी, मड़ियांव, लखनऊ।

**आवश्यकता है**
दुष्यंत सिंह भाले सुल्तान पीजी कॉलेज सादीपुर मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को परास्नातक विज्ञान संकाय- जन्तु विज्ञान, 2 पद, रसायन विज्ञान-2 पद, गणित- 2 पद परास्नातक कला संकाय अंग्रेजी-2 पद प्राचीन इतिहास स्नातक 1 पद । **इच्छुक अभ्यर्थी अपने डाक्यूमेंट के साथ विद्यालय में संपर्क करें।**
**प्रबंधक, धनवंत सिंह।**
**सम्पर्क सूत्र – 8318708840**

**सूचना**
मैने अपना नाम RIYAZ से बदलकर MOHD RIYAZ रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAHAMAT ALI ADD-500/108 KUTUBPUR NEAR EKKA STAND DALIGAN POST-NIRALA NAGAR DIST-LUCKNOW-226020(U.P.)



न्यूज ब्रीफ

### युवती से छेड़खानी, विरोध पर भाई को पीटा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा कोतवाली क्षेत्र में खेत जा रही युवती को रोककर युवक ने छेड़खानी। इस हरकत की शिकायत करने गए युवती के भाई को आरोपी ने पीट दिया। क्षेत्र के एक गांव की 19 वर्षीया युवती ने पुलिस को बताया कि गाँव का ही उमेश उर्फ गोलू पिछले कई महीनों से मोबाइल पर अभद्र बातें करने के साथ ही मौका पाकर रास्ते में रोककर छेड़खानी करता था। शिकायत के अनुसार, 13 सितंबर की सुबह करीब 10 बजे जब वह खेत तक जा रही थी, तभी उमेश ने उसका हाथ पकड़कर जोर जबरदस्ती की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने घटना की जानकारी घर पर दी तो दोपहर उसके भाई ने आरोपी से शिकायत की। आरोप है कि उमेश ने उससे लात-घूंसों से मारपीट की और उसे भी जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लेनदेन के विवाद में परिवार से मारपीट

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के कोईलीपुरवा गांव की रहने वाली युवती खुशबू पुत्री राजेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शुक्रवार को वह कॉलेज से लौट रही थी तभी रास्ते में आकाश नामक युवक ने उसे रोका और पैसे के लेन-देन को लेकर मारपीट की। विरोध करने पर भी युवक ने कई बार मारा। इतना ही नहीं, बाद में आरोपित अपने परिवारजनों के साथ उसके घर पहुंचा और परिजनों को भी पीटा तथा गंभीर धमकियां दीं। तहरीर में आकाश, विकास, नैंसी, चाँदनी, नेहा, पम्मी, गोविन्द, वीरेन्द्र समेत कई लोगों के नाम दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

### रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर से बाइक चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी का मामला सामने आया है। जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम निम्बहरा मजरे वजीउद्दीनपुर निवासी शमशेर की मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने पार कर दी। शमशेर के अनुसार वह 8 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे उपनिबंधक कार्यालय जमीन की रजिस्ट्री कराने आए थे। उन्होंने अपनी बाइक कार्यालय के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा के बगल खड़ी की थी। रजिस्ट्री का कार्य निपटाने के बाद जब शाम करीब 7 बजे लौटे तो वाहन वहां मौजूद नहीं मिला। आसपास खोजबीन और पूछताछ के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# सड़क हादसों में दो की मौत, 11 लोग घायल

## जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुईं दुर्घटनाएं, अस्पताल भेजे गए घायल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रविवार को जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में अधेड़ महिला समेत दो की मौत हो गई, जबकि 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

फतेहपुर प्रतिनिधि के अनुसार, फतेहपुर-भगोली मार्ग पर ग्राम खैरा के पास पिकअप ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में कमलेश कुमार (32) निवासी ककरहिया थाना रामपुर कला, सीतापुर की मौके पर मौत हो गई, जबकि संदीप कुमार (30) व उनकी पत्नी रीमा देवी (28) गंभीर रूप से घायल हो गए। फतेहपुर-सूरतगंज मार्ग पर दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में मोहम्मद नासिर, उनकी पत्नी मैनाज बानो, बेटे मोहम्मद अयान व मोहम्मद आसिफ, बेटी अनाया बानो और सास किस्मतुल निशा घायल हो गए। सभी घायल एक बाइक पर ही सवार थे। बड्डूपुर कोतवाली क्षेत्र के बहलीदपुर गांव निवासी लाल मोहम्मद ने कोतवाली पुलिस को बताया कि रविवार को उसकी मां रहीसुन (50) पत्नी जाबिर अली घर से अपने दामाद के साथ बड्डूपुर कस्बा में दवा लेने के बाद घर वापस जा रही थी, तभी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ महमूदाबाद मार्ग चंदौली धर्म कांटे के पास तेज रफ्तार बाइक सवार की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर किया लेकिन रास्ते में महिला की मौत हो गई।

रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार संत सुमिरन दास कुटी के पास पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पीछे बैठी 45 वर्षीय मंजू पत्नी संतोष गौतम गंभीर रूप से घायल हो गईं। जैदपुर प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा में अली अकबर कटरा के पास शनिवार की रात एक बेकाबू ट्रक छप्परनुमा घर में घुस गया। हादसे में घर में मौजूद अंबर व उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है।

## घर में घुसकर परिवार पर हमला

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना लोनीकटरा क्षेत्र के ग्राम लखापुर में पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कई लोगों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया।

धर्मराज ने तहरीर देकर बताया कि 13 सितंबर को दोपहर गांव के ही अनुज, शिकारी, रवि पुत्र चेतराम, रामशरण, देवशरण, जगशरण पुत्र लायकराम रावत, आंचल पत्नी जगशरण व चेतराम पुत्र दुर्गाप्रसाद सहित अन्य लोगों ने उनके घर में घुसकर लाठी, कुल्हाड़ी व फावड़े से हमला किया। आरोपियों ने धर्मराज, उनके पिता रामबहादुर, मां बबुला, छोटे भाई रामराज और बहन राजकुमारी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में धर्मराज की बहन राजकुमारी का हाथ कुल्हाड़ी से काट दिया गया। शोर मचाने पर जब गांव वाले मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# 7 घंटे गुल रही मसौली की बिजली

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


सिद्धौर क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** बारिश का दौर थम गया है और अब राहत की जगह आफत ने ले ली है। उमस में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गई है। गर्मी के इन तेवरों के बीच बिजली आपूर्ति भी डगमगाई और अचानक कटौती की जा रही है। मसौली क्षेत्र में सात घंटे तक बिजली गुल रही।

पसीने से नहला देने वाली उमस से आमजन बेहाल हैं, बारिश न होने से दिन पार करना मुश्किल हो चला है। उस पर बिजली की कटौती ने शहरवासियों को परेशान कर दिया है। मसौली प्रतिनिधि के अनुसार चंदौली से मसौली विद्युत उपकेंद्र को आपूर्ति करने वाली 33 हजार हाईटेंशन लाइन शनिवार रात अचानक तार टूट जाने से ठप हो गई। रात करीब आठ बजे बिजली गुल होने के बाद ग्रामीण चिपचिपाती गर्मी में बेहाल हो गए। लगभग सात घंटे की मशक्कत के बाद देर रात ढाई बजे बिजली बहाल हो सकी। शनिवार को रोस्टिंग खत्म होने के बाद जैसे ही चंदौली से मसौली पावर हाउस को आपूर्ति शुरू हुई, हाईटेंशन लाइन ट्रिप कर गई और पूरे क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो गई। खेतों और जंगलों के बीच लाइन की जांच के दौरान फतेहसरांय के पास टूटा हुआ तार मिला। विद्युतकर्मियों ने मौके पर खराबी को दुरुस्त किया और देर रात करीब ढाई बजे आपूर्ति बहाल कर दी।

### सिद्धौर पर मेहरबान हुए बादल

सिद्धौर प्रतिनिधि के अनुसार दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश से किसानों में ख़ुशी देखने को मिली। एक ओर काफी दिनों से बारिश के इन्तजार में किसानों की फसलें सूख रही थी, वहीं उमस व बिजली कटौती से लोग बेहाल हो गए थे। किसान रामनरेश यादव, राम उजागर, अमरनाथ, सियाराम, पुतई, रामशंकर आदि का कहना है कि यह बारिश धान की फसल के लिए सोने के बराबर है।

## संदिग्ध दशा में घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** माता-पिता से अलग होकर पत्नी के साथ रह रहे युवक का शव संदिग्ध अवस्था में घर में के फंदे से लटका मिला। पत्नी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के पीछे कोई वजह फिलहाल सामने नहीं आई है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहिया मजरे भीखरपुर में रहने वाले 20 वर्षीय युवक ने शनिवार देर रात फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि मृतक राकेश पुत्र रामबहादुर तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसका विवाह लगभग एक वर्ष पहले हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद ही वह अपने माता-पिता से अलग होकर पत्नी के साथ अलग घर में रहने लगा। शनिवार की देर रात राकेश की पत्नी किसी कार्यवश बाहर गई थी। वापस लौटने पर जब उसने घर का दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर परिजनों को बुलाकर उनकी मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर का नजारा देख कर सभी के होश उड़ गए, राकेश का शव छत के हुक से दुपट्टे के सहारे लटक रहा था।

## दो पक्षों में मारपीट मां व बेटा घायल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम जमड़वा मजरे असेना में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में एक ही परिवार के दो लोग राकेश कुमार मिश्र एवं उनकी मां रामावती गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए ज़िला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि गांव के ही निवासी जमुना प्रसाद मिश्र व उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलकर लाठी-डंडों से हमला किया। बताया गया कि दोनों पक्षों के बीच पूर्व से ही आपसी विवाद चल रहा था।

# नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**सूरतगंज, रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** आगामी नवरात्रि, दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न स्थानों पर रविवार को पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की गईं।

सूरतगंज क्षेत्र के रानीगंज स्थित ठाकुर द्वारा पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर अनिल कुमार पांडेय ने की। इसमें दुर्गा पूजा जागरण समिति के पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक में मूर्ति स्थापना, विसर्जन जुलूस, बिजली आपूर्ति, सुरक्षा इंतजाम और भीड़ नियंत्रण पर विस्तार से चर्चा हुई। इंस्पेक्टर पांडेय ने कहा कि पर्व आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है, जिसे भाईचारे के साथ मनाना सभी की जिम्मेदारी है। चौकी इंचार्ज राम अवतार सरोज ने आश्वासन दिया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर स्तर पर निगरानी की जाएगी। प्रशासन ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पूर्व ब्लॉक प्रमुख व समिति अध्यक्ष बृजपाल सिंह उर्फ ज्ञानू, महामंत्री दुर्गेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष रामदुलारे यादव आदि मौजूद रहे। रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के दरियाबाद थाना परिसर में भी बैठक आयोजित हुई। इसमें नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी और पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्र ने नागरिकों से संवाद किया। अधिकारियों ने कहा कि धार्मिक आयोजन परंपरागत ढंग से ही किए जाएं। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। अधिकारियों ने दोनों बैठकों में लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और आपसी भाईचारे की मिसाल कायम रखने की अपील की।


पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते पुलिस अधिकारी। • अमृत विचार

# शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह के नेतृत्व में शिक्षक पदाधिकारियों ने कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने के आदेश को अव्यावहारिक बताते हुए मानवीय आधार पर वापस लेने तथा शिक्षा अधिकार नियमावली में संशोधन कर सेवारत शिक्षकों की सेवा सुरक्षित करने की मांग की गई। विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने शिक्षकों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संगठन के उपाध्यक्ष दिनेश मौर्य, संगठन मंत्री प्रमेंद्र वर्मा, मीडिया प्रभारी जयकुमार, प्रवेश कुमार सिंह, विश्वजीत सिंह, शेर मोहम्मद, शरद चंद्र, भानु प्रताप, आलोक कुमार सिंह सरस, पवन वर्मा, सत्येंद्र वर्मा सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।


विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा को ज्ञापन देते शिक्षक नेता। • अमृत विचार

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ आज देगा ज्ञापन

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में टीईटी अनिवार्यता के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बाराबंकी द्वारा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को आज दिन में 3 बजे गन्ना दफ्तर में सौंपा जाएगा।

## एजेंसी मालिक पर मारपीट और धमकी देने का आरोप

**बाराबंकी, अमृत विचार :** घुंघटेर के नारायनपुर निवासी एक युवक ने एजेंसी मालिक पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। अशोक यादव बहरौली स्थित शिवराज यादव की महिंद्रा ट्रैक्टर एजेंसी में कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। रविवार को वह पिछले माह का बकाया वेतन मांगने पहुंचा। आरोप है कि इस दौरान मालिक शिवराज यादव ने उसे गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर धक्के देकर बाहर निकाल दिया। । थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।


प्रमाणपत्र के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बंदी। • अमृत विचार

### बंदियों को मिला कृषि व बर्मी कम्पोस्ट का प्रशिक्षण

**बाराबंकी, : अमृत विचार :** बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने और बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से जिला कारागार बाराबंकी में निमदस संस्था द्वारा कृषि व्यवसाय व बर्मी कम्पोस्ट का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जेल अधीक्षक कुंदन कुमार के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में जेलर राजेंद्र सिंह ने बंदियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बंदियों को जैविक सब्जी, स्ट्रॉबेरी, फूलों की नर्सरी और आधुनिक कृषि देखभाल की जानकारी दी गई, ताकि वे जेल से रिहा होने के बाद मुख्यधारा से जुड़कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। संस्था के प्रबंध निदेशक एस.के. वर्मा ने कहा कि उद्देश्य बंदियों को जीवन जीने की नई राह दिखाना है।

## 42 हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना कोठी पुलिस ने रविवार को अपराध पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 42 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का सत्यापन किया गया। पुलिस ने उनके खिलाफ दर्ज पुराने अभियोगों की जानकारी ली, जमानतदारों की पुष्टि की और उनके वर्तमान व्यवसाय व गतिविधियों के बारे में भी जानकारी एकत्रित की। थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस ने सभी हिस्ट्रीशीटरों को भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में शामिल न होने की कड़ी चेतावनी दी। साथ ही उन्हें ईमानदारी से जीवनयापन करने की शपथ भी दिलाई गई।

# कॉरिडोर के नाम पर जमीन कब्जे का खेल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा में प्रस्तावित कॉरिडोर को लेकर आस-पास के गांवों की जमीनों के दाम आसमान छूने लगे हैं। जमीन की बढ़ती कीमतों पर भू-माफिया की नज़रें गड़ गई हैं और अब जबरन कब्जा कर जमीनों को हथियाने का खेल शुरू हो गया है।

ताजा मामला महादेवा से सटी ग्राम पंचायत गोबरहा का है। यहां ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पिछले करीब 50 वर्षों से इस्तेमाल किए जा रहे सार्वजनिक रास्ते (चक मार्ग) पर खंभे गाड़कर उसे प्लॉट में मिला लिया गया है। जबकि इसी रास्ते से करीब एक सैकड़ा किसान अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली व कृषि यंत्रों के साथ खेतों तक पहुंचते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गुरुवार और शुक्रवार को कुछ लेखपालों ने गलत ढंग से जमीन की नाप की और रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। आरोप यह भी है कि बड़नपुर निवासी मोहम्मद अकरम, मोहम्मद अजहर व अनिल ने हिस्सेदारी के रूप में जमीन खरीदी है। किसानों ने एसडीएम से शिकायत की है। इस मामले में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने कहा कि शिकायत की जांच के लिए टीम भेजी जाएगी और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बाराबंकी डायरी

### कड़ी मेहनत करने से ऊंचा मुकाम हासिल कर सकते हैं छात्र


मुख्य अतिथि का स्वागत करते समाजसेवी।

**सुबेहा, बाराबंकी, अमृत विचार :** आदर्श नगर पंचायत सुबेहा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में हिन्दी दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डीजीपी महेश चंद्र द्विवेदी व उनकी पत्नी नीरजा द्विवेदी ने शिरकत की। श्री द्विवेदी ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की और बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कभी टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ाई होती थी, आज विद्यालय में बेहतर सुविधाएं हैं। श्री द्विवेदी ने बच्चों से कहा कि मेहनत और लगन से पढ़कर वे भी ऊंचा मुकाम हासिल कर सकते हैं। समाजसेवी हुमांयू हुसैन ने पूर्व डीजीपी व उनकी पत्नी का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रामसागर रावत, अध्यापकगण, समाजसेवी, सहपाठी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।


भाजपा जिलाध्यक्ष को निमंत्रण देते समिति के सदस्य।

### रामलीला की तैयारियां शुरू, दिए जा रहे आमंत्रण पत्र

**बाराबंकी, : अमृत विचार :** श्री रामलीला सेवा समिति ने रामलीला की तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी हैं। रामलीला मैदान की सफाई व कार्यक्रमों के निमंत्रण का कार्य जारी है। इसी क्रम ने समिति ने सदर विधायक सुरेश यादव, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य समेत कई जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण भी दिया। इसी बीच समिति द्वारा रामलीला मैदान में 40×80 फीट का भव्य ऑडिटोरियम भी बनाया जा रहा है, जिसमें आगामी समय में बैठकों, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। महामंत्री शिव कुमार वर्मा ने बताया कि बारिश के कारण कार्य में विलंब हुआ, प्रयास है कि रामलीला से पहले पूरा कर लिया जाए।


प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### हनुमान मंदिर में गुरु पर्व पर भंडारा

**मसौली, बाराबंकी , अमृत विचार :** मसौली स्थित बाबा रामशरण दास भगवत दास कुटी हनुमान मंदिर में गुरु पर्व के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बटुकों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ से हुई, तत्पश्चात महंत स्वामी प्रकाशानंद ने अरदास की। सैकड़ों साधु-संतों और ग्रामीणों ने पुड़ी, सब्जी व हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। पुजारी रामलाल दास को अंगवस्त्र व दक्षिणा अर्पित कर सम्मानित किया गया। आयोजन में मसौली व आसपास के गांवों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


पूर्वजों के निमित्त तर्पण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### पितृपक्ष पर किया गया तर्पण-पिंडदान

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या तक चलने वाले पितृपक्ष के अवसर पर रविवार को मंदिर निराश्रित धाम आश्रम ट्रस्ट, बसन्तनगर में पितरों के तर्पण, पिंडदान, यज्ञ व भोजन प्रसाद का सामूहिक आयोजन हुआ। इस अवसर पर डॉ. सतगुर शरण यादव, रामशंकर मिश्रा, अम्बर प्रसाद, ज्वाला प्रसाद ज्ञानी, रामसरन, सत्यप्रकाश प्रजापति आदि थे।

कार्यक्रम

जिले के विभिन्न विद्यालयों से कुल 192 विद्यार्थियों ने लिया भाग

# विज्ञान एवं वैदिक गणित मेले में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** छात्राओं की रचनात्मकता व वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, केशवनगर लखपेडाबाग में रविवार को विज्ञान एवं वैदिक गणित मेला आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणावाणी के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में साकेत संभाग के निरीक्षक एवं प्रांतीय पर्यवेक्षक अवरीश जी उपस्थित रहे। मेले में शिशु, बाल, किशोर और तरुण वर्ग के छात्रों ने विज्ञान, वैदिक गणित और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्न मंच, पत्र प्रस्तुतीकरण, प्रयोग, प्रदर्शनी, कथा-कथन, आशु भाषण और मूर्ति कला जैसी प्रतियोगिताओं ने बच्चों की प्रतिभा को निखारा। विद्या भारती के संरक्षण में जिले के विभिन्न विद्यालयों से कुल 192 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। निर्णायक मंडल में जिला प्रचारक रवि प्रकाश, संस्थापक सदस्य ललराम चौधरी, पूर्व प्रधानाचार्य राजकुमार तिवारी, वारिस चिल्ड्रन एकेडमी के प्रबंधक विजय आनंद बाजपेई, टीआरसी लॉ कॉलेज के प्रबंधक सुजीत चतुर्वेदी, विद्या मन्दिर रामनगर अयोध्या के प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद तिवारी, फतेहपुर के प्रधानाचार्य वीरेंद्र वर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य मुनीश, विद्यालय सदस्य पवन कुमार जैन, पूर्व आचार्य रामचंद्र, प्रेमचंद, चंद्रराम तथा अशोक ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन कर श्रेष्ठ प्रतिभागियों को चयनित किया। जो आगे की प्रतियोगिताओं में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने विजेताओं को बधाई देते हुए सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों की क्षमताओं को नई दिशा देती हैं।


मॉडलों का अवलोकन करता निर्णायक मंडल। • अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### भैंस चोरी, सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर,अमृत विचार :** थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के बेलगवां गांव निवासी शमीम अहमद की दो भैंसें करीब दो माह पहले चोरी हो गईं। पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की। नाराज अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने एसपी अंकुर अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने पहुंचे संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार शिशिर पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, संयोजक राजेश शुक्ला, मंडल मीडिया प्रभारी शमीम अहमद व जिलाध्यक्ष गोविंद मिश्रा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### छात्रों ने रोपे पौधे

**रामपुर मथुरा,अमृत विचार :** विकास खंड रामपुर मथुरा क्षेत्र के तुलसीपुर बंजर कंपोजिट विद्यालय में इको क्लब के तहत छात्रों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि वृक्ष मिट्टी का कटाव रोकते हैं, बाढ़ से बचाते हैं और समय पर वर्षा आकर्षित करते हैं। साथ ही, वे मानव जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर हरियाली बचाने का संकल्प लिया।

### प्रसव से दोनों स्वस्थ

**लहरपुर,अमृत विचार :** बिगड़ी अवस्था में गर्भवती को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां महिला का सामान्य प्रसव हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ है। कस्बे के बनकट छावनी निवासी नंदिनी पत्नी रोहित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के लिए गंभीर स्थिति में भर्ती कराया गया। सर्जन डॉ. गोविंद गुप्ता के मुताबिक, बच्चे की हालत पेट में अच्छी नहीं थी। लेकिन तीन घंटे तक चली मशक्कत के बाद सामान्य प्रसव हुआ। जच्चा- बच्चा दोनों कुशल हैं। डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि डॉ. गोविंद गुप्ता व डॉ. विनय भदौरिया की टीम द्वारा चार मेजर सिजेरियन ऑपरेशन कर प्रसव कराए गए हैं।

### ग्रामीणों ने रास्ते की मांग

**कमलापुर, सीतापुर :** कसमंडा विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बलोइया लालपुर के ग्रामीण लंबे समय से रास्ते की समस्या से जूझते रहे हैं। खराब रास्तों के कारण बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण कपिल यादव, राहुल यादव, पंकज यादव, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार और कौशल यादव ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे कई बार सिधौली एसडीएम और जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को ज्ञापन दे चुके हैं। डीएम ने जल निगम के जूनियर इंजीनियर को कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए थे, लेकिन अब तक कोई सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ।

### छात्रों की पिटाई,जांच

**लहरपुर, सीतापुर :** तालगांव कोतवाली क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित जनता इंटर कॉलेज में शिक्षक द्वारा छात्रों की पिटाई का मामला सामने आया है। इंटर के छात्र राजसिंह ने बताया कि 13 सितंबर को सुबह मात्र कुछ मिनट की देरी से पहुंचने पर शिक्षक राजकुमार वर्मा ने उसे और अन्य छात्रों को डंडे से पीटा। छात्र ने घर जाकर मां को जानकारी दी। इस पर मां सुनीता सिंह स्कूल पहुंचीं और कड़ी सजा न देने की बात कही। आरोप है कि शिक्षक ने उनके साथ अभद्रता और गाली-गलौज की। पीड़ितों ने कोतवाली में शिकायत दी है। प्रभारी निरीक्षक दीपक राय ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है, जिसके बाद कार्रवाई होगी।

### मारपीट में एक गंभीर

**लहरपुर,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की भदफर चौकी अंतर्गत ग्राम शेखनापुर चौराहे पर दबंगों ने एक बुजुर्ग के साथ मारपीट की, बचाने आए भतीजे के साथ मारपीट किये जाने का आरोप है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के पशुरा बेलवा निवासी जियाउद्दीन पुत्र नईमुद्दीन निवासी कि गांव में बच्चों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि वे शेखनापुर चौराहे पर पहुंचे, इसी दौरान विपक्षियों ने घेर लिया। मारपीट की। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### ब्लैकमेल का आरोप

**सीतापुर,अमृत विचार :** लखीमपुर खीरी की एक महिला ने महोली कोतवाली क्षेत्र के एक युवक पर शारीरिक शोषण और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की है। महिला के अनुसार, युवक से उसकी दोस्ती सोशल मीडिया पर हुई थी। मुलाकात के दौरान युवक ने शारीरिक संबंध बनाकर गुप्त रूप से वीडियो बना लिया और फिर 40 हजार रुपये वसूल लिए। जब महिला ने रुपये वापस मांगे, तो वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। पुलिस ने सिर्फ हाथापाई और मोबाइल टूटने का मामला दर्ज किया, जिससे नाराज होकर महिला एसपी से मिली। उधर, आरोपी की मां का कहना है कि उसका बेटा नाबालिग है और महिला ही उसे ब्लैकमेल कर रही थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# रोड़े मिटें तो अयोध्या की राह हो आसान

## रामपुर मथुरा- बाराबंकी मार्ग का है मामला,30 किमी सड़क वर्षों से है खस्ताहाल, 20 से अधिक हो चुके हैं बड़े हादसे

बिगड़ी स्थितियां

संवाददाता, रामपुर मथुरा



रामपुर मथुरा- बाराबंकी जाने वाला मुख्य मार्ग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिस तरह से फर्राटा भरते हुए वाहन वाया रेउसा होते बहराइच और आसाम तक चले जाते हैं, कुछ इसी तरह से तस्वीर अयोध्या धाम तक पहुंचने की हो सकती है, लेकिन थानगांव वाया रामपुर मथुरा गोडा देवरिया मार्ग पिछले 20 वर्षों से खस्ताहाल है और सिंगल है।

दरअसल थानगांव से होकर गोडा देवरिया वाया रामपुर मथुरा से अयोध्या धाम जाने के लिए 30 किमी का जोखिम भरा सफर तय करना पड़ता है। ये रास्ता पिछले 20 वर्षो से सिंगल और खस्ताहाल है। ग्रामीण अवधेश सिंह और संतोष कुमार बताते हैं कि रामपुर मथुरा-गोडा देवरिया मार्ग अगर दुरुस्त हो जाए तो कावरियों को इतनी समस्या का सामना न करना पड़े। बताते हैं कि दूर-दराज से आने वाले कांवरिये और श्रद्धालु इसी मार्ग से होकर जाते हैं। करुणा अवस्थी और विकास गुप्ता का कहना है कि मार्ग खराब होने के कारण 15 किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। पुष्पेंद्र जैन का कहना है कि पिछले बीस वर्षों में 20 से अधिक बड़े सड़क हादसे हो चुकी हैं, जिसमें कई की जान गई है।

**इन स्थानों पर जाने के लिए चुनते हैं खस्ताहाल मार्ग :** तीर्थ नगर अयोध्या के अलावा, महादेवा, देवां शरीफ और श्रावास्ती जनपद के जेतवन मठ जाने के लिए श्रद्धालु इसी मार्ग को चुनते हैं। लेकिन सिंगल रोड होने और गड्ढों के कारण कई बार वाहन खराब भी हो जाते हैं।

**मार्ग चौड़ीकरण हो तो बने बात :** रामपुर मथुरा से गोंडा देवरिया बार्डर तक व रामपुर मथुरा से थानगांव तक मार्ग चौड़ीकरण की मांग उठती रही है। कई बार तो इसको लेकर लोग मुख्यालय तक दौड़ लगा चुके हैं। डॉ. ओपी वर्मा, डॉ. सुशील कुमार शुक्ला और डॉ. शकील का कहना है कि मार्ग चौड़ा न होने से आवागमन में बाधा होती रही है।

> अभी तक कोई शिकायती पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। फिर भी जानकारी करते हुए विभाग को बताया जाएगा, निश्चित तौर पर आमजन को राहत देने में शासन और प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है।
> नीतीश कुमार सिंह, एडीएम।

**किसानों के लिए आवागमन बना बाधा :** बीडीसी इमरान, प्रधान अमित कुमार, रवि कुमार, पुत्तन दीक्षित का कहना है कि किसान अपने अपने गांव से गन्ना, गेहू और धान लेकर आते-जाते हैं, ऐसे में खाद्यान्न लदे वाहनों को ले जाना किसी बड़ी समस्या से कम नहीं है। मार्ग को दुरुस्त किया जाना आवश्यक है।

## रघुनाथपुर में बाघ की धमक, दहाड़ और पदचिन्ह बने डर की वजह

बढ़ी दहशत

- महोली इलाके के रघुनाथपुर में बाघ के मिले पगचिन्ह
- अधिकारियों ने की पुष्टि, ग्रामीणों को किया सतर्क, कांबिंग जारी

संवाददाता नेरी, सीतापुर



गांव के बाहर बाघ को पकड़ने के लिए लगा पिंजरा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** महोली इलाके में रघुनाथपुर गांव वालों ने बाघ की दहाड़ सुनने का दावा किया। गांव के बाहर मिले पगचिन्ह के आधार पर वन विभाग ने बाघ की पुष्टि की। ऐसे में ग्रामीणों में दहशत है। दरअसल कुछ लोग घर से निकलकर खेतों की ओर जा रहे थे, इसी दौरान उन्हें बाघ की दहाड़ की आवाज सुनाई पड़ी। ग्रामीणों के शोरगुल करने पर बाघ पीतमपुर ग्रंट से रघुनाथपुर होते हुए बसारा की ओर बढ़ गया। वन रेंजर केएन भार्गव ने बताया कि गांव के बाहर मिले पगचिन्ह के आधार पर बाघ की पुष्टि हुई है। ड्रोन से लोकेशन ट्रेस की जा रही है, लेकिन अभी कैमरे में कैद नहीं हो सका है।

## अनुप्रिया पटेल ने वरिष्ठ नेता के निधन पर परिवार से मिलकर जताया शोक

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



पारिवारिक सदस्य से मिलकर सांत्वना देतीं अनुप्रिया पटेल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अपना दल (एस) के वरिष्ठ नेता प्यारेलाल पटेल के निधन पर केंद्रीय मंत्री और पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने परिवार से मिलकर शोक व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बता दें कि बीते दिनों अपना दल के वरिष्ठ नेता प्यारेलाल पटेल का बीमारी के चलते निधन हो गया था। सूचना पाकर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल उनके आवास पहुंचीं और परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्यारेलाल पटेल पार्टी संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल के बेहद करीबी थे। डॉ. सोनेलाल पटेल ने जिस संघर्ष की नींव रखी थी, उसमें प्यारेलाल पटेल जैसे नेताओं का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है। कहा कि दुख की घड़ी में परिवार के साथ पूरा संगठन है। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और समर्थक मौजूद थे।

## दो पक्षों में चले लाठी-डण्डे

**बिसवां,अमृत विचार :** बिसवां कोतवाली क्षेत्र के सरैया मिर्जापुर निवासी आमोद यादव व हिंदू शेर सेना के विस अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई और लाठी-डंडे भी चले। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। घटना की जानकारी मिलते ही राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ बिसवां कोतवाली पहुंचे और दूसरे पक्ष पर नशे के कारोबार में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि दो पक्षों में आपस में विवाद हुआ है। एक पक्ष से तहरीर प्राप्त हुई है, घायल का मेडिकल कराकर अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है।

## चिकित्सीय परीक्षण के साथ मिली राहत किट

सार्थक प्रयास

- नगर क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय हुसैनगंज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

संवाददाता सीतापुर




शिविर के दौरान उपस्थित चिकित्सीय टीम और संस्थान के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय हुसैनगंज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। आयोजित शिविर में निशुल्क जांच के साथ राहत किट भी उपलब्ध कराई गई। चिकित्सा शिविर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सदर के तत्वाधान में शिवाक्षि आश्रय संस्थान द्वारा आयोजित किया गया। प्राथमिक विद्यालय हुसैनगंज में आयोजित शिविर में विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा लक्ष्मी, एलिना, सोनम, आरजू, उमा, नैना सहित लगभग 250 छात्राओं की जांच की गई। चिकित्सक डॉ. शानू कुमार वर्मा की टीम ने चिकित्सीय परीक्षण के साथ स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां भी साझा कीं। शिवाश्रि आश्रय संस्थान की संचालिका डॉ. आरती श्रीवास्तव ने राहत किट देते हुए अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. शानू कुमार वर्मा, फार्मासिसिट सुनील कुमार, स्टाफ नर्स पूनम देवी, एल टी लालिमा वर्मा, वीरेंद्र कुमार, शर्मा देवी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**संवाददाता, कमलापुर, अमृत विचार:** कमलापुर थानाक्षेत्र के ग्राम भौली में पंखे में करंट उतरने से महिला की मौत हो गई। बताते हैं कि सुबह लगभग 7:00 बजे मीना देवी (45) पत्नी रामपाल अपने घर में थी। बताते हैं कि महिला पंखे को बंद कर रही थीं। इसी समय करंट लग गया, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिसको परिवार वालों ने एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमंडा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## युवा आगे आएं तभी बदलेंगे हालात

संवाददाता मानपुर



सूहेपारा गांव में बैठक करते ग्रामीण

**अमृत विचार:** जरूरतमंदों की समस्या के निदान के लिए युवा आगे आए हैं। मानपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिरैचा में पर्यावरण प्रेमी आकाश गुप्ता ने ग्राम सूरेपारा में जनता दरबार लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समाधान के रास्ते बताए। उन्होंने कहा कि पुराने ढर्रे को छोड़कर युवा आगे बढ़ें तभी हालात बदलेंगे। कहा कि हर रविवार अलग-अलग गांव में ऐसा शिविर आयोजित किया जाएगा ताकि ग्रामीण सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें और उनकी समस्याएं शासन-प्रशासन तक पहुंच सकें। जगदेई ने वृद्धा पेंशन नहीं मिलने की शिकायत की, विद्यार्थी संदीप ने जन्म प्रमाणपत्र में देरी की बात कही, वहीं पूनम देवी ने राशन कार्ड यूनिट में समस्या उठाई। इस दौरान पूर्व प्रधान रामचंद्र और पंचायत सदस्य पुरुषोत्तम भी जनता दरबार में मौजूद रहे।

### तुलसी से होती है प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत

**कमलापुर, अमृत विचार :** पार्वती विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल कसमंडा में इको क्लब द्वारा छात्र-छात्राओं को तुलसी के पौधे दिए गए। इस दौरान जागरूकता का संदेश भी साझा किया गया। प्रेमी सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि तुलसी औषधि पौधा है। इससे प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है और शरीर को रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। तुलसी की कृषि से मिट्टी की उर्वरता और जैव विविधता बढ़ती है तुलसी एक बहुमुखी पौधा है। छात्रों को घरों में तुलसी का पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अमरेंद्र प्रताप सिंह, विनयपाल सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, रवि प्रकाश सिंह, अंकित सिंह, नंदराम एवं इको क्लब से वर्षा आफरीन, रेशमा, पराग आदि उपस्थित थे।

### आंबेडकर की टी-शर्ट पहनने पर छात्र की पिटाई

**सीतापुर,अमृत विचार :** हरगांव थाना क्षेत्र के खमौना गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में अनुसूचित जाति के छात्र की पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि कक्षा 8 के छात्र ने ड्रेस के अंदर आंबेडकर की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहन रखी थी। इसे देखकर शिक्षिका ने जातिसूचक टिप्पणी की, टी-शर्ट फाड़ दी और छात्र को पीटा। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने शिकायत के बाद मुकदमा दर्ज करने में हीलाहवाली की। ऐसे में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर पार्क में धरना देकर शिक्षिका की गिरफ्तारी की मांग की।

### मेडिकल स्टोर में झोलाछाप कर रहे शोषण

**संदना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नजदीक सिधौली- मिश्रिख मार्ग पर अवैध रूप में मेडिकल स्टोर का संचालन किया जा रहा है। बताते हैं कि मेडिकल स्टोर की आंड में झोलाछाप मरीजों का शोषण कर रहे हैं। बीते दिन इसी को लेकर एक परिवार ने खासा हंगामा भी किया। सुनील, विकास, रमेश, सुरजन, प्रमोद आदि ने अवैध रूप से हो रहे संचालन पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### छुट्टा मवेशी बन रहे समस्या, की शिकायत

**मछरेहटा।** मछरेहटा ब्लाक मुख्यालय का गेट छुट्टा गोवंश का विश्राम स्थल बन चुका है। ब्लाक की बाउंड्री के पास बने नाले में कई बार तो गोवंश कई बार गिर भी चुकें हैं। साथ ही इनके हमले से राहगीर चोटिल हो चुके हैं। बढ़ती समस्या से संबंधित समस्या लोगों ने खण्ड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र के रूप में रूप में दी है। छुट्टा मवेशियों को अविलंब गौआश्रय स्थलों में भिजवानें की मांग की है।

## पूर्वजों को नमन, समाज को समरसता का संदेश



तर्पण के दौरान मौजूद लोग।

**सीतापुर, अमृत विचारः** पितृपक्ष के अवसर पर रविवार को शहर के ताड़कनाथ मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद की ओर से सामूहिक तर्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें कुल 58 परिवारों ने भाग लिया और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अपने पुरखों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विभाग मंत्री उत्तम सिंह ने कहा कि तर्पण केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि पूर्वजों के प्रति आभार जताने का माध्यम है। प्रांत समरसता प्रमुख धर्मेंद्र ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं और भाईचारे की राह दिखाते हैं। कार्याध्यक्ष प्रमोद सिंह, जिला संगठन मंत्री अरविंद, जिला मंत्री आशीष मिश्रा, नगर अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा समेत पदाधिकारी और श्रद्धालु मौजूद रहे।

### नाम नही हैं तो मतदाता सूची में बढ़वाएं : झीन बाबू

**सेउता, सीतापुर, अमृत विचार :** बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक सुपौली में पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू के आवास पर हुई। बता दें कि चुनाव आयोग द्वारा विभिन्न पार्टियों से बूथ स्तर पर नियुक्त के लिए नाम मांगे हैं। इसी को लेकर सपा द्वारा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ। पूर्व विधायक ने कहा कि बहुत से नाम मतदाता सूची में नहीं है, इसे साक्ष्यों सहित प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। बैठक में श्रवण कुमार, रामकुमार, महाराजदीन यादव, अनूप कुमार, इलियास, अकरम, भूपेंद्र सिंह, सोनू सिंह, श्यामजी शुक्ला, मन्नेलाल पाल, शाकिब खान, मनोज भार्गव, केशकली भार्गव सहित बड़ी संख्या में बूथ स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिविर में 118 मरीजों को मिली राहत की डोज

संवाददाता,बिसवां



फीता काटकर शिविर की शुरुआत करतीं एसडीएम बिसवां। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जेसीआई सप्ताह के तहत तहसील परिसर में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों से आए 118 लोगों की जांच की गई। शिविर का शुभारंभ उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने फीता काट कर किया। उन्होंने स्वयं अपनी आंखों की जांच कराई। कार्यक्रम का संचालन शकुंतला आई क्लीनिक के डॉ. लव मिश्रा ने किया। संस्था के अध्यक्ष अंकित बंसल व सचिव आयुष नाथ सिंह ने बताया कि जेसीआई स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित है। शिविर में तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी लॉयर्स एसोसिएशन बिसवां के अध्यक्ष कमलेन्द्र बाजपेई, डॉ. सुरभि मिश्रा, हिमांशु नाथ सिंह, अरुण नाथ सिंह, नितिन मंगल, सौरभ बंसल, प्रभात गोयल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### चेक बाउंस में फरार आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर,अमृत विचार :** पंजाब पुलिस ने चेक बाउंस मामले में फरार चल रहे आरोपी को पिसावां थाना क्षेत्र के रमुआपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राकेश सिंह ने पंजाब के एक व्यक्ति को पांच लाख रुपये का चेक दिया था, लेकिन खाते में रकम न होने के कारण चेक बाउंस हो गया। अदालत की ओर से नोटिस के बावजूद पेश न होने पर उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। वारंट के आधार पर फरीदकोट थाना कोटपुर की पुलिस टीम रविवार सुबह पिसावां पहुंची और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में आरोपी को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पंजाब पुलिस आरोपी को संबंधित अदालत में पेश करेगी।

## विदेश में नौकरी का झांसा देकर 1.75 लाख रुपये ठगे

संवाददाता, सीतापुर

- सऊदी अरब भेजने के नाम पर दो लोगों पर ठगी का आरोप
- सिधौली पुलिस ने आरोपों के आधार पर शुरू की जांच पड़ताल

**अमृत विचार :** सऊदी अरब में नौकरी दिलाने के नाम पर सिधौली कोतवाली क्षेत्र के दो लोगों के साथ ठगी हुई। पीड़ित पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू की है। अजीज और उनके बेटे रिजवान के मुताबिक, बाराबंकी के बडडूपुर थाना क्षेत्र के दो एजेंटों द्वारा बीमा और परमिट के नाम पर 1.75 लाख रुपये ले लिये गए।

आरोप है कि एजेंटों ने रिजवान को 15 सौ रुपये मासिक वेतन और भोजन देने का आश्वासन दिया था, लेकिन दिल्ली पहुंचने पर एग्रीमेंट में 14 सौ रुपये वेतन और भोजन लिखा मिला। धोखाधड़ी का शक होने पर रिजवान लौट आया।

पीड़ित का कहना है कि एजेंटों ने पासपोर्ट और दस्तावेज भी रोक लिए हैं। अजीज ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। कोतवाल बलवंत शाही ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### धरना प्रदर्शन : लेनदेन तो कहीं दुष्कर्म के आरोप

**सीतापुर,अमृत विचार:** धरना स्थल पर प्रजाशक्ति पार्टी समदर्शी व राष्ट्रीय जनशक्ति समाज पार्टी ने पीड़ित परिवारों के साथ धरना-प्रदर्शन किया। इलाका पुलिस पर लापरवाही किये जाने का आरोप भी लगाया। प्रजाशक्ति पार्टी के नेतृत्व में थाना पिसावां की कुतुबनगर चौकी क्षेत्र के विशुननाथपुर गांव वासी हिमांशु का कहना है कि वो घूमने गया था, आरोप है कि इसी के बाद पुलिस ने उसका उत्पीड़न किया। किसी तरह से वो छूटा तो उसने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की। ऐसे में इलाका पुलिस उसे और उसके परिवार को परेशान कर रही है। उधर, मिश्रिख इलाके के एक पीड़ित परिवार ने आरोप लगाते हुए कहा है कि महिला के साथ हुए दुष्कर्म के बावजूद रपट नहीं लिखी जा रही।

मनमानी — जिले के 66 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार को हुआ जन आरोग्य मेला

## चिकित्सक नदारद, कैसे बनें 'आरोग्य'

- लहरपुर व मछरेहटा में डॉक्टरों की कमी से मरीजों को मिली सीमित सेवाएं

संवाददाता,सीतापुर



मछरेहटा में शिविर को लेकर निर्देश देते चिकित्सक। अमृत विचार



लहरपुर स्वास्थ्य केंद्र में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार टीम :** जिले के 66 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों को जांच और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। हालांकि विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी के कारण कई केंद्रों में मरीजों का इलाज केवल औपचारिकता तक सीमित रहा। मेले में आम बीमारियों, वायरल फीवर, खांसी-जुकाम और त्वचा रोग के मरीज अधिक संख्या में पहुंचे।

**लहरपुर में चिकित्सक की कमी से मरीजों को हुई परेशानी**

लहरपुर। क्षेत्र के पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार को मेले का आयोजन हुआ। अकबरपुर में डॉ. अख्तर हुसैन ने 66, अकैचनपुर फरीदपुर में डॉ. प्रज्ञा शरण आनंद ने 63, बिलरिया में डॉ. आदित्य ने 72, ढखेरा में डॉ. तलत जहाँ ने 59 मरीजों का इलाज किया। खैरुल्लापुर में आयुष डॉक्टर न होने के कारण फार्मासिस्ट अशोक ने 77 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी।

**डिप्टी सीएमओ ने जाना पीएचसी का हाल :** ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिठौरा का डिप्टी सीएमओ डॉ. विकास मिश्रा ने निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों की जानकारी ली और स्वास्थ्य कर्मियों को दिशा-निर्देश दिए। मौके पर डॉ. ओपी चौरसिया, फार्मासिस्ट राकेश मिश्र, एलटी आशीष कुमार, स्टाफ नर्स पूनम पाल व प्रीती, वार्ड ब्वाय अंकित मौजूद रहे। झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ सघन अभियान चलाने की भी जानकारी दी गई।

### धूम-धाम से मना रुक्मिणी-कृष्ण विवाह

**नैमिषारण्य,अमृत विचार :** नैमिष तीर्थ स्थित श्री गायत्री पीठ में हरे राम हरे कृष्णा सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान रुक्मणी विवाह का मंगल उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा व्यास पूज्य संजय कृष्ण शास्त्री ने प्रवचन में कहा कि संसार के संबंध मिथ्या हैं, जबकि जीव का अटूट संबंध केवल परमात्मा से है। उन्होंने भगवान की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे भगवान ने अपने माता पिता देवकी वसुदेव एवं राजा उग्रसेन को जेल से मुक्त कराया और कंस का उद्धार किया। कथा के प्रारंभ में प्रबंधक अमरनाथ शास्त्री ने व्यास और श्रीमद् भागवत का पूजन किया। भागवत आरती में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव,अंकित श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## लहरपुर नपा अध्यक्ष ने किया लोकार्पण



मार्ग का लोकार्पण करते नगर पालिका अध्यक्ष। अमृत विचार

**लहरपुर,अमृत विचार :** पालिका परिषद अध्यक्ष ने नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण किया। बता दें कि 15 अगस्त को 13 लाख 39 हजार रुपए की लागत से मोहल्ला गन्नीटोला में मुख्य मार्ग का निर्माण राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत किया गया। इसी का लोकार्पण पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने किया। पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने कहा कि नगर के चौमुखी विकास के लिए वह कृत संकल्प हैं और नगर क्षेत्र के प्रमुख मार्गों का निर्माण प्रस्तावित है। जिनका निर्माण शीघ्र ही प्रारंभ करा दिया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से सभासद मनीष शुक्ला, हसीन अंसारी, उस्मान खान, सुशील कुमार, नबी अहमद, शानू अंसारी, शोएब, समीर राईन, कबीर खान, रघुवंश अवस्थी सहित बड़ी संख्या में कस्बा वासी मौजूद थे।

**न्यूज ब्रीफ**

### कथा सुन भावविभोर हुए श्रोता

**रायबरेली :** शहर के प्रगतपुरम कॉलोनी के शिव पार्क में आज सातवें दिन भी पितृ मोक्ष के जनकल्याण के भाव से संगीत मय श्री राम कथा का आयोजन किया गया। इस दौरान कथावाचक द्विवेदी कृष्ण कुमार शास्त्री ने बड़े ही सुंदर ढंग से राजा दशरथ के पुत्र मोह को बताया कि विश्वामित्र जी के आगमन के साथ राजा दशरथ के पुत्र मोह को भंग किया और विश्वामित्र को राम और लक्ष्मण सौंप दिए। रास्ते में अहिल्या उद्धार की कथा धनुष भंजन की कथा व शिव धनुष टूटने की कथा बड़े ही मार्मिक और सुंदर ढंग से सुनाई। जिसे सुनकर उपस्थित जन समुदाय भाव विभोर हो गया। विश्व सनातन सेना के प्रदेश प्रभारी संजया नंद महराज का इस कथा में विशेष सहयोग था।

### लकड़ी से लदा पिकअप बरामद

**महराजगंज, रायबरेली :** चंदापुर पुलिस ने रविवार को प्रतिबंधित आम की लकड़ी से लदी एक पिकअप को नहर के नजदीक पकड़ लिया है। पिकअप का चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने वन माफिया लकड़ी ठेकेदार राजेंद्र पुत्र रामफेर के खिलाफ पूरे चोप सिंह गांव के ही प्रदीप कुमार सिंह की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

### छह पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली :** कस्बा मौरावां निवासी एक नवविवाहिता ने खीरों क्षेत्र के गांव हरीपुर मिर्दहा निवासी अपने ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर घर से भगा देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर छह नामजद ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्नाव जिले के कस्बा मौरावां निवासी आशियाबानो पुत्री रमजान अली ने आरोप लगाया है कि मेरी शादी विगत लगभग ढाई माह पूर्व 25 जून 2025 को खीरों क्षेत्र के गांव हरीपुर मिर्दहा निवासी फत्तेमोहम्मद पुत्र पुत्तू शाह के साथ हुई थी। मेरे ससुरालीजन शादी में मिले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मेरे पति फत्ते मोहम्मद, ससुर पुत्तूशाह, सास नजीरूननिशा, जेठ रमजान उर्फ अजमेर, कामरान, फतेहपुर जनपद निवासी बहनोई नदीम पुत्र नफीस आदि मुझे आए दिन गाली देते हुए मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। सभी ससुरालीजनों ने मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर घर से भगा दिया है। जिससे मैं अपने माता पिता के घर कस्बा मौरावां आ गई हूं। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### दामाद बताकर ठगे बीस हजार रुपये

**लालगंज, रायबरेली :** अब साइबर क्राइम करने वालो ने रिश्तेदारी जताकर भी ठगने का काम शुरू कर दिया है। ताजा घटना लालगंज नगर के महेश खेड़ा निवासी इंद्रेश विक्रम पुत्र ओम प्रकाश सिंह के साथ हुई है। इंद्रेश विक्रम ने लालगंज पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनके फोन पर अज्ञात नंबर से एक कॉल आई और कहा कि मैं तुम्हारी मौसी का दामाद बोल रहा हूं, अस्पताल में हूं। एक नंबर से 35000 रुपए भेज रहा हूं, बीस हज़ार रुपए दूसरे के खाता नंबर में भेज दो। थोड़ी ही देर में इंद्रेश विक्रम के मोबाइल में टेक्स्ट मैसेज के द्वारा 35000 रुपए आने की सूचना मिली तो उन्होंने तथाकथित मौसी का दामाद बताने वाले के कहने के अनुसार एक खाते में 20 हजार रुपए भेज दिए, इसके बाद उन्हें पता चला कि उनके खाता में कोई पैसा नहीं आया है।

## जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, नसीराबाद,

**रायबरेली।** रविवार दोपहर के समय परैया नमकसार से मोटर साइकिल से पूरे सोमवंशी मजरे लहेंगा निवासी जितेंद्र सिंह (41) खाद लेकर घर वापस जा रहे थे। परैया नमकसार गौशाल के पास रोड पर कार्य कर रही जेसीबी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे जितेंद्र सिंह घायल हो गये। घायल को एम्बुलेंस से सीएचसी नसीराबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रो कर बुराहाल है। थानाध्यक्ष बालेन्दु गौतम ने बताया कि केस दर्ज कर शव का पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल, महराजगंज, रायबरेली।** चंदापुर थाना क्षेत्र के खेरवा गांव के पास स्कूटी सवार युवक कुलदीप सोनी पुत्र गया शंकर सोनी निवासी ठेकरुवा थाना शिवरतन गंज जनपद अमेठी को शनिवार की शाम अज्ञात चारपहिया वाहन ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वहीं राहगीरों ने घायल युवक को सीएचसी महराजगंज पहुंचाया।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर वेतन रोकने का निर्देश

संवाददाता, रायबरेली

**कार्रवाई**

- डीएम ने की आईजीआरएस व सीएम हेल्पलाइन की विभागवार व बिन्दुवार गहन समीक्षा

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस व सीएम हेल्पलाइन की डीएम हर्षिता माथुर ने विभागवार एवं बिन्दुवार गहन समीक्षा की गई। समीक्षा में यह संज्ञान में आया कि जनपद के कुछ अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा बिना शिकायतकर्ता से सम्पर्क एवं स्थलीय निरीक्षण किए संदर्भों का अपूर्ण निस्तारण किया जा रहा है, जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में शिकायतकर्ता से सम्पर्क किए जाने का विवरण आईजीआरएस पोर्टल पर अवश्य फीड किए जाने हेतु शासन स्तर से समय-समय पर निर्देश दिए जाने के उपरान्त भी उक्त का अनुपालन नहीं किया जा रहा है, जो कि शासन की मंशा के विपरीत है। इसी कारण से जनपद में ऑनलाइन व सीएम हेल्पलाइन सन्दर्भों में शिकायतकर्ता से सम्पर्क स्थलीय निरीक्षण संतोषजनक कार्य नहीं किया गया, जिसका नकारात्मक प्रभाव जनपद की रैंकिंग पर पड़ रहा है। लापरवाही के चलते डीएम ने तीन दिन में स्पष्टीकरण देने व वेतन रोकने का निर्देश जारी किए हैं।

डीएम ने आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता सिंचाई व जल निगम (ग्रामीण), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बीडीओ सतांव और बीडीओ महराजगंज, सीडीपीओ छतोह, डीह व जगतपुर की कार्य प्रणाली भी संतोषजनक नहीं पाई गई। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ऊंचाहार व नसीराबाद, सीओ चकबंदी, एडीओ पंचायत हरचंदपुर व बछरावा का वेतन बाधित कर इस सन्दर्भ में तीन दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है कि आईजीआरएस प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने के लिए क्यों न निलंबन हेतु संस्तुति कर दी जाए। स्पष्टीकरण संतोषजनक न मिलने पर निलंबन हेतु संस्तुति की जाएगी। इसके साथ ही चकबंदी अधिकारी सदर और हरचंदपुर को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा में यह भी पाया गया कि विद्युत विभाग, राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही हैं, संबंधित को प्रत्येक आवेदक से संपर्क कर फील्ड इंस्पेक्शन करने के उपरांत ही निस्तारण के निर्देश दिए गए।

### सचिव को निलंबित किए जाने के दिए निर्देश

लालगंज ब्लॉक के पंचायत सचिव फूलचंद्र को दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता करने हेतु निलंबित किए जाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर जनसामान्य की समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता व उदासीनता अक्षम्य है, शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

# बिजली कटौती पर पॉवर हाउस का किया घेराव

## आक्रोशित उपभोक्ताओं ने सड़क पर बैठकर किया विरोध-प्रदर्शन, जेई को हटाने की मांग

महराजगंज (रायबरेली)



अघोषित बिजली कटौती को लेकर सड़क पर बैठे आक्रोशित विद्युत उपभोक्ता।

**अमृत विचार।** बिजली न आने से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार की देर रात पावर हाउस का घेराव कर पहले विरोध प्रदर्शन किया, फिर सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने बिजली विभाग मुरादाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने जेई को हटाने की मांग की है। मामले की जानकारी पर पहुंचे पुलिस कर्मियों के समझाने के बाद ग्रामीणों ने रोड से धरना हटाया।

विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अतरेहटा में चंदापुर फीडर के अंतर्गत बिजली सप्लाई होती है। ग्राम प्रधान नीरज व ग्रामीण वीरेंद्र ने बताया गांव में बीते 10 दिनों से बिजली की समस्या अत्यधिक उत्पन्न हो रही है। ऐसे में गर्मी से बच्चों को काफी परेशानी होती है और बिजली न आने से धान की सिंचाई में समस्या आ रही है। ऐसे में अधिकारियों से आश्वासन के अलावा कुछ भी प्राप्त नहीं होता और मौके पर जिम्मेदारों द्वारा फोन भी नहीं उठाया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की समस्या से वे अत्यधिक जूझ रहे हैं। मौके पर पहुंचे पुलिस बल व जिम्मेदार अधिकारियों के समझाने बुझाने पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन रोका। ग्राम प्रधान नीरज बीरेंद्र मौर्य, पवन साहू, पंकज साहू, पीयूष, राज, राम बारन मौर्य, शत्रोहन वर्मा, विकास वर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

### झाड़ियों से पटी माइनर, निजी नलकूपों से पानी खरीद रहे किसान



झाड़ियां से पटी सिंकन्दरपुर माइनर।।

**संवाददाता, जगतपुर (रायबरेली), अमृत विचार।** जगतपुर ब्लॉक क्षेत्र के धोबहा में सफाई न होने से माइनर झाड़ियों से पट गई है। जिसके कारण किसानों के धान की फसल में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। खेतों तक पानी न पहुंचने से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। गंगा नहर से धोबहा माइनर से जुड़ी सिंकन्दरपुर माइनर में पानी नहीं आ रहा है। किसानों ने कई बार अधिकारियों से इसकी शिकायत की, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से न सिर्फ समस्या बनी हुई है, बल्कि किसानों को मजबूर होकर निजी नलकूपों से किराये का पानी खरीदना पड़ रहा है। पूरे रघुवीर निवासी कृष्ण कुमार त्रिवेदी, इब्राहिमपुर पुर निवासी विनोद कुमार, तिवारीपुर निवासी अमन तिवारी, कमलेश, राजाराम, सतेन्द्र, पुष्पेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, छोटे लाल, दिनेश कुमार आदि किसानों ने बताया कि कभी कभार ही पानी माइनर में पानी आता है। पूरी माइनर झाड़ियों से पटी है। माइनर की सफाई नहीं होने से पानी नहीं आ रहा जिसके कारण निजी नलकूपों से फसलों की सिंचाई करनी पड़ रही है। कई बार अधिकारियों से पानी के लिए गुहार लगाई गई है लेकिन अभी तक माइनर में पानी नहीं पहुंचा। वही शिकायत के बाद भी कोई भी अधिकारी माइनर को देखने तक नहीं आता। केवल अधिकारी कागजों पर हेड से टेल तक पानी पहुंचा रहे हैं।

# हिस्ट्रीशीटर यूट्यूबर के विरुद्ध ऊंचाहार में केस दर्ज

ऊंचाहार, रायबरेली

- विधायक के गौशाला के शिलान्यास कार्यक्रम का किया था दुष्प्रचार

**अमृत विचार।** कोतवाली के एक हिस्ट्रीशीटर द्वारा यूट्यूब चैनल पर विधायक मनोज पांडेय द्वारा गौशाला के शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर भ्रष्टाचार करने की बात को प्रसारित किया गया। जिसमें बीजेपी कार्यकर्ता की तहरीर पर पुलिस ने उसके विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इसके विरुद्ध कोतवाली में अन्य कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

विगत दिनों रोहनिया विकास खंड के हनुमानगंज मंडी परिषद में बड़ी गौशाला का शिलान्यास कार्यक्रम हुआ था। जिसमें विधायक डॉ. मनोज पांडेय समेत पशुपालन और विकास विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के हमीदपुर बड़गांव निवासी संजय तिवारी ने यूट्यूब पर एक खबर प्रसारित की थी, जिसमें इसने अपनी आवाज में कहा था कि प्रस्तावित गौशाला के धन का बंदरबांट होगा। इस बात को लेकर क्षेत्र के खुर्रमपुर निवासी अनिल पांडेय ने एक तहरीर दी। उनका कहना है कि एक हिस्ट्रीशीटर द्वारा यूट्यूब प्लेटफार्म पर दुष्प्रचार किया जा रहा है, जिससे सामाजिक विद्वेष फैल रहा है। अनिल पांडेय ने खुद को भाजपा कार्यकर्ता बताते हुए यह शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मामले की प्राथमिकी दर्ज की है। यहां पर उल्लेखनीय है कि आरोपित संजय तिवारी के विरुद्ध ऊंचाहार कोतवाली में विगत करीब तीन साल पहले हिस्ट्रीशीट खोली गई थी। अब इस मुकदमे के बाद इनकी हिस्ट्रीशीट पुनः सक्रिय हो गई है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता की शिकायत पर यूट्यूबर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया व मामले की जांच जारी है।

### सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं आहत करने पर दर्ज की गई एफआईआर

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बा खीरों निवासी एक युवक को फेसबुक, व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर जानबूझकर दुर्भावनापूर्ण तरीके से धार्मिक देवी देवताओं के विरुद्ध पोस्ट डालकर धार्मिक भावनाओं को भड़काना महंगा पड़ गया। ग्रामीणों के आक्रोशित होने और शिकायत करने पर खीरों पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच और कार्यवाही शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि कस्बा खीरों निवासी मृत्युंजय सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह ने विगत कई दिनों में कई बार फेसबुक, व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर जानबूझकर दुर्भावनापूर्ण तरीके से देवी देवताओं के विरुद्ध पोस्ट डालकर धार्मिक भावनाओं को भड़का रहा है। जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। कुछ लोगों द्वारा विरोध करने पर आरोपी मृत्युंजय सिंह ने सोशल मीडिया पर ही अपशब्दों का प्रयोग किया। जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त हो गया। कुछ लोगों द्वारा फोन पर शिकायत कर आक्रोश व्यक्त किया गया। जिससे उक्त पोस्ट को संज्ञान में लेकर आरोपी मृत्युंजय सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### लेखपाल ने तीन लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा

**लालगंज, रायबरेली।** तहसील के बहाई ग्राम पंचायत में लेखपाल के पद पर तैनात दीपक यादव ने कोतवाली में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि लेखपाल की तहरीर के आधार पर पूरे जमा मजरे बहाई गांव के राजबहादुर पुत्र बैजनाथ यादव और सुजीत कुमार व अजीत कुमार पुत्रगण फतेह बहादुर यादव के खिलाफ ग्राम सभा की भूमि पर टीनशेड रखकर अवैध कब्जा करने के बाबत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। लेखपाल दीपक यादव ने बताया कि उपरोक्त लोगों ने बहुत दिन से ग्राम सभा की जमीन पर कब्जा कर रखा था जिसे सात अगस्त को हटवाया गया था, लेकिन एक बार फिर से तीनों लोगों ने कब्जा कर लिया था जिससे कब्जा करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### चार लोगों पर दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने अपनी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान और दो अन्य सहित तीन लोगों के सहयोग से गांव के एक युवक पर जबरन दुष्कर्म करने की तहरीर दी है। तहरीर में किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद पिंटू सिंह पुत्र कमल किशोर सिंह, रामबरन साहू पुत्र स्व. लल्लू साहू, रामशरण पुत्र लाला, रमेश पुत्र स्व. महादेव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विधिक कार्यवाही और घटना की जांच की जा रही है।

### सर्पदंश से बच्ची समेत तीन लोग अस्पताल में भर्ती

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** शिवगढ़ क्षेत्र में सर्पदंश के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवगढ़, सर्पदंश के तीन मामले पहुंचे, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा था। सुन्दारा पत्नी रामविलास (30) निवासी लायक का पुरवा मजरे लाही जिन्हें रास्ते में सांप ने काट लिया। दूसरी घटना ललिता पत्नी राजबहादुर (33) निवासिनी बैंती मवेशियों को चारा देने गई थी। तभी जहरीले सांप ने काट लिया। वहीं जान्हवी पुत्री रामू निवासिनी तिघरा नारायनपुर को जहरीले सर्प ने डस लिया। शिवगढ़ सीएचसी अधीक्षक प्रेम शरण ने बताया कि सर्पदंश के तीन मामले अस्पताल आए हैं, जिनका इलाज चल रहा है।

# हिंदी भाषी काव्य पाठ से श्रोता मंत्रमुग्ध

संवाददाता, महराजगंज (रायबरेली)





ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हिंदी दिवस के मौके पर काव्य कलश मंच परिवार द्वारा आयोजित छठे वार्षिकोत्सव पर सम्मान समारोह व काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रभात साहू रहे। हिंदी काव्य कलश मंच द्वारा आज ब्लॉक सभागार में छठा वार्षिकोत्सव मनाया गया।

काव्य कलश मंच के कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक शिवबरन सिंह, दंत चिकित्सक सुरेश कुमार, सेवा निवृत्त शिक्षक राम प्रकाश त्रिवेदी, साहित्यकार आदित्य मौर्य, कुमार मयंक व पत्रकारों आनंद सिंह सहित आधा दर्जन लोगों को विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह व कोतवाल जगदीश यादव ने सम्मानित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि खलील रायबरेलवी ने की। काव्य पाठ के दौरान कवि अमरपाल "अमर", कुमार मयंक, श्रद्धा पाण्डेय, आदित्या मिश्रा, जयकिशन "तनहा", राम अवध उमराव, प्रदीप चौरसिया, प्रवीण त्रिपाठी, कृष्णा द्विवेदी, एसडी

**काव्यगोष्ठी का आयोजन**

कांत सूरज, प्रेम जी पथिक, आदित्य मौर्य, गौरव सिंह आदि कवियों ने हिंदी भाषी काव्य पाठ से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर श्रीकान्त सिंह प्रधान सोथी, राम मिलन निर्मल, बाबूलाल यादव, लेखपाल अनिल चौधरी, अम्बेडकर इंटर कालेज के प्रधानाध्यापक सुकृत कनौजिया, राम कुमार सिंह, सुशील चंद्र पाण्डेय, राकेश मिश्रा, ऋषि श्रीवास्तव रहे।

**हिंदी दिवस पर गोष्ठी आयोजित, लालगंज, रायबरेली।** आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वाधान में हिंदी दिवस पर गोष्ठी एवं परिचर्चा आयोजित की गई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला और प्रदेश महासचिव देवेश अग्निहोत्री ने कहा कि यह दिन हमें न सिर्फ हिंदी भाषा के महत्व को समझाता है, बल्कि इसकी जड़ों से जुड़ने का मौका भी देता है। यह एक ऐसी भाषा है, जिसने पूरे देश को एक-साथ जोड़कर रखा है। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह, अशोक कुमार शुक्ला, अनंत विजय सिंह, मोहम्मद याकूब, अतुल त्रिपाठी, शीतला गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, विजय सिंह, संजय सिंह, मृदुलेश त्रिपाठी, अवनीश पांडे रहे।

### बेहतर प्रदर्शन पर बच्चे व अभिभावक सम्मानित



आयोजित कार्यक्रम में बच्चे को पुरस्कृत करते शिक्षक। अमृत विचार

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार को तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दाउदपुर गड़ई दीनशाह गौरा में माता उन्मुखीकरण व चहक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी माताओं को बच्चों की परवरिश के प्रति उनके कर्तव्यों और शिक्षा से सम्बंधित विभागीय दिशा निर्देशों से रूबरू कराया गया। मुख्य अतिथि एसआरजी व बाल वाटिका नोडल सुनील यादव व एआरपी सौरभ कुमार सिंह ने बालवाटिका में पढ़ने वाले व उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन करने वाले बच्चों व उनकी माताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका दीपिका सिंह, ग्राम प्रधान गुड़िया मौर्या, आंगनवाड़ी कार्यकत्री सीमा, फातिमा, एसएमसी अध्यक्ष मकरंद, जनक प्रताप, श्रीतिका शुक्ला, पुष्पा सिंह, राजेंद्र बहादुर आदि मौजूद रहे।

### आरोग्य मेले में मरीजों का किया गया उपचार



मेले में उपचार करते चिकित्सक सुफैल अंसारी।

**जगतपुर, रायबरेली।** रविवार को हरदी टीकर पीएचसी में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 65 मरीजो ने पंजीकरण कराया। पीएचसी हरदीटीकर में चिकित्सक सुफैल अंसारी की अध्यक्षता में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 65 मरीजो ने पंजीकरण कराया। जिसमें 30 पुरूष, 28 महिलाएं व सात बच्चों का उपचार किया गया। जिसमें बुखार, खांसी, जुखाम, डायरिया, सुगर, वीपी, हाइपरटेंशन आदि रोगों के मरीजों ने उपचार करवाया। चिकित्सक सुफैल अंसारी ने बताया कि उपचार के बाद मरीजों को निशुल्क रूप से दवाई वितरण की गई।

**आयोजन** हिंदी दिवस के मौके पर हुए कार्यक्रम में कवियों के दोहे और कविता का पाठ किया

# बच्चों ने मातृभाषा को समृद्ध बनाने का लिया संकल्प

संवाददाता, रायबरेली





हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मातृभाषा हिंदी को समृद्ध करने की प्रार्थना की। साथ ही बच्चों ने इस दौरान बच्चों ने मातृभाषा को समृद्ध बनाने का संकल्प लिया है।

कार्यक्रम में हिंदी शिक्षक द्वारा बताया गया कि हमारे देश में सांस्कृतिक और भाषाई विविधता के बावजूद हिंदी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, इसीलिए 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में सर्वसम्मति से हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया। 14 सितम्बर 1953 से हिंदी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए प्रतिवर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। छात्र/छात्राओं द्वारा मातृभाषा हिंदी को संरक्षित और प्रचारित करने का संकल्प लेते हुए प्रसिद्ध हिंदी कवियों के दोहे और कविता का पाठ किया गया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति, संस्कार और एकता की प्रतीक राजभाषा हिंदी पर हमें गर्व है और इसके उत्थान हेतु हम सभी हमेशा कृत संकल्पित रहेंगे। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, अजय सिंह, रामकिशोर, धर्मेंद्र शुक्ला, अवधेश शर्मा, पूजा सिंह, मंजरी श्रीवास्तव, प्रमोद अवस्थी, कृतिका साहू आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगिताओं में बच्चो ने किया प्रतिभाग



छात्रा को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि डॉ. ओपी सिंह और प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह।

**लालगंज, रायबरेली।** हिन्दी दिवस पर बैसवारा इण्टर कॉलेज के गोविन्द सभागार में हिन्दी दिवस का भव्य आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि बैसवारे के मूर्धन्य साहित्यकार, बैसवारा शोध संस्थान के संस्थापक एवं बैसवारा पीजी कॉलेज के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष ओपी सिंह को प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह ने उत्तरीय और पुष्प पौधा भेंटकर एवं उग्रसेन सिंह ने बैज, हिन्दी विभागाध्यक्ष बृजेश जी ने माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में निबन्ध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ एवं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार पाने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिनी साहू ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. ओपी सिंह ने अपने वक्तव्य में साहित्यकारों पर प्रकाश डालते हुए बैसवारी बोली के महत्व को बताया। डॉ. नरेन्द्र सिंह ने हिन्दी भाषा को भारत देश की शान बताया। इस अवसर पर भवानी प्रसाद श्रीवास्तव, रंजन त्रिवेदी, अतिदेव पाण्डेय, सन्तोष सिंह, सुनील त्रिपाठी, फूल सिंह, हिन्दी शिक्षक देवेन्द्र प्रसाद, अभिनव सिंह, सीमा वर्मा, कनकलता सिंह, सरिता, सपना सिंह, रीता, रीना आदि उपस्थित रहें।

# कवियित्री महादेवी वर्मा आज भी समाज की प्रेरणाश्रोत हैं: पुष्पा

संवाददाता, खीरों (रायबरेली)

**आयोजन**



कार्यक्रम को संबोधित करतीं पुष्पा बरनवाल व मौजूद अतिथि।

**अमृत विचार।** रविवार को कस्बा खीरों के न्यू सरस्वती ज्ञान मंदिर इण्टर कालेज में हिन्दी दिवस व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कवियित्री महादेवी वर्मा के जीवन एवं कृति परिचय विषय पर विभिन्न शिक्षाविदों और साहित्यकारों ने अपने व्याख्यान दिए। इस दौरान पीजी कॉलेज लालगंज की हिन्दी विभागाध्यक्ष पुष्पा बरनवाल ने कहा कि कवियित्री महादेवी वर्मा आज भी समाज की प्रेरणाश्रोत हैं।

सभी साहित्यकारों ने कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती और कवियित्री महादेवी वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रामकरन सिंह ने किया। उन्नाव के प्रसिद्ध शिक्षाविद् रमेश सिंह ने हिन्दी साहित्य के विकास में अपना अभूतपूर्व योगदान देने वाले कवि रामधारी सिंह दिनकर, मुंशी प्रेमचन्द, जयशंकर प्रसाद, कवियित्री सुभद्रा कुमारी चौहान, महादेवी वर्मा आदि की काव्ययात्रा का वर्णन किया। रमेश सिंह ने बताया कि छायावादी कवियित्री महादेवी वर्मा को आधुनिक युग की मीरा कहा जाता है। उन्होंने अपने कृतित्व के माध्यम से हिन्दी साहित्य जगत को जो उपहार दिए हैं। समाज उनका ऋणी रहेगा। मूल रूप से बंगाल की निवासी बैसवारा पीजी कॉलेज लालगंज की हिन्दी विभागाध्यक्ष पुष्पा बरनवाल ने बंगाली होते हुए भी अपने हिन्दी के लगाव का उल्लेख करते हुए हिन्दी के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रख्यात छायावादी कवियित्री महादेवी वर्मा का जन्म 26 मार्च 1907 को फर्रुखाबाद में हुआ था। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक बीडी चक्रवर्ती के साथ ही सभी शिक्षक, कर्मचारी और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### वन दरोगा ने दो पर दर्ज कराई एफआईआर

**लालगंज, रायबरेली :** रेंजर नीरज जोशी के आदेश पर वन विभाग लालगंज में कार्यरत बन दरोगा नितिश कुमार मिश्रा ने बिना परमिट के प्रतिबंधित नीम और जामुन के पेड़ काटने पर मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि बिना परमिट के पेड़ काटने पर मीठापुर निवासी सहदेव पुत्र रामगुलाम और खजूर गांव निवासी ठेकेदार राकेश कुमार पुत्र रामकुमार के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। बन दरोगा ने बताया कि चार पेड़ नीम के और एक पेड़ जामुन का काटा गया है, सभी पेड़ सहदेव के हैं।

### साधना से लौटे 33 साधकों का हुआ सम्मान

**अमेठी :** रविवार सुबह गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में विगत दिनों चालीस दिवसीय जप अनुष्ठान में रहे 33 साधकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के लोगों की मौजूदगी रही। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चल रहे विविध कार्यक्रमों के तहत जप अनुष्ठान का आयोजन किया गया था। जप अनुष्ठान के साथ ही साधकों ने पर्यावरण संवर्धन, नशा मुक्ति, वृक्षारोपण आदि का भी संकल्प लिया था। रविवार सुबह गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में आयोजित सम्मान समारोह में गायत्री परिवार अमेठी के व्यवस्थापक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने कहा कि पीड़ा और पतन निवारण सच्ची मानव सेवा मानव जीवन में कष्ट और कठिनाइयों का आना स्वाभाविक है।

### लड़की के अपहरण की खबर निकली झूठी

**तिलोई, अमेठी :** थाना मोहनगंज क्षेत्र के अन्तर्गत फर्जी अपवाह उड़ी कि नाबालिक लड़की का बीती रात्रि अपहरण कर लिया गया। सुबह लड़की के पिता ने थाना मोहनगंज में प्रार्थना पत्र देकर जानकारी दिया कि उसकी नवालिक पुत्री कहीं गायब हो गई। पुलिस मामले की गंभीरता से लेकर जांच पड़ताल करने में जुट गई तो पता चला की लड़की स्वयं घर के पीछे का दरवाजा खोल कर प्रेमी के संग फरार हो गई हैं। मोहनगंज पुलिस ने लड़की तथा उसके प्रेमी को दबोचकर थाने ले आई जहां लडकी के पिता ने बताया मेरी बेटी का अपहरण की घटना झूठ है।

### अवैध मिट्टी खनन का खेल जारी

**जगदीशपुर, अमेठी :** क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का धंधा इन दिनों जोरों पर है। मामला तब सामने आया जब कोतवाली क्षेत्र के चौधीपुर निवासी किसान शीतला बक्स सिंह अपने खेत पर पहुंचे उन्होंने देखा कि पूरी रात खनन माफियाओं ने डंफरों से सैकड़ों चक्कर लगाकर उनके खेत को गहरे गड्ढों में बदल दिया है आगे बताया कि खेत मिट्टी खनन के चलते खेत की हालत तालाब जैसी हो गई है जो जिम्मेदार की मिली से सम्भव नहीं है। वहीं मे कोतवाल धीरेंद्र यादव ने बताया मामले में जांच की जाएगी।

### ससुराल आए दामाद की पिटाई

**तिलोई, अमेठी :** रायबरेली जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे गुजर मजरे पहरे मऊ निवासी मो. आरिफ पुत्र रईसूल खान शनिवार को अपनी पत्नी की विदाई कराने ससुराल आया था। इस दौरान पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी के बीच ही ससुराल पक्ष के महमूद पुत्र मोहम्मद खान और शान आदि सभी ने मिलकर आरिफ की पिटाई कर दी।

# ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, छात्र की मौत

## मां को लेने जाने के दौरान हुआ हादसा, संजय गांधी पॉलीटेक्निक कॉलेज का अंतिम वर्ष का छात्र था

जगदीशपुर (अमेठी)


आलोक की फाइल फोटो।

**अमृत विचार ।** कमरौली थाना क्षेत्र के उतेलवा बाईपास रोड पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार छात्र आलोक शुक्ला को टक्कर मार दी। युवक लगभग सौ मीटर तक ट्रेलर में फंसा रहा, बाद में उसे गंभीर स्थिति में सीएचसी जगदीशपुर ले जाया गया, जहां गंभीर स्थिति में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भेज दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक बाइक समेत युवक लगभग सौ मीटर तक ट्रेलर में फंसकर घिसटता हुआ चला गया। घटना उतेलवा बाईपास रोड के पास सुबह आठ बजे हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से ट्रेलर को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी है। वहीं हादसे के बाद सड़क किनारे ट्रेलर खड़ा कर चालक फरार हो गया। थाना क्षेत्र कमरौली के सराय आलम मजरे नियावां निवासी 22 वर्षीय आलोक शुक्ला पुत्र संतोष शुक्ला रविवार की सुबह लगभग आठ बजे एक निजी अस्पताल में मौजूद अपनी मां को लाने के लिए बाइक से जा रहा था। आलोक की मां आशाबहू हैं, जो शनिवार की रात एक गर्भवती महिला को लेकर प्रसव के लिए एक निजी अस्पताल में गई थी। जो रात में अस्पताल में ही रुक गई थीं। बाइक से मां को लाने जा रहा आलोक जैसे ही उतेलवा बाईपास रोड नंबर चार के पास पहुंचा, तभी एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद भी ट्रेलर चालक ने वाहन को रोका नहीं और ट्रेलर में फंसे युवक को सौ मीटर तक लेकर चला गया। हादसे के बाद ट्रेलर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने गाड़ी में फंसे युवक को बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल आलोक को सीएचसी जगदीशपुर पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। हालांकि ट्रॉमा सेंटर पहुंचने पर डॉक्टरों ने आलोक को मृत घोषित कर दिया। आलोक शुक्ला संजय गांधी पॉलिटेक्निक, पेंट टेक्नोलॉजी एंड केमिकल विभाग का अंतिम वर्ष का छात्र था। वहीं थानाध्यक्ष मुकेश पटेल ने बताया कि ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया है। हादसे के बाद मौके से ट्रेलर को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।


घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### ई-रिक्शा खड्डे में पलटा, तीन लोग घायल

**जगदीशपुर अमेठी अमृत विचार।** रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर रविवार को बड़ा हादसा हो गया। जगदीशपुर के सिरयारी ईदगाह के पास ट्रक-डंपर की टक्कर से एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्डे में पलट गया। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान सीतापति पत्नी राम सुमिरन,(45) निवासी खाना पुर चपरा मोहनगंज, सायरा बानो और शोभना के रूप में हुई है। सभी को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेजा गया, जहां से निजी अस्पताल में उपचार जारी है।

# पति ने ही प्रेमी से कराई पत्नी की शादी, गांव में शुरू हुई चर्चा

जगदीशपुर, अमेठी

**अनोखा मामला**


मंदिर में शादी करता प्रेमी जोड़ा।

**अमृत विचार।** कमरौली थाना क्षेत्र के दीना का पुरवा सिंदूरवा गांव के मंदिर में एक पति ने अपनी पत्नी की शादी उसके प्रेमी से करवा दी। यह अनोखा मामला अब गांव ही नहीं, पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

शादी के शुरुआती दिनों में जब पति शिवशंकर को पता चला कि उनकी पत्नी उमा का किसी और से प्रेम संबंध है, तो उन्होंने पत्नी को रोकने और समझाने की कोशिश की। लेकिन उमा अपने प्रेमी से रिश्ता तोड़ने को तैयार नहीं हुईं। धीरे-धीरे घर का माहौल बिगड़ने लगा और कलह बढ़ गई। आखिरकार विवाद और तनाव से बचने के लिए शिवशंकर ने साहसिक फैसला लिया। आपसी लिखापढ़ी के बाद औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर स्थित एक मंदिर में उमा और उसके प्रेमी का विवाह कराया गया। वरमाला और सिंदूर की रस्म पूरी कराई गई और फिर शिवशंकर ने खुद अपनी पत्नी को प्रेमी के साथ विदा कर दिया। यह घटना पूरे गांव और इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोग इसे प्यार, शादी और समझौते का अनोखा उदाहरण बता रहे हैं। कुछ इसे रिश्तों की मजबूरी कह रहे हैं तो कुछ इसे पति की बड़ी दिलेरी मान रहे हैं। लोगों के मुताबिक शादी के दौरान दोनों परिवारों के सदस्य मौजूद थे। उन्होंने इस अनोखी शादी को सामाजिक रीति-रिवाज से संपन्न कराया। अब दोनों हंसी-खुशी अपने घर के लिए रवाना हो गए हैं।

# हिंदी दिवस पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

तिलोई (अमेठी)


छात्राओं को पुरस्कृत करते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील तिलोई क्षेत्र के खानापुर चपरा में स्थित विद्याकलश हाई स्कूल में हिंदी दिवस बहुत ही उत्साह एवं हर्ष के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. रामकल्प तिवारी एवं मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय कवि शिव किशोर तिवारी खंजन जी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम संयोजक सुश्री सुरभि शुक्ला ने बताया कि विद्यालय के चार सदनों में अंतर सदनीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमे निबंध लेखन, भाषण, सस्वर कविता पाठ, स्लोगन एवं चित्र कला प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रतिभाग किया। अपने संबोधन में डॉ. राम कल्प तिवारी ने हिन्दी की उपादेयता एवं प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की । समारोह में राष्ट्रीय मंचों पर हिंदी काव्य की धारा प्रवाहित करने वाले शिवा किशोर तिवारी खंजन जी ने अपनी कविताओं के माध्यम से अपनी मातृ भाषा हिंदी को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सभी सदनों के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया जिनमें भाषण प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में प्रथम आरजू ख़ान द्वितीय आकाश तिवारी तृतीय वैष्णवी जूनियर वर्ग में प्रथम अक्षत तिवारी, द्वितीय अनंत तिवारी तृतीय आयुष, निबंध प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में नंदिनी,द्वितीय सविता तृतीय रिंकी, जूनियर वर्ग में प्रथम अक्षत, द्वितीय प्रतीक, तृतीय सेजल गुप्ता रहे। इस दौरान प्रबंधक डॉ. आलोक तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ. जया त्रिपाठी, उप प्राचार्य सुरेश चतुर्वेदी, सदन संयोजक सुरभि शुक्ला, हिमांशु मिश्रा सहित समस्त शिक्षक, छात्र एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

**सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भव्य अभिभावक सम्मेलन संपन्न, मुसाफिरखाना, अमेठी।** कस्बे स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को एक भव्य अभिभावक सम्मेलन का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पवन कुमार, पूर्वी उत्तर प्रदेश मंडल निदेशक, एवं विशिष्ट अतिथि राहुल सिंह द्वारा ज्ञानदायिनी माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। अपने उद्बोधन में विशिष्ट अतिथि राहुल सिंह ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के गृहकार्य को अवश्य देखें और उन्हें उचित मार्गदर्शन दें। इस दौरान विद्यालय के छात्रों द्वारा नशा मुक्ति पर प्रेरणादायक प्रस्तुति एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों ने सराहा। यहां प्रबंधक विनोद प्रकाश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष राम गोपाल कौशल, पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व जिला मंत्री सुरेन्द्र सिंह, जिला मंत्री अतुल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# छात्राओं ने धोखाधड़ी के विरोध में कोतवाली में किया प्रदर्शन


छात्राओ की समस्या सुनते एडीएम। अमृत विचार


कोतवाली गेट पर प्रदर्शन करतीं छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** कस्बे में संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल एंड साइंस में एक बड़ा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एएनएम द्विवर्षीय कोर्स की छात्राओं ने कोतवाली में प्रदर्शन कर संस्थान के संचालक प्रिंस आज़म खां पर ठगी का आरोप लगाया है।

प्रदर्शन कर रहे आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया है कि संस्थान ने 36 छात्राओं से करीब 2 लाख रुपये प्रति विद्यार्थी वसूले, लेकिन इनमें से 18 छात्राओं का न तो रजिस्ट्रेशन कराया गया और न ही एडमिट कार्ड जारी किया गया। शेष 18 छात्राओं को बरेली में परीक्षा केंद्र मिला है, लेकिन अब उनसे परीक्षा में बैठने के लिए 40 हजार रुपये अतिरिक्त मांगे जा रहे हैं। छात्राएं पिछले ढाई साल से दो वर्षीय एएनएम कोर्स कर रही हैं। पूरी फीस जमा करने के बाद भी उनका भविष्य अनिश्चित है। छात्राओं का आरोप है कि संस्था अगर अन्य जगह से रजिस्ट्रेशन कराती है, लेकिन वहां फीस जमा नहीं की गई। रविवार को छात्राएं और उनके अभिभावक अमेठी कोतवाली पहुंचे और वह भी धरने पर बैठ गए। उन्होंने संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामला बढ़ता देख एसडीएम आशीष सिंह और सीओ मनोज कुमार मिश्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए छात्र-छात्राओं को शांत कराया। वहीं मामले को लेकर फरार संचालक प्रिंस आज़म खां को पुलिस ने मौके पर बुलाया। जबकि वह बीमारी का बहाना बनाकर फरार हो गया। वहीं कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि छात्राओं की तरफ से शिकायत मिली है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि संस्थान का संचालक सीएचसी से दवा कराने के बहाने भाग गया है।

**आक्रोश**

- पैरामेडिकल कॉलेज में सामने आया धोखाधड़ी का मामला

**क्या बोले जवाबदेह**

इस मामले में एसडीएम आशीष सिंह ने कहा कि छात्राओं को समझाया गया है। मामले में जांच करना जरूरी है। संबंधित एसओ को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। संचालक ने यदि छात्रों का पैसा वापस नहीं किया तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाई की जाएगी। वहीं सीओ मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि संचालक को बुलाया गया है। वह आया नहीं तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई कराई जाएगी।

### नवरात्र पर डीजे की आवाज निर्धारित सीमा के अंदर ही रहे : एसडीएम

**संग्रामपुर अमेठी, अमृत विचार।** नवरात्र के अवसर पर मूर्ति स्थापना एवं विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर रविवार की शाम संग्रामपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम आशीष कुमार सिंह और सीओ मनोज कुमार मिश्र ने की। बैठक में बताया गया कि क्षेत्र के 75 स्थानों पर पंडाल सजाकर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। सीओ मनोज कुमार मिश्र ने डीजे संचालकों को सख्त हिदायत दी कि डीजे की आवाज निर्धारित सीमा के अंदर ही बजाई जाए। ठेंगहा में नाली का पानी सड़क पर बहने से मूर्ति विसर्जन में समस्या की बात सामने आई, जिस पर एसडीएम ने बदलापुर प्रधान को तत्काल नाली की समस्या का समाधान कराने का निर्देश दिया। वहीं जरौटा में मूर्ति स्थापना स्थल बदलने की मांग पर सीओ ने स्पष्ट किया कि नया परमिशन जारी नहीं होगा, मूर्ति स्थापना केवल पुराने स्थल पर ही की जाएगी। सीओ ने सभी समितियों को निर्देशित किया कि कैमरे लगाना अनिवार्य होगा, जिन समितियों ने कैमरे नहीं लगाए उन्हें परमिशन नहीं दिया जाएगा। साथ ही वालंटियर रखने और रात में मूर्तियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उपजिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह ने पंडालों में करंट न उतरने की पूरी व्यवस्था करने और झांकियों को कम ऊंचाई में बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों से कोई भी समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथही नियम न मानने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# शाह बाबा के 43वें उर्स पर उमड़ी भीड़

संवाददाता, जगदीशपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** अमेठी ज़िले के जगदीशपुर के इमली गांव स्थित दरगाह पर रविवार की रात्रि सूफी संत हज़रत सैय्यद जलाल अशरफ रहमतुल्लाह अलैह का 43वां सालाना उर्स-ए-पाक बड़े अकीदत और शानों-शौकत के साथ मनाया गया। इस दौरान अमेठी ही नहीं, बल्कि आसपास के ज़िलों और दूर-दराज़ से आए अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

कार्यक्रम का आगाज़ कुरानख़्वानी और मिलाद-ए-पाक से हुआ। इसके बाद नातख्वानी और कव्वाली की महफ़िल में सूफ़ियाना कलाम पेश किए गए, जिन पर श्रोता देर रात तक झूमते रहे। दरगाह पर चादरपोशी और फूल पेश करने के साथ जायरीनों ने अमन-ओ-चैन की दुआएं मांगीं। दिनभर लंगर-ए-आम जारी रहा, वहीं उर्स स्थल पर मेले जैसा माहौल रहा। बच्चों और परिवारों ने मेले का आनंद लिया और दुकानों पर देर रात तक रौनक बनी रही। अगर मुल्क को बचाना है तो इंसाफ, मोहब्बत और आपसी भाईचारे को मजबूत करना होगा। रंग-नस्ल का भेद मिटाकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए, भूखों को खाना खिलाना और माफ करना सीखना चाहिए। यही सूफ़ियों की असल तालीम है।


उर्स के मौके पर मौजूद लोग। अमृत विचार

### बैठक में आम आदमी पार्टी ने विधानसभाओं में अध्यक्ष किए मनोनीत

**अमेठी, अमृत विचार।** आम आदमी पार्टी विधानसभा तिलोई की बैठक ग्राम पुरे धना मोहना में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल ने की इस बैठक में जिला प्रभारी अतुल सिंह एवं बैठक के आयोजन अशोक सेन एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष तिलोई के द्वारा की गई उक्त बैठक में चल रही खाद की समस्याओं पर तथा संगठन के विधानसभा वार की जाने वाली बैठकों पर चर्चा की गई उक्त बैठक में जिला शह प्रभारी शिवप्रसाद कश्यप ने कहा कि अमेठी जनपद की चारों विधानसभाओं में तिलोई जगदीशपुर गौरीगंज अमेठी विधानसभा में संगठन को सभी ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्ष को मीटिंग करने का दिशा निर्देश दिया मुख्य अतिथि के रूप में रहे अतुल सिंह ने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया कि अपने-अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करें जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल ने सभी आए हुए पदाधिकारी को ब्लॉक स्तर पर संगठन के पदाधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जोर देने की बात कही। इस मौके पर प्रमुख रूप से छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव चंद्रजीत यादव, यूथ प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव संतोष यादव, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सती श्रीवास्तव, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष पूजा वर्मा, कविता कश्यप को मनोनीत किया गया। बैठक के दौरान अशोक सेन, एडवोकेट शिव गणेश सोनकर, अमेठी नगर अध्यक्ष घनश्याम सोनी, जायस नगर अध्यक्ष संजय सोनकर समेत सैकड़ो पदाधिकारी और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**मरीज परेशान** | बेनीपुर स्थित 50 शैया एकीकृत आयुष अस्पताल में दवाओं का है टोटा, चिकित्सक व कर्मी हो गए लापरवाह

# अस्पताल आते नहीं सीएमएस, स्वास्थ्य सेवाएं हो गईं बेपटरी

संवाददाता, अमेठी



50 शैया आयुष अस्पताल बेनीपुर।


आयुष हॉस्पिटल बेनीपुर में उपचार के लिए बैठे मरीज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बेनीपुर स्थित 50 शैया एकीकृत आयुष अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बेपटरी हो गईं हैं। अस्पताल में सीएमएस अस्पताल में प्रतिदिन आते नहीं हैं। जिसके चलते चिकित्सक व कर्मचारी लापरवाह हो गए हैं। लापरवाही का आलम यह है कि अस्पताल में दवाएं भी नहीं है। ऐसे में मरीजों को परेशानियां उठानी पड़ रही है।

अस्पताल पहुंचने वाले लोगों के मुताबिक आर्युवेद, यूनानी, होम्योपैथिक, पंचकर्मा, योगासिद्धा एक छत के नीचे संचालित होता है। अस्पताल में ओपीडी का समय सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक है। मरीजों के मुताबिक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोहम्मद कासिफ आते नहीं है। चिकित्सक ओपीडी में समय से नहीं पहुंचते नहीं हैं। जिसके चलते मरीजों को इलाज करवाने में परेशानी हो रही है। वहीं रविवार को अस्पताल में कई नए व पुराने मरीज चिकित्सक को दिखाने के लिए इंतजार करते मिले।

वहीं लैब में तैनात दो लैब टेक्नीशियन ने बताया कि रीजेंट व किट नहीं होने से बुखार पीड़ित मरीजों को बाहर से जांच करानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 150 से 200 मरीज आते हैं। इस समय अस्पताल में दवाओं की कमी होने से सिर्फ होम्योपैथिक व पंचकर्मा के माध्यम से मरीजों का इलाज हो रहा है। उधर, अस्पताल में भर्ती मरीजों ने बताया कि सीएमएस डॉ. मोहम्मद कासिफ सप्ताह में दो से तीन दिन ही आते हैं। जिसके चलते उपचार कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सूत्रों के मुताबिक अस्पताल में जरूरी दवाओं का भी टोटा है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद विभाग में मात्र 10 दवाएं उपलब्ध हैं। जबकि अस्पताल में दर्द निवारक तेल, सीरप सहित अन्य जरूरी दवाएं मौजूद नहीं हैं। साथ ही यूनानी विधा में नौ दवाएं उपलब्ध होने की बात बताई गईं हैं।

**क्या बोले जिम्मेदार**

अस्पताल के क्षेत्रीय यूनानी व आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अब्दुल बारी ने बताया कि सीएमएस को प्रतिदिन अस्पताल में रहना चाहिए। ओपीडी के समय सभी चिकित्सक व कर्मियों को भी रहना चाहिए। जो भी नियमावली का उल्लंघन करेगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दवाओं की कमी है, जिसको लेकर डिमांड मुख्यालय भेजी गई है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट पुलिस को दी तहरीर

**महराजगंज, रायबरेली।** घर के सामने टोटका करने को लेकर दो परिवारों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। रविवार शाम करीब 4 बजे कोतवाली क्षेत्र के कपूरपुर मजरे जमुरावां निवासी राम समुझ पुत्र सुंदरलाल के परिवार से गांव के ही दूसरे परिवार ने मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में सुंदरलाल ने बताया कि शनिवार रात में किसी ने उसके दरवाजे पर टोटका कर दिया। सुबह जब उसकी पत्नी राधा ने देखा तो उसे टोटका होने की जानकारी दी। रविवार शाम करीब चार बजे राम समुझ अपनी पत्नी को इलाज कराने ले जा रहा था। तभी गांव के विपक्षीगणों ने रास्ते में रोका और लात घूसों से जमकर मारा पीटा। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कराई जा रही है।

# टीईटी के खिलाफ आरएसएम के बैनर तले शिक्षक आज देंगे ज्ञापन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सुप्रीम कोर्ट की तरफ से टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) की अनिवार्यता लागू किए जाने के बाद राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एक साथ पूरे देश में सोमवार को ज्ञापन देगा।

शिक्षकों की तरफ से केंद्र सरकार ने इस कानून में संशोधन करने की मांग करते हुए प्रधानमंत्री को पत्र भेजा जाएगा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि 29 जुलाई 2011 से उत्तर प्रदेश में नई नियुक्तियों के लिए टीईटी अनिवार्य किया गया है। संघ ने मांग की है कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार कानून लागू होने से पहले नियुक्ति हुए शिक्षकों की टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया जाए। शिक्षकों ने यह मांग सुप्रीम कोर्ट के एक सितंबर 2025 के निर्णय के संदर्भ में की गई है। आज का यह संघर्ष हमारा नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करने वाला संघर्ष है। जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के निर्णय क्रम में पूरे देश में एक साथ 15 सितंबर को टीईटी समस्या समाधान के संबंध में प्रधानमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम ज्ञापन भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय के बाद शिक्षक विकासभवन परिसर में एकत्रित होंगे। ज्ञापन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी एकता को प्रदर्शित करते हुए कलेक्ट्रेट में जाकर जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजेंगे। जिला महामंत्री संजय कनौजिया ने कहा कि संगठन संशोधन की मांग करेगा।

न्यूज ब्रीफ

### मां-बेटे को पीटने वालों पर केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सैय्यद वाड़ा में मां बेटे को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता मुन्नी देवी पत्नी गंगाराम के अनुसार 11 सितंबर को उसके पुत्र राकेश को मोहल्ले के विपिन पुत्र रमेश, रजत पुत्र रामदास और राजीव पुत्र महेश गाली गलौज कर रहे थे। उसके पुत्र ने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर वह पुत्र को बचाने गई तो विपक्षियों ने उसे भी धक्का मारकर गिरा दिया, जिससे उसे काफी चोटे आई हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष के पिता का निधन

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** भाजपा के ग्रामीण मंडल के पूर्व अध्यक्ष शिवराज बाबा के पिता विद्याधर उर्फ़ सत्ते प्रसाद 92 वर्ष का निधन रविवार की सुबह उनके बीकापुर स्थित आवास पर हो गया। उनका अंतिम संस्कार मेहंदीघाट पर आर्य समाज से किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करने विधायक आशीष सिंह, जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, भाजपा नेता अभय शंकर शुक्ला, अखिलेश कटियार सहित तमाम लोगों ने की।

### नारायण सेवा समूह ने गरीबों को बांटे वस्त्र

**हरदोई, अमृत विचार।** आने वाले सर्दी के मौसम को देखते हुए नारायण सेवा समूह ने पांच दर्जन से अधिक जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित किए। नारायण सेवा समूह के सदस्यों ने विभिन्न क्षेत्र से आये हुए जरूरतमंद लोगों को उनकी जरूरत के हिसाब से साड़ी, शर्ट पैंट, कुर्ता पैजामा, सूट आदि वितरित किए। संजय मिश्रा व प्रियम मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह दुनिया से जो कुछ लेता है, कम से कम उसका बराबर हिस्सा दुनिया को वापस दे। इस मौके पर मनमोहन सिंह, प्रभुदयाल गुप्ता, राम स्नेही द्विवेदी, जय शंकर मिश्रा, नितिन मिश्रा सहित संस्थान के अनेक लोग मौजूद रहे।

# हिंदी दिवस पर कवि व साहित्यकार सम्मानित

## साहित्यिक संस्था मां आशा फाउंडेशन के कार्यक्रम में पहुंचीं उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी

संवाददाता, हरदोई




कवियों को सम्मानित करतीं राज्यमंत्री रजनी तिवारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार।** हिंदी दिवस का आयोजन कई जगहों पर किया गया। इस दौरान कवियों व साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। सुलेख व भाषण प्रतियोगिता के साथ हिंदी पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

साहित्यिक संस्था मां आशा फाउंडेशन द्वारा हिंदी दिवस पर रविवार को शहर के एक लॉन में साहित्यकार सम्मान समारोह एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कवि डॉ. ईश्वर चंद्र वर्मा को पं. वचनेश त्रिपाठी स्मृति सम्मान व डॉ. देश दीपक शुक्ल को श्याम बिहारी स्मृति सम्मान से नवाजा गया। इसके साथ ही डॉ साधना शुक्ला, डॉ.शिखा पाण्डेय व डा अजित आनंदमणि को हिंदी सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने संस्था के प्रयासों कि सराहना करते हुए कहा कि जनपद में साहित्यिक चेतना को जगाने व जनपद की काव्य प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का जो कार्य मां आशा फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है, वह प्रशंसनीय है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी निरमा देवी ने कहा कि साहित्यकार समाज का पथ प्रदर्शक होता है। संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं युवा कवियों का समागम जनपद की साहित्यिक प्रगति में अहम भूमिका तय करेगा। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता पारुल दीक्षित ने कहा कि ऐसे आयोजन साहित्य की नई पौध तैयार करने में सहायक होते हैं।

### कवि गोष्ठी में कवियों ने बांधा समां, युवाओं को दिया संदेश

साहित्यकार सम्मान समारोह के बाद आयोजित कवि गोष्ठी में श्रोताओं ने अपनी रचनाओं से समां बांधा। कवि पवन प्रगीत, वैभव शुक्ल, दिव्यांशु शुक्ल, धीरज श्रीवास्तव, आकांक्षा गुप्ता, गीता गुप्ता मन, आदेश तिवारी, कृतार्थ पाठक, आकांक्षा त्रिपाठी, विपिन त्रिपाठी, आदेश तिवारी, अंकित काव्यांश व हर्षित श्रीवास्तव ने अपने गीत गजलों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कवि तेजस्वी अवस्थी, अनमोल शुक्ल, उदय राज सिंह ने अपनी ओजपूर्ण रचनाओं से माहौल देशभक्तिमय बना दिया। हास्य कवि अनिल अनिकेत, राम किशोर मस्ताना व अंकुर पाठक ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कवयित्री आकांक्षा त्रिपाठी, स्वाति कुशवाहा, अपूर्वा दिव्या दीक्षित, दीपाली सिंह, रुपाली सक्सेना ने भी वाहवाही लूटी। वरिष्ठ कवि रामदेव बाजपेई, अनिल मदन ने रचनाओं से युवा पीढी को संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कानपुर से आए वरिष्ठ कवि अरुण तिवारी अज्ञात ने की।




हिंदी दिवस समारोह में मौजूद नपा अध्यक्ष सुखसागर मिश्र, कवि व छात्र।

### हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कागज पर राष्ट्रभाषा के प्रति उड़ेला प्रेम

साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री सरस्वती सदन सेवा समिति के तत्वावधान में हिन्दी दिवस पर त्रिदिवसीय समारोह हिन्दी सुलेख एवं वाक प्रतियोगिता से शुभारम्भ हुआ। प्रतिभागी बच्चों ने मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुखसामर मिश्र ने श्री सरस्वती सदन की लम्बी साहित्यिक सेवा में श्री सरस्वती सदन की सेवाओं को हिन्दी संवर्धन की यात्रा बताया। कहा राष्ट्रभाषा हिन्दी के विकास में उनके स्तर से हर सम्भव सहयोग किया जाएगा। हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के एक सैकड़ा विद्यार्थियों ने कलम-कागज पर राष्ट्रभाषा के प्रति प्रेम उड़ेला। सुलेख कनिष्ठ वर्ग में शुभ द्विवेदी प्रथम, आर्या सिंह द्वितीय एवं माही कश्यप तृतीय स्थान पर रहीं। सांत्वना पुरस्कार वैशाली व हर्ष शर्मा को मिला। वरिष्ठ वर्ग में अद्वैत पाण्डेय प्रथम, देवांश कश्यप द्वितीय और वैष्णवी सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। सांत्वना पुरस्कार अनुज वर्मा व आर्यांशी को मिला। वाक् प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने विचारों के माध्यम से हिन्दी को देश की एकता का सूत्र बताया।

# घर से भाग चुकी किशोरी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** बीते माह 2 जून को किशोरी लापता हो गई थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर 13 जून को हरिद्वार से किशोरी को बरामद करने के साथ आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया था। इधर घर वालों ने किशोरी को रिश्तेदारी में भेज दिया, जहां से शुक्रवार रात वह अकेले निकल पड़ी, उससे पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उसे घर वालों के सुपुर्द कर दिया। रविवार की सुबह किशोरी का शव घर में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने डाक्टरों के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम कराया है।

रविवार की सुबह शहर के बिल्कुल बगल के एक गांव में 16 साल की किशोरी ने कमरें के अंदर रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मां घर से बाहर थी जबकि पिता खेत पर गया था। बताया गया है कि किशोरी चार बहनों में सबसे छोटी थी, उसका एक भाई है, तीन बहनों की शादी हो चुकी है। उसने शहर के एक इण्टर कालेज से 10वीं पास की थी। 2 जून को वह अचानक गायब हो गई। पिता की तहरीर पर शहर के राधा नगर निवासी अंकित जोशी के खिलाफ फुसला कर भगा ले जाने का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने 13 जून किशोरी को हरिद्वार से बरामद कर आरोपी अंकित जोशी को जेल भेज दिया था। उधर किशोरी के घर वालों ने उसे लोनार थाने के एक गांव रिश्तेदारी में भेज दिया था। शुक्रवार की आधी रात को किशोरी वहां से अकेले निकल कर जगदीशपुर चौराहे पर पहुंच गई, वहां पिकेट पर तैनात पुलिस ने उसे रोक कर पूछताछ की और उसकी अगली सुबह उसे उसके घर वालों के सुपुर्द कर दिया, जहां उसने अगले ही सुबह आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया।

# अलग-अलग घटनाओं में तीन की डूबकर मौत

संवाददाता, हरदोई, मल्लावां

- मल्लावां कोतवाली क्षेत्र में हाथ धुलते समय कल्याणी में डूबा छात्र
- हरपालपुर थाना क्षेत्र में खेलते हुए रामगंगा नदी में गिरी बच्ची
- पिहानी कोतवाली क्षेत्र में गोमती नदी में डूबे युवक का शव बरामद

**अमृत विचार।** जिले में हुईं अलग-अलग तीन घटनाओं में बीएससी (द्वितीय वर्ष) के छात्र व एक बच्ची सहित तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। घटनाओं के बाद परिवार जनों में कोहराम मच गया, तीनों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

पहली घटना में मल्लावां कोतवाली के तेजीपुर निवासी गणेश शंकर मिश्रा का 19 वर्षीय पुत्र पुनीत मिश्रा बीएससी (द्वितीय वर्ष) का छात्रा था। रविवार की सुबह खेत पर जा रहा था, उसी बीच वह रास्ते में कल्याणी नदी की सुतैया पुलिया के नीचे रुक कर नदी में हाथ धोने लगा, तभी पैर फिसलने से पुनीत उसमें गिरकर बहाव के साथ बहने लगा। उसका शोर सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे बाहर निकाला। सूचना मिलने पर छात्र के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। पुनीत को तत्काल सीएचसी मल्लावां पहुंचाया गया लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुनीत चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत की खबर सुनकर पूरे गांव में कोहराम बरपा हो गया।



पुनीत मिश्रा की फाइल फोटो।

दूसरी घटना हरपालपुर थाना क्षेत्र की है, जहां मां के साथ अपने ननिहाल में रह रही मासूम बच्ची खेलते-खेलते पास में ही बह रही रामगंगा नदी के पास पहुंच गई और नदी में गिरकर डूब गई।

फर्रुखाबाद के मोहल्ला सलावत खां कोतवाली शहर के पवन की करीब डेढ़ साल पहले मौत हो गई थी। पवन की ससुराल हरपालपुर थाने के भवानीपुर रमपुरा में थी। पति के न रहने के बाद उसकी पत्नी सविता दो साल की बेटी दीक्षा को लेकर मायके में भाई श्याम पाल के यहां रहने लगी। सविता ने बताया कि शनिवार की शाम उसकी बेटी दीक्षा घर के बाहर खेल रही थी और खेलते-खेलते नदी के किनारे पहुंची, उसी बीच पैर फिसलने से वह नदी में गिर गई। उसकी चिल्लाने की आवाज़ सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। लोगों की मदद से दीक्षा को नदी से बाहर निकाला गया लेकिन उसकी मौत हो गई। पलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

तीसरी घटना पिहानी कोतवाली क्षेत्र की है, जहां शौच के लिए गए युवक का पैर फिसलने से वह गोमती नदी में गिर गया और डूबकर उसकी मौत हो गई। डूबने के 24 घंटे बाद शनिवार को उसका शव बरामद किया गया।

पिहानी कोतवाली के बिलालपुर मजरा रहीमपुर निवासी रामलखन (35) पुत्र सुंदर खेती-बाड़ी करता था। बड़े भाई राम औतार ने बताया कि रामलखन शुक्रवार की दोपहर गांव के किनारे से निकली गोमती नदी के किनारे शौच को गया था, वहीं पैर फिसलने से नदी में गिरकर डूब गया। तब से उसकी तलाश की जा रही थी। शनिवार की दोपहर करीब 24 घंटे बाद उसका शव करीब आधा किलोमीटर दूर चौखड़िया घाट के पास उतराता देखा गया। राम लखन की शादी हो चुकी थी, लेकिन उसकी पत्नी छोड़कर चली गई थी। चार भाइयों में बड़े राम औतार, जयराम के बाद रामलखन था, उससे छोटा नरेंद्र है।

### बिलग्राम में तालाब में डूबने से किसान की मौत



**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** मोहल्ला रफयतगंज में रविवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई। यहां 45 वर्षीय किसान जय पाल की तालाब में डूबने से मौत हो गई। जय पाल सुबह 11 बजे शौच के लिए तालाब के पास गए थे। शौच के दौरान उनका पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर गए। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान तालाब के पास मछली पकड़ने आए बच्चों ने किसी व्यक्ति को डूबते देखा और शोर मचाया। मोहल्ले के लोग एकत्र हुए और गोताखोरों को बुलाया गया। राजू राजघाट की टीम के नीरज, विमलेश, नितिन, अबरार और कौशल ने दो घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जय पाल की शादी 14 साल पहले हुई थी। उनके 13 वर्षीय बेटे अनमोल के अलावा पत्नी है। वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। इस हादसे से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर है।

# रिश्वत मांगने का आरोप सही, अब कार्रवाई का इंतजार

संवाददाता, हरदोई

- मेडिकल कालेज में प्रसूता के परिजनों से पैसे न मिलने पर की गई थी लापरवाही
- प्रसव के बाद डस्टबिन में गिर गया था नवजात, महिला आयोग ने जांच के लिए बनाई थी समिति

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज के महिला अस्पताल में रिश्वत मांगने और प्रसूता का गैर जिम्मेदाराना तरीके से इलाज करने के मामले में राज्य महिला आयोग पूरी तरह से एक्शन में है। दरअसल पूरा मामला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी के पास पहुंच चुका है, उसी मामले में प्रसूता की मां और उसकी ननद के बयान लिए गए। साथ ही जांच समिति ने आरोपी डाक्टर और शिकायतकर्ता का एक-दूसरे से सामना कराया। जांच में साबित हो गया कि पैसे न देने पर क्रूरता और इलाज में लापरवाही बरती गई। पीड़ित परिवार अब आरोपियों पर कार्रवाई का इंतजार है।

बताते चलें कि 30 अगस्त को राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी जिला महिला अस्पताल पहुंची। उसी बीच सुरसा थाने के बरहा मजरा खजुरहरा ने उन्हे बताया कि 11 अगस्त को उसकी पत्नी लक्ष्मी को प्रसव पीड़ा के दौरान महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां मांगने पर दो हज़ार रुपये भी दिए गए, लेकिन फिर भी उसकी पत्नी घंटो तड़पती रही, किसी ने हाथ नहीं लगाया। काफी गिड़गिड़ाने पर प्रसव कराया गया, लेकिन बरती गई लापरवाही से बच्चा नीचे डस्टबिन में गिर गया। ऐसी शिकायत सुन कर उपाध्यक्ष का पारा चढ़ गया, उन्होने सीएमएस डा.सुबोध से एक्शन लेने को कहा, साथ ही कह गईं थीं कि वे खुद मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगी। उसके बाद से बराबर लिखा-पढ़ी की जा रही थी। बुधवार को सीएमएस डा.सुबोध ने प्रसूता की मां और उसकी ननद सुनीता को बुलाकर उनके बयान लिए गए। उस बीच सामने आया कि आरोपी डाक्टर की इसी तरह की पहले भी शिकायतें आई, उन्हे समझाया गया, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। जांच समिति ने आरोपी डा. आकांक्षा और नीरू के अलावा शिकायत कर्ता जयप्रकाश के बयान दर्ज किए। जांच दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद जांच समिति के सामने साबित हो गया कि पैसे न देने पर क्रूरता और इलाज में लापरवाही बरती गई। समिति ने आगे की कार्रवाई के लिए आख्या आगे भेज दी है। अब पीड़ित परिवार को कार्रवाई का इंतजार है।

# ससुराल में बेड पर मृत मिली महिला

संवाददाता, हरदोई

- रात में अचानक बेटी के रोने पर पति व परिजनों को हुई जानकारी

**अमृत विचार।** बच्चों के साथ सो रही एक 25 वर्षीय युवती की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। बच्चे के रोने की आवाज़ सुन कर लोगों की नींद टूट गई। उसी बीच देखा गया कि उसकी मौत हो चुकी थी। चार साल पहले शादी हुई थी, लेकिन पिता ने फिलहाल कोई आरोप नहीं लगाया है।

बेनीगंज कोतवाली के बल्देव पुरवा निवासी राजेंद्र ने करीब चार साल पहले अपनी 25 वर्षीय पुत्री रेखा की शादी उसी कोतवाली के भदहा गांव निवासी नीरज के साथ की थी। उसकी दो बेटियां है। जैसा कि बताया गया है कि शनिवार की रात में रेखा और सारे घर वालों ने खाना खाया और सोने चले गए, रेखा अपनी बेटियों के साथ बेड पर जबकि उसका पति नीरज बगल में चारपाई पर सो रहा था। आधी रात को अचानक उसकी बच्ची ज़ोर-ज़ोर से रोने लगी, काफी देर हो गई, लेकिन बच्ची चुप नहीं हुई, उसकी आवाज़ से घर वाले जागे और उन्होने रेखा को पुकारा, लेकिन कोई आहट न मिलने से उसके पास पहुंच कर देखा गया, उसकी मौत हो चुकी थी। इसका पता होते ही चीख-पुकार होने लगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# कोतवाली पर किया विरोध प्रदर्शन

संवाददाता/पिहानी हरदोई

- नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सुभाषपा कार्यकर्ताओं का फूटा गुस्सा

**अमृत विचार।** पिहानी कोतवाली क्षेत्र के दहेलिया में नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में सुभाषपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली में विरोध प्रदर्शन किया। सीओ अजीत सिंह चौहान पिहानी इंस्पेक्टर छोटेलाल की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि गांव के नसीम पुत्र समीम खान धमका रहा है। उवेश और परवेज पुत्र इस्लामुद्दीन के खिलाफ भी शिकायत की गई। पीड़ित का कहना है कि लड़की के अपहरण में सभी की मिलीभगत है। सीओ ने बताया कि घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। लड़की को बरामद कर लिया गया है। धारा 164 के तहत बयान दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों को बालिका से मिलने के लिए हरदोई भेजा गया है। पीड़ित ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा, बालिका के हरियाणा में होने की सूचना पर पुलिस कर्मियों ने हरियाणा जाने के लिए रुपए की मांग की थी। रुपए न दे पाने पर पुलिस बालिका की बरामदगी के समय किसी परिजन को साथ नहीं ले गई। कल से किसी परिजन को बालिका से मिलने नहीं दिया गया। विरोध प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट संजीव यादव, संजय अर्कवंशी, लालाराम अर्कवंशी, वीनू अर्कवंशी, असलम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खाना खाकर टहलने निकले युवक की घर पहुंचकर मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** खाना खाने के बाद टहलने निकला युवक घर पहुंचा, तभी उसकी हालत बिगड़ गई। मेडिकल कालेज ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। बघौली थाने के राव बहादुर गांव निवासी मन्नीलाल का पुत्र सुधीर कुमार (20) बाहर रहकर मजदूरी करता था। पिता मन्नी लाल ने बताया कि शनिवार की रात में खाना खाने के बाद सुधीर टहलने के लिए बाहर निकला, घर वापस लौटते ही उसकी हालत बिगड़ गई, उल्टियां होने लगी। परिजन उसे लेकर मेडिकल कालेज जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, लोगों का कहना है कि विषाक्त पदार्थ खाने से सुधीर की मौत हुई है, वहीं परिजन इस बारे में कुछ नहीं बता सके।



# नशे की हालत में बस दौड़ाने वाला चालक बर्खास्त, वरिष्ठ लिपिक की भी जांच शुरू

संवाददाता, हरदोई

- परिवहन मंत्री की सख्ती पर की गई कार्रवाई

**अमृत विचार।** नशे की हालत में शहर में रोडवेज की बस सड़क पर दौड़ा कर सवारियों व राहगीरों की जान जोखिम में डालने वाले परिवहन निगम के चालक को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। नशेड़ी ड्राइवर वीरेश की संविदा खत्म करते हुए उसकी सिक्योरिटी ज़ब्त कर ली गई है। साथ ही नशे की हालत में उसे ड्यूटी पर भेजने में वरिष्ठ लिपिक विनोद पाण्डेय की जांच करते हुए उसके निलंबन की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। बताते चलें कि बीते शुक्रवार (12 सितंबर) की देर शाम हरदोई डिपो की रोडवेज़ बस कानपुर के लिए रवाना हुई। सवारियों का कहना था ड्राइवर वीरेश नशे की हालत में गाड़ी चला रहा था। इसका पता तब चला जब कई राहगीर कुचलते-कुचलते बचे। ऐसा देख कर सवारियां चीखने लगी, उनकी चीख सुन कर भीड़ दौड़ पड़ी और सिनेमा चौराहे पर गाड़ी का बैरियर लगा कर उसे रोका गया। बस रुकते ही ड्राइवर कूद कर भाग गया। कंडक्टर धर्मपाल निवासी खानूपुर पाली ने माना कि ड्राइवर नशे में था। घटना को लेकर जमकर हंगामा हुआ था।

सत्संग

संत निरंकारी मंडल की साप्ताहिक सत्संग में केंद्रीय ज्ञान प्रचारक ने दिया प्रवचन

# भक्ति में श्रद्धा और विश्वास अति आवश्यक : कैलाश नाथ

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** संत निरंकारी मंडल की शाखा कमेटी द्वारा भूरज सेवा संस्थान में आयोजित साप्ताहिक सत्संग में लखीमपुर से आए केंद्रीय ज्ञान प्रचारक महात्मा कैलाश नाथ तिवारी ने अपने अध्यक्षीय विचारों में बताया कि सत्संग कल्प वृक्ष के समान है। सत्संग करने से हमारी वह कामनाएं पूरी होती है जिससे हमारा हित होता है।

सतगुरु हमें झुकने की कला सिखाते हैं। झुकने से हमारा सबसे बड़ा शत्रु अहंकार नष्ट होता है। अहंकार के कारण ही निरंकार सामने होते हुए भी दूर रहता है। जिसकी हम भक्ति करते हैं, पूजा करते हैं, उसकी जानकारी करनी अति आवश्यक है। यह ज्ञान हमें सतगुरु के द्वारा ही प्राप्त हो सकता है। ज्ञान रूपी पौधे को सेवा, सुमिरन, सत्संग रूपी जल देना अति आवश्यक है। श्रद्धा और विश्वास भक्ति में अति आवश्यक है। लखीमपुर से ही आए महात्मा डा.बीपी त्रिपाठी ने सतगुरु की सिखलाई को अपने आचरण में उतारने पर बल दिया। महात्मा जितेंद्र सिंह, दिनेश सोनी, राजेश, रामकुमार सिंह, डा. बिंदु, रेखा, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



सत्संग में बोलते महात्मा कैलाश नाथ तिवारी। अमृत विचार

### श्रीकृष्ण का जन्म सत्य व न्याय की विजय का प्रतीक

**हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के जरेली गांव में आयोजित हुई श्रीमद् भागवत कथा मे श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई गई। कथा व्यास सुदामा शुक्ला ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्म केवल ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि धर्म और अधर्म के बीच संघर्ष में सत्य और न्याय की विजय का प्रतीक है। जब-जब धरती पर पाप और अधर्म का भार बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर भक्तों की रक्षा करते हैं और दुष्टों का संहार करते हैं। सुदामा शुक्ला ने बताया कि श्रीकृष्ण का जन्म संदेश देता है कि हमें अपने जीवन में सदैव धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि कथा से मिले संदेशों को जीवन में उतारकर समाज को और बेहतर बनाने में योगदान दें। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से पुण्य अर्जित करने का आह्वान किया। श्रीमद् भागवत कथा के तहत हुए कार्यक्रम मे पितृ यज्ञ का भी आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कथा व्यास सुदामा शुक्ला बताते हैं कि पितृ पक्ष में पितृ यज्ञ (श्राद्ध) करने से पुरखों की आत्मा को शांति मिलती है और वे प्रसन्न होकर वंशजों को आशीर्वाद देते हैं। पितृ यज्ञ एक प्रकार का तर्पण और श्राद्ध है, जिसमें पितरों का सम्मान और आभार व्यक्त किया जाता है। इसके माध्यम से पितृ ऋण चुकाने और पितृ दोष से मुक्ति पाने में मदद मिलती है।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### मल्लावां में श्रीमद भागवत कथा से पहले निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**संवाददाता, मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के एक गेस्ट हॉउस में श्रीमद भागवत महापुराण का शुभारंभ कलश यात्रा निकालकर कर किया गया। श्रीमद भागवत कथा का आयोजन व्यापारी प्रेम कुमार गुप्ता व उनकी धर्म पत्नी नीलम गुप्ता द्वारा किया जा रहा है। भागवत कथा के प्रथम दिवस पर देव आवाहन के साथ नगर में कलस यात्रा निकालकर शुभारम्भ किया गया। कथा 20 सितंबर को विराम होगी और 21 सितंबर को हवन व भंडारा का आयोजन होगा। भगवान की सुंदर कथा नैमिष धाम के आचार्य कथा व्यास सम्पति कुमार त्रिपाठी अपने मुखार बिन्दु से करेंगे। यह जानकारी प्रवीण कुमार गुप्ता ने दी।

### राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जिले को 2 गोल्ड सहित मिले 5 मेडल

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** ओपन राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग, बेंच प्रेस, डेड लिफ्ट प्रतियोगिता लखीमपुर में आयोजित हुई। राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर खिलाड़ियों ने उच्च प्रदर्शन कर गोल्ड, रजत, कांस्य पदक जीत कर जनपद का मान बढ़ाया। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पूनम तिवारी ने बताया कि बालक वर्ग में 59किलो भार वर्ग में डेड लिफ्ट में निखिल ने सिल्वर मेडल प्राप्ति किया। बालिका वर्ग में 52 किलो भार वर्ग में डेड लिफ्ट में असमान कौर ने स्वर्ण पदक हासिल किया।, 57केजी सबजूनियर भार वर्ग में जोहा खान ने पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक, जैसमीन कौर ने रजत पदक डेड लिफ्ट में हासिल किया।69 किलो भार वर्ग में वैष्णवी ने डेड लिफ्ट में कांस्य पदक जीता। सभी विजेता खिलाड़ियों का वीर बहादुर सिंह (अध्यक्ष) शंकर व्यामशाला के समस्त खिलाड़ियों ने स्वागत किया।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षामित्रों ने विधायक से मिलकर जताई खुशी

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व रसोईयों के मानदेय में बढोत्तरी समेत कैशलेश इलाज की सुविधा प्रदान करने की घोषणा से शिक्षामित्रों में खुशी है। रविवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र के प्रान्तीय निर्देश पर संगठन के पदाधिकारियों ने भाजपा विधायक आशीष सिंह आशू से भेंट कर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। संगठन के जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार शुक्ल व प्रान्तीय मंत्री अरविन्द वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद संतोषजनक मानदेय बढोत्तरी व अन्य सुविधाएं मिलने की उम्मीद बढ़ गई।

### स्वयंसेवकों का हुआ एकत्रीकरण

**हरदोई, अमृत विचार।** जीपी मेमोरियल विद्यालय बेहंदर में रविवार को आरएसएस के सौ साल पूरे होने की तैयारियों के तहत पंच परिवर्तन को लेकर स्वयंसेवकों का पूर्ण गणवेश में एकत्रीकरण हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जिला व्यवस्था प्रमुख शिवकिशोर ने मां भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए की। उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता और नागरिक कर्तव्य संघ की ओर से लिए गए पंच परिवर्तन संकल्प का विस्तृत व्याख्यान किया।

### जीआरपी ने वांछित को किया गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** जीआरपी पुलिस ने दिलावर निवासी ग्राम बरवा सरसंड थाना बघौली जिला हरदोई हाल पता मो. पूर्वी बाजार कछौना थाना कछौना को गिरफ्तार कर लिया।

# हरदोई से चलने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग

संवाददाता, हरदोई,

- पितृपक्ष में पिंडदान के लिए गया जाने वालों की बढ़ी संख्या



**अमृत विचार।** 21 सितंबर तक पितृपक्ष के चलते देशभर से लोग अपने पितरों की शांति के लिए गया जाकर पिंडदान और अन्य धार्मिक अनुष्ठान कराते हैं। जिले से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर साल गया पहुंचते हैं। यही कारण है कि इस अवधि में हरदोई होकर गुजरने वाली गया जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ देखी जा रही है। हरदोई से होकर तीन प्रमुख ट्रेनें सीधे गया जाती हैं। सियालदाह एक्सप्रेस 13152, गंगा सतलुज एक्सप्रेस 13308 और दून एक्सप्रेस 13010। इस बार सभी ट्रेनों में लगातार वेटिंग बढ़ती जा रही है और यात्रियों को कन्फर्म सीटें मिलना मुश्किल हो गया है।सियालदाह एक्सप्रेस में सबसे ज्यादा दबाव देखा जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक 15 से 22 सितंबर तक इस ट्रेन के स्लीपर कोच में वेटिंग 43 से घटकर 19 के बीच दर्ज हो रही है। वहीं एसी थ्री इकोनॉमी कोच में 15 और 17 सितंबर को तो वेटिंग भी उपलब्ध नहीं रही, यानी टिकट ही खत्म हो गए। बाकी दिनों में 22 सितंबर तक 3 से 8 वेटिंग चल रही है। 3 एसी में भी यही स्थिति है, जहां 15 से 22 सितंबर तक 5 से 17 तक वेटिंग लिस्ट बनी हुई है। गंगा सतलुज एक्सप्रेस में भी यात्रियों की भीड़ काफी बढ़ गई है। इस ट्रेन के स्लीपर कोच में 16 से 19 सितंबर तक 42 से 44 वेटिंग तक पहुंच गई है। वहीं एसी इकोनॉमी में 16 से 20 सितंबर तक 6 से 11 वेटिंग बनी हुई है। 3 एसी की स्थिति भी अलग नहीं है, इसमें 16 से 20 सितंबर तक यात्रियों को 12 से 9 वेटिंग मिल रही है।सबसे ज्यादा मुश्किल स्थिति दून एक्सप्रेस में देखने को मिल रही है। 16 से 22 सितंबर तक इसके स्लीपर कोच में 70 से 77 तक वेटिंग दर्ज हो रही है। वहीं एसी कोच में 16 से 20 सितंबर तक 23 से 17 वेटिंग तक पहुंच गई है।यात्रियों का कहना है कि हर साल पितृपक्ष के दौरान गया जाने वालों की भीड़ बढ़ती है, लेकिन इस बार स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण है। कन्फर्म टिकट मिलना बेहद कठिन हो गया है, जिससे कई लोग परेशानी में हैं। ऐसे में यात्रियों की मांग है कि रेलवे को विशेष ट्रेनें चलाने या अतिरिक्त कोच जोड़ने पर विचार करना चाहिए, ताकि श्रद्धालु बिना कठिनाई के अपनी धार्मिक यात्रा पूरी कर सकें।

## अनियमितताओं में राशन दुकान निलंबित

**हरपालपुर,,हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड की ग्राम पंचायत बड़ा गांव में अंत्योदय योजना के तहत राशन की घटतौली व सरकारी मूल्य से अधिक मूल्य लेकर चीनी देने का आरोप लगाते हुए कार्डधारकों ने अनुसूचित वस्तु विक्रेता के खिलाफ डीएम से शिकायत की थी। डीएम के निर्देश पर एसडीएम सवायजपुर ने जांच कराई तो आरोप सही पाए गए। जांच अधिकारी ने रिपोर्ट आख्या उच्च अधिकारियों को भेज दी थी। उपजिलाधिकारी मयंक कुंडू ने आरोपी राशन विक्रेता विपिन कुमार की दुकान निलंबित कर स्पष्टीकरण मांगा है, लंबन अवधि में बड़ा गांव की राशन दुकान श्यामपुर पंजा की राशन दुकान से संबद्ध कर दी गई है।

## भूमि विवाद में मारपीट करने के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई,

**अमृत विचार।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम भदेउनी में 12 सितंबर की सुबह जमीनी विवाद में मारपीट कर घायल करने के मामले में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

घायल मोनिका पत्नी विपिन के अनुसार 12 सितंबर को सुबह करीब 6 बजे उसके ससुर रामदयाल, चचिया ससुर वीरपाल के पास दादी को फुसलाकर जमीन का गलत बैनामा करने की शिकायत लेकर गए थे। इसी बात पर विपक्षी अनिल ने अपने भाई बिजेंद्र पाल, प्रिंस, रनधीर और वीरपाल के साथ मिलकर उसके दरवाजे पर घेर लिया और उसे, पति विपिन, ससुर रामदयाल, सास मुन्नी, देवरानी सीमा,रिंकी और ननद रुची को लाठी डंडों से मारपीट कर मारा पीटा। विपक्षियों ने घर में घुसकर सभी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गांव वालों के आने पर विपक्षी रिपोर्ट दर्ज करवाने पर गांव में न रहने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता की लिखित तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। पुलिस आरोपियों को तलाश कर रही है।

# 30 एसआई किए गए स्थानांतरित

## सेमरा चौराहा पुलिस चौकी प्रभारी सहित कई एसआई लाइन हाज़िर

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** पुलिस महकमे को और मज़बूत बनाने, साथ ही पुलिसिंग को दुरुस्त करने में जुटे एसपी नीरज कुमार जादौन ने रविवार की देर शाम बिलग्राम में तैनात ट्रैफिक इंस्पेक्टर इन्द्रेश यादव को वहां से हटा कर सण्डीला कोतवाली में इंस्पेक्टर (रिज़र्व) की ज़िम्मेदारी सौंपी है, साथ ही सेमरा चौराहा पुलिस चौकी प्रभारी के अलावा कई एसआई लाइन हाज़िर कर वहां दूसरे एसआई तैनात किए है।

एसपी ने सेमरा चौराहा पुलिस चौकी प्रभारी एसआई सुजीत वरुण को लाइन हाज़िर कर सुरसा थाने में तैनात एसआई भूपेंद्र सिंह को सेमरा चौराहा चौकी प्रभारी बनाया है। सण्डीला कस्बा चौकी प्रभारी एसआई रविकेश सिंह को बेहटा गोकुल,पुलिस लाइन में तैनात एसआई सुरेंद्र सिंह को सण्डीला कस्बा चौकी प्रभारी, सुरसा में तैनात एसआई रजत त्रिपाठी को गौसगंज पुलिस चौकी में सेकेंड आफीसर बनाया है। इसी तरह एसआई रामदास सिंह व एसआई सुरजीत यादव को पुलिस लाइन से सुरसा,एसआई पार्थ मलिक को बघौली से लाइन, एसआई जिब्राइल शेख को पुलिस लाइन से बघौली, एसआई रमापति मिश्र को पुलिस लाइन से बघौली, एसआई योगेंद्र कुमार को सण्डीला से मझिला, एसआई वीरेंद्र प्रताप सिंह को अतरौली से मझिला, एसआई सुरेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से सण्डीला कस्बा चौकी प्रभारी, एसआई सुरेंद्र नाथ पाण्डेय को बिलग्राम से मझिला, एसआई रामकुमार शुक्ला को साण्डी से आलमनगर चौकी (मझिला) प्रभारी, एसआई रामलखन अवस्थी को आलमनगर चौकी (मझिला) के प्रभारी से हरियावां, एसआई फरीद खां को हरियावां से बेहटा गोकुल, एसआई नरेंद्र कुमार दुबे को टड़ियावां से बेनीगंज, एसआई राजेश मिश्रा को पुलिस लाइन से पिहानी, एसआई शमशेर अहमद को बेनीगंज से हरपालपुर, वहीं बेनीगंज में तैनात एसआई रोहित कुमार को लाइन हाज़िर, पुलिस लाइन में तैनात एसआई उमाकांत को बेनीगंज, एसआई वीरेंद्र कुमार को हरपालपुर से लोनार,एसआई रामसूरत को लोनार से हरपालपुर, साथ ही हरपालपुर में तैनात एसआई विवेक कुमार को लाइन हाज़िर किए गए है। पुलिस लाइन में तैनात एसआई मुरली सिंह यादव व अरवल में तैनात एसआई श्रीप्रकाश को बेहटा गोकुल भेजा गया है। सण्डीला में तैनात एसआई अनिल मिश्र को अतरौली का हेड मोहर्रिर और अतरौली में हेड मोहर्रिर की जिम्मेदारी संभाल रहे एसआई योगेश मिश्रा को वहीं थाने में तैनाती दी है।

# आरोपियों के घरों पर जो भी मिला सभी को पकड़कर थाने पहुंचाया

संवाददाता, अतरौली, हरदोई



पुलिस हिरासत में आरोपी महिलाएं व पुरुष।

- शनिवार को जमीन कब्जा छुड़वाने गई पुलिस व राजस्व विभाग की टीम पर किया गया था हमला

**अमृत विचार।** शनिवार को भरावन के ब्लाक प्रमुख विनोद सिंह तोमर की जमीन से कब्जा छुड़वाने गई राजस्व व पुलिस टीम पर हमला बोला गया। इसी मामले में 5 पुलिस कर्मी जख्मी हुए थे और दरोगा की वर्दी फाड़ी गई थी। रविवार को पुलिस को कब्जेदारों के घर पर जो मिला उसे उठा लाई और जेल भेज दिया।

कानूनगो रूपचन्द्र द्विवेदी ने अतरौली थाने पर 5 महिलाओं व 5 पुरूषों पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक मारकण्डेय सिंह, दीवान उदयवीर सिंह यादव, दीवान अनूप कुमार सिंह, सिपाही विपुल पाण्डेय, महिला सिपाही नीरज, रिंका, संगीता की टीम ने कब्जेदारों के साथ मिलकर बवाल करने वाले शिवप्रसाद, काजल, सोनी निवासीगण पुन्नापुर, विनोद कुमार, सुनीता निवासी रायपुर थाना माल, शान्ति देवी निवासी टाड़ि थाना अतरौली को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कण्डेय सिंह ने बताया कि जो लोग पकड़े गये है उनका बवाल करते समय बीडीओ बना है। विवेचना में प्रकाश में आये लोगों को जेल भेजा गया है।

## मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट, वीडियो वायरल

संवाददाता, हरपालपुर, हरदोई



मारपीट करते आरोपी।

**अमृत विचार।** अरवल थाना क्षेत्र की श्रीमऊ बाजार में बीज भंडार की दुकान पर मौजूद दो भाइयों के साथ मामूली विवाद के चलते दबंगो ने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

अरवल थाना क्षेत्र के अंधेया गांव निवासी भंवरपाल अपने भाई महेंद्र के साथ अपनी बीज भंडार की दुकान पर मौजूद था। उसी समय हन्नामऊ गांव निवासी मुनीश पुत्र महेश, अतुल कुमार व बिपिन कुमार पुत्रगण महेश अपने अन्य साथियों के साथ आकर गाली गलौज करने लगे। भंवर पाल ने मना किया तो आरोपियो ने बीच बाजार में मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में भंवर पाल व महेंद्र पुत्रगण रामाधीन लहूलुहान हो गए। घायल महेंद्र पाल ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ घटना की तहरीर दी है।

## सड़े-गले सेबों की हो रही खुलेआम बिक्री

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** नवीन मंडी परिसर के बाहर इन दिनों अव्यवस्था और लापरवाही का ऐसा आलम है कि रोजाना दो से पांच ट्रक सड़े हुए सेब खुलेआम बेचे जा रहे हैं। कम दाम पर बिकने वाले इन फलों की हालत इतनी खराब है कि उनसे उठने वाली दुर्गंध से आसपास के लोग काफी परेशान हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लंबे समय से यह कारोबार बेखौफ जारी है। लोगों का आरोप है कि खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी केवल कागजों में सक्रिय रहते हैं और दफ्तर से ही पूरा काम निपटा देते हैं। जबकि हकीकत यह है कि मंडी परिसर के बाहर गंदगी और सड़ांध का माहौल दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है।

# नाकामी छिपा रही भाजपा सरकार : रामज्ञान

संवाददाता, हरदोई



समाजवादी व्यापार सभा की बैठक को संबोधित करते रामज्ञान। • अमृत विचार

- कहा, किसानों को नहीं मिल रही खाद, कीटनाशक महंगा

**अमृत विचार।** समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश सचिव एवं हरदोई नगर पालिका परिषद से अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी रामज्ञान गुप्ता ने समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारियों एवं नगर के व्यापारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए महंगाई, बेरोजगारी, ध्वस्त कानून व्यवस्था, खाद, बिजली जैसी बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए ऐसे फैसले लेती है जिससे लोगों का ध्यान बांटा जाए। जीरो टालरेंस का दावा झूठ साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार खेती को बर्बाद कर रही है। कीटनाशक महंगा है किसान खाद के लिए भटक रहा है। इस सरकार के रहते किसानों की आय दोगुनी नहीं होगी। समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष सुधीर गुप्ता मिन्ना ने कहा कि देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी कहे जाने वाले व्यापारियों का उत्पीड़न उत्तर प्रदेश में चरम पर है। इसके अलावा समाजवादी व्यापार सभा के जिला महासचिव अवनीश यादव ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष नवीन यादव ने किया। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष विक्रम कुशवाहा , जिला महासचिव अवनीश यादव, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ दीपू यादव मौजूद रहे।

## दिल्ली में रह रहे हरदोई के युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** दिल्ली में रह कर दिहाड़ी मज़दूरी कर रहे युवक की वहीं संदिग्ध हालत में मौत हो गई। गोविंदपुरी थाने की पुलिस ने बताया कि उसने कमरे के अंदर फांसी लगाई थी, रविवार को दिल्ली पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। युवक के भाई का आरोप है कि वहीं पड़ोस में रह रहे उसके भाई की मौत में फूफा और बुआ की साजिश शामिल है। टड़ियावां थाने के सिकंदर पुर निवासी 27 वर्षीय शिवा उर्फ शिवकुमार दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके की छुरिया गली में रह कर मज़दूरी करता था। उसी के पड़ोस में फूफा नीरज और बुआ राधा भी रहती है। रविवार को दिल्ली पुलिस से सूचना मिली कि शनिवार को शिवा का शव कमरे में फांसी पर लटकता मिला था।

# हादसे में बाइक सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा है। कानपुर के ककवन थानाक्षेत्र उत्था गांव निवासी सुखराम (20) पुत्र सत्य नारायण शुक्ला हलवाई था। वह इस समय परिवार के साथ कानपुर के कल्याणपुर थानाक्षेत्र के बैरी में रह रहा था। बीती रात 10 बजे वह घर से बिना बताए निकला था। रात करीब 2 बजे अचलगंज थानाक्षेत्र के बदरका चौराहा पर उसकी बाइक में अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए भाग निकला। इसमें वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। पुलिस उसे जिला अस्पताल लाई। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बाइक के नंबर से उसकी पहचान कराकर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। सुखराम की चार माह पहले ही शादी हुई थी। उसकी मौत से पत्नी गौरी सदमे में है। वह चार भाइयों में छोटा था। एसओ राजेश पाठक ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** असोहा थानाक्षेत्र स्थित मायके में रह महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जहां उसके जहरीला पदार्थ निगलने से मौत होने की आशंका पर पर बिसरा सुरक्षित किया गया। असोहा थानाक्षेत्र के सोहो गांव निवासी सीता रावत (22) की शादी पुरवा कोतवाली क्षेत्र के भदनांग गांव निवासी मुकेश रावत से हुई थी। पति केरला में आइसक्रीम बेचता है। पति से हुई कहासुनी के बाद सीता अपनी छोटी बेटी के साथ मायके में रह रही थी। रविवार भोरपहर हालत बिगड़ने पर परिजन उसे कालू खेड़ा स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## सेंध काटकर पार किये नकदी, जेवरात व बर्तन

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव देवगांव में बीतीरात चोरों ने सेंध काटकर नगदी, जेवरात, बर्तन सहित करीब एक लाख का सामान पार कर दिया। आगे के कमरे में सोई ग्रह स्वामिनी को भोरपहर सामान बिखरा देख चोरी की जानकारी हुई। कोतवाली क्षेत्र के देवगांव गांव निवासी सुधीर गौढ़ की पत्नी संध्या ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पति रोजगार के सिलसिले में तो बेटा पढ़ाई के लिए उन्नाव शहर में रहता है। बीती रात सेंध काटकर घुसे चोर नगदी, जेवरात, बर्तन व जरूरी कागजात पार कर ले गए।एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# युवक को रोककर मारा चाकू, गंभीर

- तहरीर के आधार पर एक नामजद व तीन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

हसनगंज उन्नाव



अस्पताल में भर्ती युवक।

**अमृत विचार।** कस्बे के बाहर लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर शनिवार शाम चार नकाबपोश हमलावर स्कूटी सवार युवक को रोककर झगड़ा करने लगे। जब तक युवक कुछ समझ पाता तब तक उनमें से एक ने युवक को पेट पर चाकू मारकर घायल कर दिया। इसमें युवक बेहोश होकर गिर पड़ा। सड़क पर वाहन आता देख हमलावर फरार हो गए। युवक ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत स्थिर है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक नामित व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कोतवाली क्षेत्र के हसनगंज निवासी अनुज पुत्र बाबूलाल ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि शनिवार रात करीब 8 बजे वह लखनऊ के मूल निवास तिरवा से स्कूटी से हसनगंज स्थित घर जा रहा था। तभी मोहान-हसनगंज के बीच एक रेस्टोरेंट के पास 4 युवकों ने उसकी बाइक रोक ली और मारपीट करने लगे। जब तक वह कुछ समझ पाता कस्बा मोहान के विवेक ने उसके पेट में चाकू मार दी। जिससे वह वहीं बेहोश होकर गिर गया। पीड़ित ने एक ज्ञात व तीन अज्ञात के खिलाफ प्रार्थनापत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। सीओ अरविन्द चौरसिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही।

## सर्प के डसने से युवक की हुई मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के चंदीगढ़ी मोहल्ला निवासी युवक को सर्प ने डस लिया। अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें सर्प दंश से मौत होने की पुष्टि हुई है। चंदीगढ़ी मोहल्ला निवासी आशीष (32) स्व. राम सुमेर मजदूरी करता था। बीती रात वह घर पर लेटा था। तभी उसे सर्प ने डस लिया। परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर परिजन रात भर झाड़ फूक के चक्कर में पड़े रहे। वहां से भी निराशा हाथ लगने पर परिजन शव लेकर घर लौटे और पुलिस को सूचना दी।

**जागरूकता** | वैज्ञानिकों ने दी नैनो यूरिया व डीएपी खाद प्रयोग करने की सलाह

# परंपरागत उर्वरकों का कम करें प्रयोग किसान

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव




सभा के दौरान मौजूद किसान व वैज्ञानिक। • अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव गनीपुर में कृषि विज्ञान केन्द्र धौरा द्वारा बीते शनिवार किसान सभा का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को खेत की मिट्टी की सेहत के लिए परंपरागत उर्वरकों के स्थान पर नैनो यूरिया व डीएपी खाद प्रयोग करने की सलाह दी गई। किसान सभा में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एसपी सिंह ने कहा कि यदि खेत की मिट्टी की सेहत बचाए रखनी है तो किसानों को विज्ञान के साथ कदम मिलाकर चलना होगा। कहा कि परंपरागत यूरिया व डीएपी उर्वरकों से मिट्टी खराब हो रही है। साथ ही फसलों के उत्पादन में लागत बढ़ने से किसानों को फसल का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है। जबकि नैनो यूरिया व डीएपी खाद से जहां मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बरकरार रहेगी वहीं उत्पादन में लागत घटने से किसानों को फसल का लाभकारी मूल्य मिल पाएगा। उन्होंने किसानों से नैनो तकनीक आधारित उर्वरक का प्रयोग करने की अपील की। सभा में कृषि वैज्ञानिक धीरज तिवारी व डॉ. केएन तिवारी व आकाशवाणी लखनऊ के डा. सुशील कुमार ने भी नैनो तकनीक पर चर्चा की। सभा की अध्यक्षता मानव उत्थान सेवा समिति की अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा ने की।

## हिंदी में अन्य भारतीय भाषाओं की झलक



**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** हिंदी हमारी आत्मा है। देश की सभी भाषाओं को समाहित कर हिंदी निरंतर समृद्ध हो रही है। राजनीतिक अनुदारता के चलते हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने की हिलोरें दिवास्वप्न बनकर रह गई हैं। विविधताओं को सहेजे हिंदी भारत के भाल को समुन्नत कर कर रही है। यह बात नगर के सुभाष इंटर कालेज के सेवानिवृत हिंदी शिक्षक, पत्रकार, लेखक, कवि व चिंतक धीरेंद्र शुक्ल ने रविवार को अपने आवास पर हिंदी दिवस पर कहीं। बताया कि उन्हें सभी भारतीय भाषाओं पर गर्व है। हिंदी ऐसी भाषा है जिसमें अन्य भारतीय भाषाओं की झलक मिलती है और यही हमारी राष्ट्रीय पहचान है।

# खेत पर जबरन कब्जा करने के लिए पहुंचे दबंगों को महिलाओं ने खदेड़ा



भूमाफिया व उसके गुर्गों को भगाने के लिए खेत पर खड़ी महिलाएं। • अमृत विचार

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के कुछ अल्पसंख्यक वर्ग से संबंधित भू-माफिया क़िस्म के लोग प्रमुख मार्ग स्थित एक बेशकीमती जमीन पर पिलर गाड़कर जबरन कब्जा करने लगे। हालांकि, महिलाओं के विरोध के चलते भूमाफिया भाग खड़े हुए।

महिलाओं का आरोप है कि हल्का पुलिस की दबंग भूमाफिया से मिलीभगत है। कोतवाली क्षेत्र के गांव केशवापुर निवासी शशिमुखी पत्नी सर्वेश कुमार ने कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह को दिए शिकायती पत्र में बताया कि एक महिला द्वारा फर्जी अभिलेखों से उसकी पारिवारिक भूमि का बांगरमऊ के अल्पसंख्यक समुदाय के भूमाफिया के नाम बैनामा कर दिया गया था। जिसका मुकदमा चकबंदी न्यायालय उन्नाव में विचाराधीन है। बीते शनिवार आधा दर्जन विशेष समुदाय के लोग ट्रैक्टर पर आरसीसी पिलर लादकर खेत पहुंचे और पिलर गाड़कर कब्जा करने लगे। सूचना पर पहुंची खेत मालिक के घर की महिलाओं ने दबंगों को वहां से खदेड़ दिया। पीड़िता ने प्रभारी निरीक्षक से दबंगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने बताया कि विवाद राजस्व विभाग से संबंधित है। जिसका निर्णय चकबंदी या राजस्व विभाग की अदालत से ही संभव है।

## न्यूज ब्रीफ

### नहर में बहता दिखा महिला का शव

**गंजमुरादाबाद उन्नाव, अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव रामदीन खेड़ा के पास शारदा नहर में ग्रामीणों ने एक शव तेज़ धारा में बहता देखा। नहर के समानांतर स्थित सड़क से गुजरने वाले राहगीरों ने बहते शव का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। फिर भी नहर में बहते शव की चर्चा आसपास के गावों में जोरों पर है। ग्रामीणों के अनुसार शारदा नहर में बहते देखा गया शव किसी महिला का है। वह काले रंग के कपड़े पहने है और शव कई दिन पुराना है। फिलहाल पुलिस शव ढूंढने के लिए नहर खंगालने में जुटी है।

### गंगा में कूदते बच्चों का वीडियो वॉयरल

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नवीन पुल से गंगा नदी में बच्चों के छलांग लगाने का वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वॉयरल हो गया। वीडियो में दिख रहा है कि कुछ बच्चे पुल पर पहुंचकर पहले डिवाइडर फिर रेलिंग पर चढ़े और बिना किसी डर के एक-एक कर गंगा में छलांग लगा दी। खास बात यह रही कि सभी बच्चे छलांग लगाने के बाद तैरकर बाहर भी निकलते दिखे। वहीं पुल से गुजरने वाले राहगीरों ने भी बच्चों को रोकने की कोशिश नहीं की और न ही किसी जिम्मेदार ने ध्यान दिया। इस तरह की लापरवाही से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि वॉयरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

### कांग्रेसियों ने बाढ़ पीड़ितों को बांटे लंच पैकेट

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान व कोषाध्यक्ष शिवम अवस्थी के संयोजन में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष जंग बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष संगठन चंद्र प्रकाश शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमत सिंह, महामंत्री अजय गौतम, सेवादल जिलाध्यक्ष विश्वास निगम, कार्यालय सचिव महेश सहित एक दर्जन कांग्रेसियों ने ग्रामीणों की मदद से करीमाबाद, प्यारेपुर, विक्रम खेड़ा व दो अन्य मजरों में लंच पैकेट वितरित किए।

### महिला को जहरीले कीड़े ने काटा, भर्ती

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के जैतीपुर गांव निवासी अंजू (35) पत्नी बनवारी रविवार दोपहर 2 बजे घर के बाहर घास साफ कर रही थी। तभी उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। जानकारी होने पर परिजन पहले एक गांव में झाड़फूंक कराने ले गए। लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि महिला का इलाज किया जा रहा है। वह खतरे से बाहर है। फिर भी निगरानी के लिए उसे भर्ती रखा गया है।

### डंपर की टक्कर से युवक की हुई मौत

**हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मौलवी खेड़ा गांव निवासी अवधेश रावत (28) पुत्र कुंवर लाल शनिवार रात साढ़े 8 बजे ऊंचा द्वार में काम करने के बाद बाइक से घर जा रहा था। तभी मोहान अजगैन मार्ग पर गैस एजेंसी के सामने तेज रफ्तार डंपर उसे पीछे से टक्कर मारते हुए भाग गया। जिससे बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को सीएचसी ले गई। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। अवधेश मजदूरी कर परिवार पालता था। प्रभारी निरीक्षक शरद कुमार ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### चोरी करने वाले पांच आरोपी गए जेल

**उन्नाव,अमृत विचार :** सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र के मसवासी गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका अमिता शुक्ला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि बीती रात विद्यालय की रसोई का ताला तोड़कर चोर बच्चों के मध्याह्न भोजन बनाने के लिए रखा गैस सिलेंडर, बर्तन व थालियां उठा ले गए। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। रविवार को कोतवाली प्रभारी संजीव कुशवाहा व दरोगा अरविंद पांडेय ने मगरवारा के आगे नाले की पुलिया के पास से विशाल पुत्र सालिगराम, नन्हा उर्फ राजा पुत्र ब्रजमोहन, सचिन उर्फ लल्लू मसवासी सदर कोतवाली, अनुराग उर्फ गोलू पुत्र छत्रपाल निवासी बिलसी रऊ करना थाना माखी व दीपेश नेवरना अचलगंज को पकड़ लिया।

# सरकारी आदेश का उड़ रहा मखौल मात्र 8 घंटे मिल रही विद्युत सप्लाई

## अधिशासी अभियंता बोले- दैवीय आपदा के चलते एरा भदियार पवार हाउस बंद है

संवाददाता,परियर उन्नाव




**अमृत विचार :** सफीपुर विद्युत उपखंड के परियर क्षेत्र में बीते तीन वर्ष से सरकार की मंशा के अनुसार विद्युत आपूर्ति नहीं मिल रही हैं। मुश्किल से 4 से 8 घंटे सप्लाई मिलती हैं। उसमें भी घंटे भर में 8 से 10 बार ट्रिप करती हैं। वोल्टेज भी 50 से 90 के बीच आता है। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार तीन वर्षों से शिकायत की जा रही है किंतु अभी तक कोई लाभ नहीं मिला है। इस संबंध में बांगरमऊ अधिशासी अभियंता राजनाथ यादव ने बताया कि परियर क्षेत्र में अभी दैवीय आपदा के चलते एरा भदियार पवार हाउस बंद है। वहां भी कुछ घंटे सप्लाई देनी पड़ती है। कुछ दिनों की बात है फिर सरकार की मंशानुसार आपूर्ति की जाएगी। परियर, सैदापुर, बीबीखेड़ा, जमाल नगर, न्यामतपुर, मरौंदा सुचित, मरौंदा मझवारा, पनपथा, लालतु पुरवा, देवीपुरवा, बंधन पुरवा, माना बंगला सहित क्षेत्र में आधा सैकड़ा गावों के लोगों को कुछ त्योहार व चुनाव को छोड़कर सरकार की मंशानुसार आपूर्ति नहीं मिल रही है। नीरज, मनमोहन, रामजी, अलोक आदि ने बताया कि बिजली घर का सरकारी नंबर अधिकांश आउट ऑफ कवरेज बताता है। कई बार शिकायत पर भी कोई सुधार नहीं हुआ है।

### 10 वर्ष में सबसे अधिक खराब स्थित इस समय है


अमन शर्मा।

अमन शर्मा ने बताया कि बीते 10 वर्षों से भी खराब स्थित हो गई है विद्युत सप्लाई की। पावर हाउस का नंबर तक कोई नहीं उठाता। जब अधिकारियों के नंबर मिलाओ तो बताते हैं कंट्रोल रूम में मिलाओ।

### मात्र 4 से 8 घंटे मिल रही सप्लाई


डॉ. अनुराग।

डॉ. अनुराग राठौर ने बताया कि बीते कई वर्षों से क्षेत्र में विद्युत सप्लाई की स्थित बहुत खराब है। मुश्किल से 4 से 8 घंटे सप्लाई मिलती है। जिसमें लो वोल्टेज व हर 5 से 10 मिनट पर ट्रिपिंग होती है।

### 2017 से पहले अच्छी मिलती थी बिजली


मनमोहन।

मनमोहन ने बताया कि इससे अच्छी बिजली वर्ष-2017 से पहले मिलती थी। अब परियर में कई वर्षों से विद्युत आपूर्ति न के बराबर होती है। यदि किसी अधिकारी से शिकायत करो तो लाइन मेंटीनेंस की नोटिस जारी कर हफ्तों आपूर्ति बंद कर दी जाती है।

### गावों में 18 घंटे सप्लाई का सरकारी वादा झूठा


शिवा राजपूत।

शिवा राजपूत ने बताया कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को 15 से 18 घंटे विद्युत सप्लाई का वादा झूठा साबित हो रहा है। परियर क्षेत्र के गावों में ठीक से तीन घंटे भी आपूर्ति नहीं मिल रही है।

## कई फीडरों की 3 घंटे गुल रहेगी बत्ती

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** सोमवार को 33/11 केवी उपकेंद्र शुक्लागंज का नियमित परीक्षण किया जाएगा। विद्युत विभाग के अनुसार परीक्षण कार्य के चलते उपकेंद्र से जुड़े 11 केवी फीडर नंबर 2, 3 और 5 की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली कटौती प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक लगभग छह घंटे तक रहेगी। इस दौरान उपभोक्ताओं को आपूर्ति न मिलने से प्रभावित क्षेत्रों में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। यह जानकारी एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने दी। इसी तरह 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मगरवारा (गोकुलबाबा) में नियंत्रण कक्ष की छत व दीवारों की मरम्मत और रंगाई-पुताई के चलते सोमवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड-द्वितीय के अनुसार, उपकेंद्र से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों शुक्लागंज प्रथम, गायत्री नगर, नेहरू बाग, मगरवारा औद्योगिक एवं मगरवारा ग्रामीण की बिजली सुबह 7 बजे से 10 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान अंबिकापुरम, गांधी नगर, सर्वोदयनगर, कंचन नगर, रहमत नगर, गायत्री नगर, आदर्श नगर, नेहरू बाग, नाथू खेड़ा, मगरवारा समेत करीब दो दर्जन मोहल्लों और गांवों की आपूर्ति बाधित होगी।

## रानी शंकर सहाय स्कूल का मना 70वां स्थापना दिवस


रानी शंकर सहाय की मूर्ति पर माल्यार्पण करतीं प्रधानाचार्या रुचि श्रीवास्तव व अन्य।

**उन्नाव, अमृत विचारः** रानी शंकर सहाय बालिका इंटर कॉलेज का 70वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को मनाया गया। प्रधानाचार्य रुचि श्रीवास्तव, शिक्षिका प्रीति पटेल, हरजिंदर वालिया, गौसिया खान, ज्योति अस्थाना, अनुराधा श्रीवास्तव, कविता पांडे, गरिमा शुक्ला, शुभी सिंह, विनीता, अंजली, साधना, अभिषेक त्रिपाठी आदि ने रानी शंकर सहाय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसमें बताया गया कि राजा शंकर सहाय के बेंटों कुंवर गुरु नारायण सेठ, हृदय नारायण सेठ आदि ने 22 सितंबर 1946 को राजा शंकर सहाय इंटर कॉलेज की स्थापना की थी। वहां लड़कियों की शिक्षा न होने के कारण 14 सितंबर 1956 को राजा शंकर सहाय की पत्नी रानी शंकर सहाय के नाम से इसकी स्थापना की थी। राजा शंकर सहाय के पौत्र दिनेश नारायण सेठ ने 14 सितंबर 2006 को रानी शंकर सहाय की मूर्ति की स्थापना की थी। कारण यह था कि रानी शंकर सहाय का जन्म 14 सितंबर 1894 हुई था। इसमें प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने रानी शंकर सहाय की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## साहब! नहीं मानेंगे यातायात के नियम

**उन्नाव, अमृत विचारः** जिले के कप्तान दीपक भूकर ने यातायात नियमों का गंभीरता से पालन कराने की मंशा से सभी के लिये (आम हो या खास) एक नियम लागू करने के निर्देश दे रखे हैं। इसके पीछे मानना है कि अधिकारियों-कर्मचारियों के नियम पालन करने से आमजन में पुलिस की छवि अच्छी होगी। इसके चलते लगातार सख्ती बरती जा रही है लेकिन, यह सख्ती सिर्फ आमजन तक ही सीमित है। क्योंकि उनके विभाग के ही कुछ कर्मचारी इन आदेशों को धता बताते हुए खुलेआम इनकी धज्जियां उड़ा रहे हैं। वाक्या है शनिवार दोपहर का जब एक पुलिस कर्मी अपनी बिना नंबर की बुलेट बाइक पर बिना हेलमेट लगाए शहर के गांधी नगर तिराहा जहां पुलिस व यातायात विभाग की पूरी टीम तैनात रहती है वहां से सभी निर्देशों को दरकिनार कर बेखौफ होकर गुजर गया और उस पर कार्रवाई करना तो दूर किसी ने उसकी ओर देखा तक नहीं? इसे लेकर यातायात निरीक्षक सुनील सिंह ने बताया कि नियम सबके लिए एक है। जो भी यातायात नियमों का उल्लंघन करेता है उस पर कार्रवाई की जाती है।


गांधी नगर तिराहा के पास बिना नंबर व हेलमेट के जाता पुलिस कर्मी।

## शिक्षकों ने डिप्टी सीएम से सुप्रीम कोर्ट फैसले में संशोधन की मांग की

- शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर बेसिक शिक्षकों में असमंजस और अवसाद

संवाददाता,उन्नाव

**अमृत विचार :** यूपी जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र, महामंत्री रामजन्म सिंह व कोषाध्यक्ष सरल कुमार के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिला।

प्रधानमंत्री व केंद्रीय शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन देते हुए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को शिक्षक पात्रता परीक्षा के विषय में देश के बेसिक शिक्षकों के संबंध में दिए निर्णय पर अध्यादेश लाकर संशोधित किये जाने की मांग की। शिक्षक नेताओं ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सेवारत शिक्षकों को जिनकी सेवा अवधि 5 वर्ष से अधिक है उनको शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के आदेश दिए गए हैं। जबकि उसी आदेश में 3 सितंबर 2001 तक के नियुक्त शिक्षकों को मुक्त करने की बात कही गई है। साथ ही आदेश के अन्य भाग में 23 अगस्त 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को भी शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त करने की बात की है।


उपमुख्यमंत्री को भगवान राम का चित्र देते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

### केशव से मिले प्रतिनिधि मंडल ने जताई चिंता

आदेश में यह भी कहा गया है कि शिक्षा अधिकार अधिनियम व संशोधित अधिनियम 10 अगस्त 2017 के अनुसार देश के सभी बेसिक शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण किया जाना है। इन स्थितियों से देश व प्रदेश का बेसिक शिक्षक नौकरी जाने के भय से परेशान व अवसाद ग्रस्त है। जबकि देश व प्रदेश में सेवारत सभी बेसिक शिक्षकों को तत्समय विभाग द्वारा निर्धारित सेवा शर्तों व योग्यता को पूर्ण करते हुए नियुक्त किया गया था। शिक्षक पात्रता परीक्षा एनसीटीई द्वारा 23 अगस्त 2010 को अधिसूचना जारी की गई व शिक्षा अधिकार अधिनियम 2011 में लागू किया गया। ऐसे में उपरोक्त अधिसूचनाओं के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा में लाना उचित नहीं है तथा देश के करीब 40 लाख शिक्षक और उनके परिवार प्रभावित होंगे। केवल उत्तर प्रदेश में ही लगभग 4 लाख शिक्षक प्रभावित होंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उनका ज्ञापन प्रधानमंत्री व केंद्रीय शिक्षा मंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने इसमें पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा उप मुख्यमंत्री को भगवान राम का चित्र भी भेंट किया। प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक राघवेंद्र सिंह, उमेश चंद्र, अनूप शुक्ला, विवेक सिंह, सुरेश कुमार, अनिल दिवाकर, अरविंद शुक्ला, सरल कुमार, वरुण सिंह आदि उपस्थित रहे ।

## हिंदी दिवस पर साहित्यकारों का हुआ सम्मान

संवाददाता,उन्नाव



साहित्यकार कवि डॉ. महेश चंद शुक्ला को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** स्थानीय महात्मा गांधी पुस्तकालय में हिंदी दिवस समारोह आयोजित किया गया। इसमें जिले के वयोवृद्ध साहित्यकार कवि डॉ. महेश चंद्र शुक्ल को अतुल मिश्र व कवि व कहानीकार नसीर अहमद को कमला शंकर अवस्थी की स्मृतियों में निराला शिक्षा निधि व साहित्य भारती की ओर से हिंदीसेवी जनपदीय सम्मान से अलंकृत किया गया। इसमें जिले के अनेक साहित्यकार, कवि व वक्ताओं ने हिंदी भाषा व साहित्य की ज्वलंत समस्याओं पर विचार व्यक्त किए। अनेक कविओं ने हिंदी पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। वक्ताओं व कवियों में दिनेश प्रियमन, सरल, शैलेन्द्र द्विवेदी, केके मिश्र, विवान दीक्षित, पंकज दीक्षित, मृदुल, सचिन, अनिल वर्मा, योगेश दीक्षित, पीके मिश्रा, सरोज, संजीव श्रीवास्तव, ऋषभ बाजपेई, मोहित वर्मा आदि रहे। संचालन डॉ. रामनरेश ने किया। धन्यवाद तनुज अवस्थी व शरद मिश्र ने ज्ञापित किया। सम्मानित अतिथियों को श्रीराम सिंह, अमरेंद्र सिंह आदि ने प्रतीक चिन्ह देकर शाल व माला पहनाई।

## ट्रेन की चपेट में आने से किसान की हुई मौत

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचारः** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव कुसुम्भी में किसान की इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया गया कि छेदी बाबू (58) अपने खेत में खाद डालकर शाम साढ़े 5 बजे लौट रहा था। तभी दो रेलगाड़ियां दोनों ट्रैक पर आने से वह स्थिति को समझ नहीं पाया और लखनऊ से कानपुर जा रही ट्रेन से टकरा गया। इसमें उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उसकी मौत की खबर से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पत्नी आशा, बेटा अखिलेश, अंकित व बेटी नेहा गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## बहन की मृत्यु के वियोग में युवक गंगा में कूदा, गोताखोरों ने बचाया

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचारः** अजगैन निवासी राजेश अपनी बहन के अंतिम संस्कार के बाद आत्महत्या का प्रयास करने पहुंचा नजदीकी श्मशान घाट पर गंगा में छलांग लगा दी। रविवार दोपहर करीब सवा बारह बजे नबावगंज थाना क्षेत्र के हरचंदपुर निवासी उसकी बहन का निधन हुआ। परिजन और ग्रामीण मिश्रा कॉलोनी स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार के लिए इकट्ठा हुए।क्रिया पूरी कर परिजन और अन्य लोग पक्के घाट पर गंगा स्नान के लिए पहुंचे ही थे कि वियोग के बीच नशे की हालत में बताया जा रहा राजेश अचानक गंगानदी में छलांग लगा दिया। घटना देख डर के मारे लोगों ने शोर मचाया और मौके पर मौजूद गोताखोर पहुंचकर उसे पानी से निकालकर बचा लिया। गोताखोरों ने समय रहते कार्रवाई कर उसकी जान बचाई। बचाए जाने के बाद राजेश ने दोबारा आत्महत्या की धमकी दी तथा पुनः छलांग लगाने का प्रयास किया, जिससे परिजन घबरा गए। सुरक्षा के मद्देनजर परिजनों ने उसकी हाथ-पाँव रस्सी से बांधकर नियंत्रित किया और बाद में उसे ट्रैक्टर पर बैठाकर अपने साथ ले गए।

## एक साथ रहने को राजी हुए 29 जोड़े

**उन्नाव, अमृत विचार।** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर जिले के सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। इसमें परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम ने उनकी काउंसिलिंग कर उनके विवाद खत्म कराए और खुशी-खुशी विदा किया।इसमें परिवार परामर्श केंद्र पुरवा से 5, महिला थाना से 5, थाना औरास से 4, थाना पुरवा व अचलगंज से 3-3, थाना गंगाघाट व बांगरमऊ से 2-2, थाना बिहार, कोतवाली सदर, आसीवन व सोहरामऊ से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया।

### पुलिस ने महिला समेत चार को उठाया

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गैर जनपद की पुलिस ने करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में लगातार दूसरे दिन कंचन नगर में छापेमारी कर सनसनी फैला दी। आरोप है कि गिरोह शादी का झांसा देकर युवतियों और उनके परिवारों से मोटी रकम हड़पता था। शुक्रवार शाम बाहरी पुलिस दो वाहनों से कंचन नगर पहुंची और एक घर पर दबिश दी। शुक्रवार को भी पुलिस ने इसी मोहल्ले से एक तथाकथित अधिवक्ता को गिरफ्तार किया था, जिसके पास से लाखों रुपये बरामद हुए थे। उसकी निशानदेही पर शनिवार को फिर छापा मारा गया। पुलिस ने आरोपी युवक के घर से नगदी और जेवरात बरामद किए तथा उसकी पत्नी, किरायेदार युवक-युवती और पड़ोस में रहने वाले एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

## सपा कार्यकर्ताओं ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा, बांटी राहत सामग्री

संवाददाता,शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार :** नगर पालिका गंगाघाट क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने रविवार को दौरा कर पीड़ितों की मदद की। जिला अध्यक्ष राजेश कुमार यादव के निर्देश पर जिला सचिव शुभ गुप्ता और छात्रसभा नगर अध्यक्ष हिमांशु गौतम कार्यकर्ताओं संग कटरी क्षेत्र पहुंचे।कार्यकर्ताओं ने ग्राम पीपरखेड़ा, मझरा पीपरखेड़ा, गंगानगर, ठाकुरखेड़ा सहित कई बाढ़ग्रस्त गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और राहत सामग्री वितरित की। सपा नेताओं ने कहा कि संकट की इस घड़ी में पार्टी पीड़ितों के साथ खड़ी है और हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। दौरे में अवधेश यादव, विशाल शर्मा, उदय गौतम, पीयूष, आयुष सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देते जिला सचिव व कार्यकर्ता। अमृत विचार

## युवक को पीटने का मामला सोशल मीडिया में वायरल, जांच के आदेश

संवाददाता,शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचारः** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर निवासी युवक को पुलिस कर्मियों द्वारा पीटे जाने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। शनिवार देररात कंचन नगर निवासी आकाश गुप्ता मरहला चौराहे के पास स्थित अपने मुसाफिर कैफे पर दुकान बढ़ाने के बाद पीछे जमा बाढ़ का पानी निकाल रहे थे। इसी दौरान दो पुलिस कर्मी पहुंचे और दुकान खुली देख कथित रूप से गाली गलौज करते हुए युवक से मारपीट करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि बिना किसी वजह के पुलिस कर्मियों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। घटना के बाद नगर के समाज सेवियों और युवाओं ने इस प्रकरण को सोशल मीडिया पर उठाया। एक्स, फेसबुक सहित अन्य प्लेटफार्मों पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। पोस्ट वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ सिटी को जांच सौंपी है। इस बाबत सीओ सिटी दीपक यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

**महामारी का डर** | जलस्तर घटने के बाद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ा

## 24 घंटे में 39 सेंटीमी . घटा गंगा का जलस्तर

संवाददाता,शुक्लागंज,उन्नाव

**अमृत विचारः** गंगा का जलस्तर घटने के बाद भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। तीन दिनों से लगातार जलस्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है, मगर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के तीन दर्जन से अधिक मोहल्लों और गांवों में अब भी पानी भरा हुआ है। इससे गलियों और घरों में गंदगी का अंबार जमा हो गया है और लोगों को संक्रामक बीमारियों का खतरा सताने लगा है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार शनिवार शाम छह बजे गंगा का जलस्तर 112.760 मीटर से घटकर रविवार शाम छह बजे 112.370 मीटर रह गया। चौबीस घंटे में कुल 39 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, गंगा अभी भी चेतावनी बिंदु से ऊपर बह रही है, जिससे लोगों की चिंताएं कम नहीं हो पाई हैं। बीते दिनों गंगा का जलस्तर 113 मीटर से ऊपर पहुंच गया था, जिससे आजाद नगर, शारदा नगर, नई बस्ती, श्रीनगर, गंगानगर, गायत्री नगर, भातू फार्म, अंबिकापुरम, गोताखोर, शाही नगर, मोहम्मद नगर, कर्बला, हुसैन नगर, सैय्यद कंपाउंड, चंपापुरवा, तेजीपुरवा और मनसुखखेड़ा सहित करीब तीन दर्जन क्षेत्रों में बाढ़ का पानी भर गया। जलस्तर घटने के बाद पानी गलियों से उतरना शुरू हुआ, लेकिन गंदगी, कीचड़ और काई की मोटी परत जमा होने से स्थिति और खराब हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गंदे पानी और बदबू के बीच रहना मजबूरी बन गया है। जलभराव और गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया, टायफाइड और हैजा जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। सैकड़ों घरों में रहने वाले लोग गंदे पानी से होकर आने-जाने को विवश हैं। क्षेत्रीय लोगों ने पालिका प्रशासन से सफाई और दवा छिड़काव की मांग की है।


जलस्तर घटने के बाद गोताखोर में फैली गंदगी। ऊअमृत विचार

## मुफ्त नेत्र शिविर में 125 मरीजों की हुई जांच

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचारः** जनता कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में रविवार को गांधी नगर स्थित एक विद्यालय में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और नेत्र परीक्षण का लाभ लिया। शिविर में विशेषज्ञ नेत्र परीक्षक तुषार कुमार ने मरीजों की आंखों की जांच की और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी। समिति की ओर से बताया गया कि कुल 125 मरीजों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 50 मरीजों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। समिति के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य लोगों को समय पर नेत्र रोगों से बचाव एवं उपचार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान नगर में नेत्र परीक्षण की सुविधा मिलने से मरीजों ने संतोष जताया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। आयोजन में हरी गुप्ता, कमल साहू, अभयराज गुप्ता, मनोज निषाद, अजय कुमार, नरेन्द्र कुमार, पंकज तिवारी, धर्मेन्द्र दत्त, दीपक खरे, संगीता सोनवानी, अजीत दीक्षित और एस.के. गौतम सहित कई लोग मौजूद रहे।



शिविर में जांच करते नेत्र परीक्षक व 50 को दिए चश्मे। अमृत विचार



अच्छे चरित्र का निर्माण करना ही छात्रों का मुख्य कर्तव्य होना चाहिए।
– नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

## मणिपुर में शांति की राह

मणिपुर, जो अपनी सांस्कृतिक विविधता और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, पिछले कई वर्षों से असामाजिक गतिविधियों, जातीय संघर्षों और हिंसा की आग में झुलस रहा है। इस संकट ने न केवल राज्य की सामाजिक संरचना को तोड़ा है, बल्कि आर्थिक प्रगति की राह को भी बाधित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हालिया संदेश है कि हिंसा छोड़कर शांति और समृद्धि की राह पर आगे बढ़ें, इस घाव से जूझ रहे राज्य के लिए आशा की किरण है। किसी भी राज्य की प्रगति की पहली शर्त शांति है। मणिपुर की स्थिति यह स्पष्ट करती है कि विकास योजनाएं और सरकारी प्रयास तभी सफल होंगे जब लोगों के दिलों से भय और असुरक्षा का माहौल मिटे। प्रधानमंत्री ने प्रभावित परिवारों से मिलकर यह संकेत दिया कि केंद्र सरकार उनके साथ खड़ी है। यह संवेदनशील पहल मणिपुर के आम नागरिकों में विश्वास बहाल करने का प्रयास है। मणिपुर में वर्षों से चले आ रहे संघर्ष ने हजारों लोगों को विस्थापित किया है। बच्चों की शिक्षा बाधित हुई है, महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं और युवाओं की ऊर्जा हथियार उठाने में खर्च हो रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री का यह आह्वान कि सभी संगठन हथियार छोड़कर संवाद और सहयोग की राह अपनाएं, सही मायनों में स्थायी समाधान की दिशा में एक कदम है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी स्पष्ट किया कि मणिपुर के लिए कई विकास परियोजनाएं तैयार हैं। 17,300 करोड़ रुपये से अधिक की आधारशिला रखी जा चुकी है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगी। यह निवेश न केवल रोजगार पैदा करेगा, बल्कि राज्य की मुख्यधारा से जुड़ाव को भी सुनिश्चित करेगा। मणिपुर जैसे संवेदनशील राज्य में शांति स्थापित करना केवल एक राजनीतिक या प्रशासनिक चुनौती नहीं है। यह एक सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। केंद्र सरकार ने प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता का भरोसा दिया है, लेकिन केवल आश्वासन पर्याप्त नहीं होगा। जरूरत है कि राज्य सरकार, सुरक्षा बल, सामाजिक संगठन और स्थानीय नेतृत्व मिलकर ठोस रणनीति बनाएं। पुनर्वास, शिक्षा और रोजगार सृजन जैसे प्रयासों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि हिंसा की ओर जाने वाले युवाओं को सही दिशा मिल सके। इसके लिए जरूरी है कि सभी जातीय समूहों के बीच संवाद की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए। असहमति और मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन इन्हें हिंसा में बदलने देना पूरे समाज के लिए आत्मघाती कदम है। प्रधानमंत्री का यह संदेश कि शांति और समृद्धि मणिपुर का अधिकार है, केवल राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए। भारत जैसे बहुलतावादी समाज में किसी भी राज्य की पीड़ा पूरे राष्ट्र की पीड़ा है। अगर मणिपुर फिर से हिंसा की राह पर जाएगा तो यह न केवल वहां के नागरिकों, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर के विकास को प्रभावित करेगा। इसलिए मणिपुर के लिए शांति और विकास केवल विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। मणिपुर में हिंसा से उपजी पीड़ा गहरी है, लेकिन इससे उबरने की संभावना भी उतनी ही मजबूत है। केंद्र और राज्य के संयुक्त प्रयास, स्थानीय संगठनों की सहभागिता और सबसे बढ़कर आम नागरिकों का संकल्प, इस राज्य को नई दिशा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री का यह आह्वान एक शुरुआत है अब जिम्मेदारी मणिपुर के नागरिकों और नेतृत्व पर है कि वे इस अवसर को शांति और समृद्धि की नींव में बदलें।

### प्रसंगवश

## डीप टेक से सशक्त होता भारत

15 सितंबर का दिन भारत में अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो केवल इंजीनियरों के सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि उन असंख्य विचारों, प्रयासों और तकनीकी नवाचारों का उत्सव है, जिन्होंने भारत को आधुनिकता की राह पर अग्रसर किया है। इस वर्ष अभियंता दिवस का विषय है 'डीप टेक और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता: भारत के टेकएड को आगे बढ़ाना।' यह विषय विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि भारत आज तकनीकी नवाचार के नए युग में प्रवेश कर चुका है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, जैव-इंजीनियरिंग और नैनो टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में डीप टेक समाधान देश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान बन रहे हैं।




अतुल गोयल
लेखक


भारत की इंजीनियरिंग यात्रा की नींव उन दूरदर्शी अभियंताओं ने रखी थी, जिन्होंने स्वतंत्रता के बाद निर्माण, विकास और आत्मनिर्भरता का सपना देखा। इनमें सबसे प्रेरणादायी नाम है मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का, जिन्हें आधुनिक भारत का विश्वकर्मा कहा जाता है। आज जब हम डीप टेक की बात करते हैं तो जल प्रबंधन, स्मार्ट सिटी निर्माण, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरणीय संकटों का समाधान जैसे क्षेत्र उसी दूरदृष्टि की अगली कड़ी हैं, जिनकी शुरुआत विश्वेश्वरैया जैसे महान अभियंताओं ने की थी।

आज भारत में स्टार्टअप संस्कृति, नवाचार और विज्ञान आधारित समाधान उसी विरासत का विस्तार हैं। वर्तमान समय में डीप टेक उन समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र बिंदु बन चुका है, जिनका सामना पारंपरिक तकनीकें नहीं कर पा रही थी। उदाहरण के लिए जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट, स्वास्थ्य सेवाओं में पहुंच, कृषि उत्पादकता में गिरावट, शहरीकरण और आपदा प्रबंधन जैसी समस्याएं अब तकनीकी रूप से जटिल, लेकिन संभव समाधान की मांग करती हैं। भारत सरकार की नीति के तहत 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे कार्यक्रम डीप टेक को अपनाकर नवाचार और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इंजीनियरों की भूमिका अब केवल मशीनें बनाने या संरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे डेटा विश्लेषण, स्वचालन, एआई आधारित निर्णय प्रणाली, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और सटीक चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में नए समाधान विकसित कर रहे हैं।

आज भारत के युवा अभियंता डीप टेक की दिशा में कई उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्वास्थ्य उपकरण, ड्रोन तकनीक से कृषि उत्पादकता में सुधार, स्मार्ट ग्रिड के जरिए ऊर्जा का बेहतर वितरण और थ्रीडी प्रिंटिंग से निर्माण सामग्री का नवाचार, ये सभी पहल तकनीकी उत्कृष्टता का प्रमाण हैं। न केवल बड़े शहरों में बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी इंजीनियर नई तकनीकों का उपयोग कर जल संरक्षण, सौर ऊर्जा और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं। डीप टेक का अर्थ केवल जटिल एल्गोरिदम या बड़े उपकरण नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, अनुसंधान, वैज्ञानिक सोच, प्रयोग और व्यावहारिक कार्यान्वयन का संयोजन है। विज्ञान का उद्देश्य जानना है जबकि इंजीनियरिंग का उद्देश्य करना, यही बात अमेरिकी इंजीनियर हेनरी पेट्रोस्की ने कही थी। विश्वेश्वरैया जैसे महान अभियंताओं की प्रेरणा से आज के युवा इंजीनियर भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्हें चाहिए ज्ञान, अनुशासन, नवाचार और सेवा का समन्वय ताकि भारत तकनीकी विकास की नई ऊंचाइयों को छू सके। डीप टेक की राह में चलकर इंजीनियर न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक नई तकनीकी शक्ति के रूप में देश की पहचान स्थापित कर रहे हैं। यही इस दिवस का संदेश है, ज्ञान से नवाचार, नवाचार से सेवा और सेवा से समृद्ध भारत।

## बढ़ती न्यायिक सक्रियता 'सिस्टम' की विफलता






अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ


सुदृढ़ प्रजातांत्रिक व्यवस्था के लिए शक्तियों का पृथक्करण अपरिहार्य होता है। विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका लोकतंत्र के "मेरुदंड" माने जाते हैं। विधायिका कानून बनाती है। कार्यपालिका नीतियां/प्राथमिकताएं निर्धारित करते हुए उक्त नियमों को लागू करती है। न्यायपालिका कानूनों की व्याख्या करती है, न्याय तक पहुंच प्रदान करती है। उक्त जानकारी तो सामान्य, किंतु विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका का आपसी खींचतान असामान्य। प्रजातंत्र के तीनों स्तंभ वर्चस्व/अहम का शिकार होते दिख रहे हैं। कहीं मंत्री व नौकरशाह तो कहीं नीति-नियंता व न्यायपालिका अपने को सर्वश्रेष्ठ साबित करने व एक-दूसरे से नूरा कुश्ती लड़ते दिख रहे हैं।

भारत में बढ़ती न्यायिक सक्रियता यह जताने को काफी है कि विधायिका व कार्यपालिका कदाचित वह कर पाने में विफल है, जिसकी अपेक्षा न्यायपालिका कर रही। अहम यह भी है कि विधायिका को कहीं दिशाभ्रम तो नहीं हो रहा? कार्यपालिका पटरी की जगह कहीं और तो नहीं दौड़ने लगी है?

न्यायपालिका "सुपर संसद" तो नहीं बनना चाहती? न्यायिक सक्रियता ने कहीं "न्यायिक अतिक्रमण" की राह तो नहीं पकड़ ली है? सरकार के नीतिगत मामलों में अवांछित दखल तो नहीं दे रही? प्रजातंत्र में जनता एक निश्चित अवधि के लिए अपना प्रतिनिधि चुनती है। ये प्रतिनिधि ही विधायिका के क्रियाकलापों सरकार की गतिविधियों के मूल में होते हैं, लेकिन जनता के नुमाइंदे या नीति-नियंता ही जब अपनी भूमिका के प्रति उदासीन हो जाएं तो लोकतंत्र का प्रभावित होना लाजिमी। जनता के मन में यह सवाल घर करने लगा है कि उनके प्रतिनिधि कहीं "खोटे सिक्के" तो साबित नहीं हो रहे। "राइट टू रिकाल" की अवधारणा ने भी अब जन्म लेना शुरू कर दिया है। राइट टू रिकाल पद्धति में जनता अपने चुने प्रतिनिधि को निश्चित समयावधि से पहले मतदान प्रक्रिया के जरिए हटा सकती है। इसका सीधा अर्थ यह कि राजनीतिज्ञ जिन वादों के साथ सत्ता में आते हैं और उनको पूरा नहीं कर पाते तो उन्हें पद छोड़ना ही पड़ेगा। जान लें, मध्य प्रदेश व राजस्थान में नगर निकाय चुनाव में उक्त व्यवस्था लागू है। विधायिका की मजबूती के लिए राइट टू रिकाल व्यवस्था अब समीचीन लगने लगी है।

न्यायिक सक्रियता का एक बड़ा कारण "बेलगाम नौकरशाही" भी है। लालफीताशाही, भ्रष्टाचार, पक्षपात, अहंकार, अभिजात्य के लिए कुख्यात हो चुकी भारतीय नौकरशाही से मजबूत लोकतंत्र की आस करना "मूसल में सिर रखने" के मानिंद। प्रगति, कल्याण, सामाजिक परिवर्तन, कानून व्यवस्था व सुरक्षा की थीम से आज के अधिकांश नौकरशाह काफी दूर हो चुके हैं। जनता के टैक्स से वेतन-भत्ते लेने व भोग-विलास वाला जीवन जीने वाले अधिकांश दंभी नौकरशाह अपने को जनता का सेवक नहीं वरन स्वामी मान चुके हैं।

अब बात कर लें, लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तम्भ न्यायपालिका की। निचली अदालतों व जिला अदालतों में राज्यों की लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित जज ही निर्णयकर्ता होते हैं। उच्च न्यायालयों व सुप्रीम कोर्ट के अधिकांश न्यायाशीधों का चयन कोलेजियम प्रणाली के माध्यम से किया जाता है। ये न्यायाधीश ही न्यायिक सक्रियता के भी पहरुए होते हैं। लोकतंत्र की मजबूती के लिए इन्हें भी "अतिक्रमणकारी कृत्यों" से बचना होगा। न्यायिक सक्रियता की अवधारणा वर्ष 1947 में अमेरिकी आर्थर स्लेसिंगर जूनियर ने गढ़ी थी, लेकिन भारत में यह अवधारणा 1970 के दशक के मध्य में न्यायमूर्ति वीआर कृष्णा अय्यर व न्यायमूर्ति पीएन भगवती जैसे न्यायाधीशों ने बलवती की। भारत में न्यायिक सक्रियता के यूं तो अनेकानेक उदाहरण मिलते हैं, लेकिन हालिया उदाहरणों जैसे तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा पुनः अधिनियमित विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजने को विधि की दृष्टि से गलत बताया जाना। आनलाइन गेमिंग अधिनियम के खिलाफ अलग-अलग उच्च न्यायालयों में दायर याचिकाओं की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में कराए जाने, वक्फ संशोधन अधिनियम की सुप्रीम कोर्ट में अनवरत सुनवाई किए जाने, वोट चोरी के आरोपित मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्रीय चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को सुप्रीम कोर्ट द्वारा कठघरे में खड़ा करने के अलावा संसद व राष्ट्रपति द्वारा पारित 130 वां संविधान संशोधन अधिनियम-2025 भी न्यायिक सक्रियता की जद में हैं।

प्रश्न उठना स्वाभाविक कि जो बड़े मुद्दे विधायिका व कार्यपालिका समय रहते सुलझा सकती थी, उसमें सरकारी मशीनरी ने लापरवाही/उदासीनता क्यों दिखाई? न्यायिक सक्रियता को बढ़ावा क्यों दिया? देश में बढ़ती न्यायिक सक्रियता विधायिका व कार्यपालिका के लिए उचित नहीं। लोकतंत्र के तीनों स्तंभों को आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए जनता को "शक्तिपूंज" मानना ही होगा। ज्वलंत व सामयिक मुद्दों पर तीनों के "मतभेद" तो हो सकते, लेकिन "मनभेद" से लोकतंत्र की गाड़ी सरपट नहीं दौड़ सकती। वर्चस्व के लिए तीनों स्तंभों का आपसी टकराव सर्वथा अनुपयुक्त। तीनों को "इर घाट" व "वीर घाट" चलने से उबरना ही होगा।

भारत में बढ़ती न्यायिक सक्रियता यह जताने को काफी है कि विधायिका व कार्यपालिका कदाचित वह कर पाने में विफल है, जिसकी अपेक्षा न्यायपालिका कर रही। अहम यह भी है कि विधायिका को कहीं दिशाभ्रम तो नहीं हो रहा? कार्यपालिका पटरी की जगह कहीं और तो नहीं दौड़ने लगी है?

### आमने



कैमरों के जरिए वे देखते हैं कि हमारी महिला विधायक किस दिशा में बैठी है, कैसी अवस्था में बैठी हैं, क्या बातें कर रही हैं? हम कुछ लोगों पर तो नजर रखते ही हैं, लेकिन महिलाओं पर ज्यादा फोकस है। स्पीकर जैसे संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति कैमरा लगाकर उसका एक्सेस अपने पास रखते हैं।

– गोविन्द सिंह डोटासर, राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष

### सामने



कांग्रेस नेता के शर्मनाक बयान से उनकी संकीर्ण व महिलाओं के प्रति ओछी मानसिकता साफ झलकती है। पिछली विधानसभा में भी कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने यह कहकर कि 'यह तो मर्दों का प्रदेश है' महिलाओं का अपमान किया था। आज फिर उसी विकृत सोच की झलक देखने को मिल रही है। इससे कांग्रेस की हताशा व गिरी हुई राजनीति का स्तर साफ दिखाई देता है।

– दिया कुमारी, उपमुख्यमंत्री, राजस्थान

## सोशल मीडिया और युवा असंतोष




शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर


यह कितनी चिंता एवं शर्म की बात है कि नेपाल में सोशल मीडिया पर पाबंदी के परिणामस्वरूप हिंसक प्रदर्शन हुआ और 19 लोगों की मौत हो गई। भले ही युवाओं के मध्य असंतोष एवं क्रोध की चिंगारी भड़कने के पीछे सरकार का भ्रष्टाचार एवं अन्य कारक दीर्घकालिक रूप से उत्तरदायी रहे हों, किंतु अगर मामले को गौर से देखा जाए तो इसे हिंसक रूप देने के पीछे जिम्मेदार तात्कालिक कारण सरकार के द्वारा सोशल मीडिया पर लगाए जाने वाले प्रबंध ही हैं।

युवाओं के इस आंदोलन को जेनरेशन-जी का आंदोलन कहा जा रहा है। निश्चित रूप से आज सोशल मीडिया जीवन की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बन चुका है। दरअसल बीते 25 अगस्त को नेपाली कैबिनेट के द्वारा यह फैसला लिया गया था कि सभी इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्मों को 'डायरेक्टिव ऑन रेगुलेटिंग द यूज़ ऑफ़ सोशल मीडिया 2023' के तहत सात दिनों के अंदर पंजीकरण कराना होगा। समय सीमा खत्म होते ही सरकार के द्वारा पंजीकरण न कराने वाले 26 प्लेटफॉर्मों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। बेशक सरकार के द्वारा लिया गया निर्णय बिल्कुल सही था, किंतु इसकी वजह से असंतोष एवं हिंसा का ऐसा माहौल पनप उठेगा, यह कल्पना शायद किसी ने नहीं की होगी। नेपाल की स्थिति यह है कि तीन करोड़ की जनसंख्या में लगभग 90 फीसदी लोग इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं। यह नेपाल की ही नहीं, अपितु विश्व के हर देश की स्थिति मानी जा सकती है। विशेष रूप से जेनरेशन जी का सोशल मीडिया के साथ कहीं गहरा लगाव है। इस जेनरेशन के अंतर्गत वे लोग आते हैं, जिनका जन्म 1997 से 2012 के मध्य हुआ है।

सरकार के द्वारा सोशल मीडिया मंचों पर लगाए गए प्रतिबंध को प्रदर्शनकारियों के द्वारा अभिव्यक्ति पर आघात बताते हुए घोर आक्रोश जताया गया है। आज सोशल मीडिया समाज के भीतर अपने दो स्वरूपों में विद्यमान है। निस्संदेह इसका एक स्वरूप बच्चों से लेकर युवाओं एवं बुजुर्गों तक के लिए लाभकारी है, क्योंकि क्योंकि यह कहीं न कहीं वैचारिक अभिव्यक्ति एवं लोगों से जुड़ने के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म प्रदान करता है। किंतु इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि इसी सोशल मीडिया का अतिशय दुरुपयोग भी हो रहा है। नेपाल सरकार के द्वारा भी यह बताया गया था कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का इस्तेमाल फेक आईडी, साइबर अपराध, भ्रामक सूचनाओं एवं नफरती बयानों के लिए हो रहा था। सरकार के द्वारा टिकटॉक एवं वाइबर जैसे प्लेटफार्म पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया, क्योंकि उनके द्वारा समय सीमा के भीतर पंजीकरण कर लिया गया। निस्संदेह युवाओं की मांगें अपने स्थान पर पूर्णतया उचित हैं, क्योंकि भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद एवं असमानता देश की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा हैं एवं इनके खिलाफ आवाज उठाना प्रत्येक युवा का अधिकार है। किंतु युवाओं के द्वारा जिस लहजे में एवं जिस स्तर पर प्रदर्शन किया गया, वह पूर्णतया अनुचित एवं अशोभनीय है।

सोशल मीडिया के बढ़ते दुरुपयोग को देखते हुए उस पर प्रतिबंध लगाना किसी भी स्थिति में गलत नहीं है। हाल ही की अगर बात करें तो ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने संबंधी कानून को लाए जाने की पूरी तैयारी की जा रही है। सरकार के द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि सोशल मीडिया कंपनियां नाबालिग उपयोगकर्ताओं के खातों को स्वयं हटाकर नए खातों के लिए आयु सत्यापन सॉफ्टवेयर का प्रयोग करें। ऑस्ट्रेलिया में यह कानून 10 दिसंबर से प्रभावी हो जाएगा। एक शोध के अनुसार दस में से चार ऑस्ट्रेलियाई बच्चे यू ट्यूब से होने वाले नुकसान की जानकारी दे चुके हैं। इतना ही नहीं, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने कहा है कि उनके द्वारा बच्चों के लिए सोशल मीडिया को प्रतिबंधित करने हेतु एक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन अभियान भी चलाया जाएगा। चीन के द्वारा भी बच्चों के द्वारा इंटरनेट उपयोग पर लगाम लगाने की तैयारी शुरू की जा रही है। फ्रांस के द्वारा भी वर्ष 2023 में कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के प्रयोग पर पाबंदी लगा दी गई थी। इसके अतिरिक्त ईरान, उत्तर कोरिया, तुर्कमेनिस्तान, अमेरिका, माली, केन्या, बांग्लादेश, श्रीलंका एवं जॉर्जिया आदि देश भी सोशल मीडिया के प्रयोग पर प्रतिबंध से संबंधित कानून बना चुके हैं अथवा बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

आज का युग सूचना, तकनीक और संचार का युग है। इस युग की सबसे बड़ी पहचान है सोशल मीडिया। सोशल मीडिया से अति एवं अनावश्यक लगाव की वजह से युवावर्ग का बाहरी दुनिया से संबंध टूट सा जाता है एवं वह कहीं न कहीं सामाजिक एकाकीपन की ओर मुड़ने लगता है। निस्संदेह इन समस्याओं से निजात पाने के लिए सटीक एवं मजबूत समाधान करने की आवश्यकता है। ऐसा तभी संभव है जब सरकारें एवं सोशल मीडिया कंपनियां परस्पर समन्वय स्थापित करके ऐसी नीतियां एवं नियम निर्धारित करें, जो पूर्णतया युवाओं के हित में हों। नीतियां ऐसी हों कि फेक न्यूज़, साइबर अपराध एवं अनावश्यक कंटेंट पर पूर्णतया अंकुश लग सके एवं युवा वर्ग उसकी चपेट में आकर दिशाहीनता की ओर मुड़ने से बच सके।

आज आवश्यकता है कि सोशल मीडिया साधन बने न कि साध्य। वास्तविक जीवन की संवेदनाओं, रिश्तों और जिम्मेदारियों को पीछे छोड़कर यदि युवा पूरी तरह सोशल मीडिया की काल्पनिक दुनिया में खो जाएंगे, तो भविष्य निस्संदेह खोखला होगा, लेकिन यदि वे संतुलित रूप से इसका उपयोग करेंगे, तो यही मंच उन्हें सतत विकास का मार्ग दिखाते हुए अभिप्रेरित करेगा।

सोशल मीडिया के बढ़ते दुरुपयोग को देखते हुए उस पर प्रतिबंध लगाना किसी भी स्थिति में गलत नहीं है। हाल ही की अगर बात करें तो ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने संबंधी कानून को लाए जाने की पूरी तैयारी की जा रही है।

### सोशल फोरम

## पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा

देवीय आपदा, भूस्खलन, बाढ़ और सड़कें बंद होने की खबरों के बाद उत्तराखंड का पर्यटन कारोबार चौपट हो चुका है। अधिकांश पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। नैनीताल के अलावा भीमताल, सातताल, नौकुचियाताल, कैंची मंदिर, रानीखेत, कौसानी तक यही हाल है। पर्यटन से जुड़े सभी कारोबार चौपट हो चुके हैं। होटल, रेस्टोरेंट, टैक्सी वाले, नाव वाले, घोड़े वाले सभी का काम ठप्प हो चुका है।




संजीब भगत
ब्लॉगर


पिछले कुछ सालों से पहाड़ों का पर्यटन उद्योग दोहरी मार झेल रहा है। सीजन के वक्त यहां चारों तरफ ट्रैफिक जाम पसरा रहता है। पर्यटक ट्रैफिक जाम में फंसकर तौबा-तौबा करते हुए वापस जाते हैं। तो सीजन के बाद आपदा की ऐसी मार पड़ी है कि पर्यटकों ने सोशल मीडिया की भयानक रील देखकर पहाड़ों की ओर से मुंह मोड़ लिया है। नैनीताल और उसके आसपास की बात करें तो एक दो दिन ही यहां सड़कों में मलवा आया। यातायात लगभग सामान्य ही रहा। इधर कोई भी राज्य मार्ग या राष्ट्रीय मार्ग 12 घंटे से ज्यादा बंद नहीं रहा, लेकिन सोशल मीडिया पर ऐसी अफवाह रहीं की सारे पहाड़ जमींदोज हो चुके हैं। हालांकि पहाड़ों मे अधिकांश जगह सड़कें मलवे व गड्ढों से भर गई हैं, लेकिन वे कामचलाऊ है। उन सड़कों पर यातायात सामान्य है और पहाड़ों का जीवन इन्हीं सड़कों के सहारे चल रहा है। अब पूरे देश में पर्यटको को ये लग रहा है कि पहाड़ों पर चढ़ना सीधे मौत को दावत देना है। राष्ट्रीय मीडिया पर भी यही चर्चा चल रहीं है। इन सब अफवाहों ने पर्यटकों के मन में खौफ पैदा कर दिया और सैलानियों का आना ठप्प हो गया।

सीजन में नैनीताल व उसके आसपास पर्यटकों के लिए सबसे बड़ी समस्या पार्किंग को लेकर ही है। सरकार सीजन में पर्यटकों को आसानी से नैनीताल व कैचीं नीव करौरी मंदिर तक गाड़ी लेकर जाने ही नहीं देती। पहाड़ों में मस्ती करने आए पर्यटक पार्किंग और जाम के चक्कर में घनचक्कर बन जाते हैं। इस जाम से व्यापार भी ठप्प हो जाता है। आजकल आफ सीजन है। सरकार और प्रशासन के पास दीर्घकालीन योजना बनाने के लिए समय है। सरकार अभी से वैकल्पिक पार्किंग के विषय में गंभीरता से प्रयास करे। पर्यटकों को यहां घूमने के आसान व सुगम रास्ते सुझाए। सरकार ऐसा प्रयास करे कि पर्यटकों की यात्रा उनके लिए यादगार बने। फिलहाल सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड की स्थिति को स्पष्ट करना चाहिए ताकि पर्यटकों के मन का संशय दूर हो सके।

### सामयिकी

## अंतिम सांसें गिनते आतंकी

बीते कुछ महीनों में विशेष रूप से 2025 में, दो प्रमुख अभियान- ऑपरेशन महादेव और ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने देश-विरोधी ताकतों को गहरी चोट पहुंचाई है। ये अभियान आतंकवाद और नक्सलवाद जैसी कुष्ठ रोगों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के उदाहरण हैं। इन ऑपरेशनों के सफल परिणामों ने न केवल सीमापार आतंकवादियों और आंतरिक विद्रोहियों को धूल चटा दी है, बल्कि पूरे राष्ट्र को एकजुटता और आत्मविश्वास का संदेश भी दिया है। ऑपरेशन महादेव जम्मू-कश्मीर की धरती पर एक मील का पत्थर साबित हुआ, जो आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का जीवंत प्रमाण है। जुलाई 2025 में शुरू हुआ यह अभियान, विशेष रूप से पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड्स को निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। पहलगाम हमला, जिसमें निर्दोष पर्यटकों और नागरिकों को निशाना बनाया गया था, ने पूरे देश को झकझोर दिया था, लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों, भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त प्रयासों ने मात्र 14 दिनों में तीन शीर्ष पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादियों को मार गिराया। अभियान की सफलता का राज था सटीक खुफिया जानकारी और तकनीकी सिग्नल ट्रैकिंग, जो पहलगाम हमले के दौरान इस्तेमाल हुए सिग्नल से मेल खा रही थी। आतंकवादियों के पास पाकिस्तानी पहचान पत्र, बायोमेट्रिक्स और यहां तक कि चॉकलेट्स जैसे सामान बरामद हुए, जो उनकी विदेशी साजिश को उजागर करते हैं। इस ऑपरेशन ने देश-विरोधी ताकतों को धूल में मिला दिया, क्योंकि यह केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक झटका था। लश्कर जैसे संगठन, जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के प्रतीक हैं, अब भारत की सीमाओं के पास सांस लेने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे। यह सफलता न केवल स्थानीय आबादी को सुरक्षा का आश्वासन देती है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की मजबूत इच्छाशक्ति को प्रदर्शित करती है।




विवेक शुक्ला
लेखक


अब बात करते हैं ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट की, जो नक्सलवाद के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक है। मई 2025 में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर शुरू हुआ यह 24 दिवसीय अभियान, करेगुट्टालु पहाड़ियों जैसे नक्सली किलों को लक्ष्य बनाया गया। नक्सलवाद, जो दशकों से आदिवासी क्षेत्रों में विकास को बाधित कर रहा था, अब अपनी अंतिम सांसें ले रहा है। सुरक्षा बलों ने 31 कुख्यात माओवादियों को मार गिराया, जिनमें टॉप लीडर बसवराजू जैसे नाम शामिल थे, जिन पर कुल 1.72 करोड़ रुपये का इनाम था। इसके अलावा, 214 नक्सली ठिकाने और बंकर ध्वस्त किए गए, 450 आईईडी, 818 बीजीएल शेल और 899 कोडेक्स बंडल जब्त किए गए। यह ऑपरेशन न केवल सैन्य दृष्टि से सफल रहा, बल्कि यह नक्सलवाद के 'यूनिफाइड कमांड' को तोड़ने में भी कारगर साबित हुआ। देश-विरोधी ताकतों के खिलाफ यह अभियान इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि नक्सली लंबे समय से 'रेड टेरर' फैला रहे थे। वे विकास परियोजनाओं को नष्ट करते, निर्दोष ग्रामीणों को निशाना बनाते और सरकार को कमजोर दिखाने का प्रयास करते, लेकिन ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट ने इन तत्वों की कमर तोड़ दी। अब करेगुट्टालु पहाड़ियों पर तिरंगा लहरा रहा है, जो माओवादी किले से शांति का प्रतीक बन गया है। बेशक,ऑपरेशन महादेव और ब्लैक फॉरेस्ट ने देश-विरोधी ताकतों को पूरी तरह धूल में मिला दिया है। आतंकवाद और नक्सलवाद जैसी चुनौतियां अब इतिहास का हिस्सा बन रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और गृह मंत्री शाह की रणनीतिक कुशलता ने इन सफलताओं को संभव बनाया। यह विजय न केवल सुरक्षा बलों की बहादुरी का सम्मान है, बल्कि पूरे राष्ट्र की एकता का प्रतीक भी। भविष्य में ऐसे अभियान जारी रहेंगे और भारत एक सुरक्षित, समृद्ध राष्ट्र के रूप में चमकेगा।


स्वामी- रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# पहियों का संसार

# हर घर की मेंबर बन रही कार

कार कभी शान शौकत और रसूखदारों की पहचान मानी जाती थी। एक जमाना था, जब सफेद रंग की फिएट निकलती थी तो बड़ों से बच्चों की निगाह टिक जाती थीं। जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी विकसित हुई और लोगों की आमदनी का जरिया बढ़ा तो कार शान शौकत से हटकर घरों की जरूरत बनती गई। पिछले दो दशकों में कार के बाजार में तेजी से उछाल आया। कार निर्माता कंपनियों ने भी मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुए कारें बनाईं और आसान फाइनेंस ने कार को घर-घर तक पहुंचा दिया।

*-प्रस्तुतिः अंकुर शर्मा*

भारतीय परिवारों में तीन कैटेगरी की कारें मिलती हैं। ए कैटेगरी में हैचबैक और सिडान, बी कैटेगरी में एसयूवी (स्पोर्टस यूटिलिटी व्हीकल) और एमपीवी (मल्टीपर्पज व्हीकल),सी कैटेगरी में वैन और ईको कार आती हैं। हर भारतीय की जरूरत हैचबैक कार पूरी कर देती थी, क्योंकि कार खरीदते समय वह माइलेज, मेंटेनेंस, पार्किंग स्पेस, रिपेयरिंग ही देखता था। कार के सेफ्टी व लक्जरी फीचर्स से ज्यादा लेना-देना नहीं होता था। कार एक्सपर्ट का दावा है कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय खासकर मध्यम वर्ग जिन पर कार कंपनियां ज्यादा फोकस करती हैं, हैचबैक से सिडान पर शिफ्ट हुआ है। आम भाषा में कहें तो ऐसी हर कार, जिसमें सात सवारियों की बैठने की सीटें और अलग से डिग्गी होती है, उन्हें सिडान कहा जाता है। एक्सपर्ट्स का दावा है कि सिडान ने हैचबैक के ही मेजरमेंट में अधिक लेग स्पेस और हेड स्पेस दिया, जिसने यात्रा को सुगम और आरामदायक बनाया, जिसके बाद जेनरेशन-एक्स हैचबैक से सिडान पर शिफ्ट हुई। इसके बाद सभी कार निर्माता कंपनियों ने सिडान के प्रोडक्शन पर ज्यादा ध्यान दिया। अब सिडान व्हीकल्स अत्यधिक फीचर्स के साथ बाजार में उपलब्ध है।



## एसयूवी अब शहरों की शान

मारुति सुजुकी के कार एक्सपर्ट शुभम बताते हैं कि एसयूवी जैसा नाम से ही क्लीयर है कि स्पोटर्स यूटिलिटी व्हीकल ऑफ रोडिंग जंगलों व ऊबड़ खाबड़ रास्तों के लिए है। इसका ग्राउंड क्लीयरेंस बहुत होती है, जो ऑफ रोडिंग के लिए अच्छा फीचर माना जाता है। अब एसयूवी भी घरों में जगह बना रही है। लोग अपने इस्तेमाल के लिए एसयूवी को अफोर्ड कर रहे हैं, जिस वजह से अब एसयूवी शहरों की भी कार बन गई हैं।

## सिर्फ टेक्नोलॉजी नहीं सेफ्टी भी है जरूरी

हल्द्वानी स्थिति नैनीताल मोटर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर भूपेश अग्रवाल बताते हैं कि एक कार में सेफ्टी फीचर्स में दो एयर बैग, सीट बेल्ट, पॉवर स्टेयरिंग, चाइल्ड लॉक बेसिक माने जाते हैं। अब नए एआई इरा में कार में सेफ्टी फीचर्स में भी बदलाव किया है। इसमें मारुति सुजुकी ने शुरुआत की है। मारुति सभी कारों में हर सीट के लिए एयर बैग दे रहा है। इनीशियल लेवर पर ऑल्टो के बेसिक मॉडल में भी पांच सीटों के लिए पांच एयर बैग हैं। हालांकि कई कंपनियों में महंगी कारों के टॉप मॉडल में यह सुविधा देते हैं। वह बताते हैं कि कार को तेज गति में स्किड होने से बचाने के लिए एबीएस (एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम) और खतरनाक मोड़ों पर सुरक्षा के लिए ईएसपी (इलेक्ट्रॉनिक स्टैबिलिटी प्रोग्राम) फीचर्स दे रहे हैं।




## फीचर्स जो कारों को बना रहे हाईटेक

### इलेक्ट्रॉनिक एडजस्टेड सीट्स

■ अब कार में सीट को एडजेस्ट करने के लिए हैंडिल की खींचातानी करने की जरूरी नहीं है। कार में इलेक्ट्रॉनिक एडजस्टेड सीट्स आ रही है, जो एक बटन दबाते ही आरामदायक ढंग से आगे-पीछे एडजस्ट होती हैं।

### वेंटीलेटेड सीट्स

■ गर्मी में ठंडी और सर्दी में गर्मी का अहसास कराने के लिए वेंटीलेटेड सीट्स आ रही है। आमतौर पर कार में आगे और लग्जरी कार में पीछे एसी होते हैं, लेकिन अब कार की सीट्स में एसी इन बिल्ट आ रहे हैं। इस तरह कार में बैठने वाले हर शख्स को एसी/हीटर की सुविधा मिलेगी, जो सफर को मौसम के अनुकूल बना देगा।

### वायरलेस चार्जर

■ कार में वायरलेस चार्जर की सुविधा आ गई है। कार में फोन चार्ज करने के लिए वायर लगाने का झंझट नहीं है। चार्जिंग वायर भूलने पर भी फोन चार्ज होगा। वायरलेस चार्जर की सुविधा है कि फोन को चार्जर पर रखना होगा और कोई भी फोन फटाफट चार्ज होगा।

### कार प्ले बना सबकी पसंद

■ अब हर कार में कार प्ले सबकी पसंद बन गया है। एलईडी स्क्रीन पर सेंसर्स कैमरे के जरिए आगे-पीछे देखना हो या गाना सुनना हो। चालक की हर फरमाइश कार प्ले से पूरी हो रही है। इस वजह से लोग कार प्ले को जरूर लगवा रहे हैं।

डिजिटल व टेक्नोलॉजी से कार इंडस्ट्री भी अछूती नहीं है। कई कंप्यूटराइज्ड फीचर्स हैं जिन्होंने लग्जरी को बच्चों का खेल बना दिया है।

### नेविगेशन लगाओ, कार ढूंढ लाओ

■ कभी-कभी होता है कि कार पार्किंग में लगाने के बाद भूल जाते हैं, तो चिंता की बात नहीं है। अब कार को फोन से कनेक्ट कर दिया जाता है। इस तरह फोन से कार को ऑन-ऑफ के साथ ही एसी भी ऑन कर सकते हैं। यदि आप कार पार्क कर भूल गए हैं तो नेविगेशन के जरिए कार तक पहुंच जाएंगे। इस तरह कई मल्टीपल फंक्शन हैं, जिन्होंने कार को सिर्फ लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बना दिया है।




# जीएसटी में छूट से बाइक और कार खरीदारों की बल्ले-बल्ले

बीते दिनों केंद्र सरकार ने ऑटोमोबाइल सेक्टर को राहत देते हुए जीएसटी में कमी का ऐलान किया है। इस फैसले से कार और बाइकों की कीमतों में गिरावट आई है। जो लोग नई कार या बाइक का खरीदने का प्लान कर रहे हैं तो उनके लिए यह अच्छी खबर है। जीएसटी घटने से छोटी से लेकर बड़ी सभी तरह की गाड़ियों की कीमत में कमी आई है। आज हम आपको कार और बाइकों की कीमत में आई कमी के बारे में बताएंगे। जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर 2025 से लागू होंगी। इससे दोपहिया वाहन के साथ-साथ फोर व्हीलर खरीदने वालों को भी बड़ा फायदा मिलेगा। ऑटोमोबाइल सेक्टर विशेषज्ञों की माने तो बाइक की खरीद पर लगभग 7,000 से 20,000 रुपए तक की बचत होगी, वहीं अर्टिगा और ब्रेजा जैसी कार खरीदने पर ग्राहकों के 30,690 रुपए तक की बचत हो सकती है। यहां बताते चले कि यह बचत अकेले एक्स शोरूम कीमतों पर होगी। इंश्योरेंस और रजिस्ट्रेशन की कीमतों में भी मामूली कमी आएगी, जिससे कुल लागत में और कटौती ग्राहकों को मिलेगी।

### 22 सितंबर से पहले भी ऑफर

ग्राहक 22 सितंबर से पहले भी इसका लाभ ले सकें, इसके लिए वाहन डीलरों की ओर से एक्सचेंज ऑफर और कॉरपोरेट डिस्काउंट सहित कई ऑफर दिए जा रहे हैं। साथ ही बुकिंग कराने पर इंस्टेंट गिफ्ट के रूप में 2,000 रुपए तक का कैश डिस्काउंट और कैश बोनस भी मिल रहा है। यह छूट ग्राहकों के इनवॉयस पर लागू होगी।

### 350 सीसी से कम इंजन वाली बाइक पर टैक्स में बड़ी कटौती

नियमों में बदलाव के बाद अब 350 सीसी से कम इंजन वाली बाइक पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो पहले 28 प्रतिशत था। वहीं, 350 सीसी से अधिक की बाइक पर अब 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जो पहले 31 प्रतिशत था।

### ग्राहकों मिलेगा भारी लाभ

■ 20 सितंबर तक खरीदारी पर 45,000 से 51,000 रुपए तक का लाभ मिल रहा है। यानी अभी खरीदारी करने पर ग्राहकों को 9,012 रुपए की अतिरिक्त बचत होगी। ब्रेजा की खरीदारी पर अनुमानित कटौती 34,310 से लेकर 48,629 रुपए तक होने वाली है। अगर अभी खरीदेंगे, तो 65,000 रुपए तक की बचत होगी। इस तरह आप अतिरिक्त 30,690 रुपये तक की बचत कर सकते हैं।




### अर्टिगा और ब्रेजा की खरीदारी पर 30,690 रुपए तक की एक्स्ट्रा बचत

■ आपको मारुति सुजुकी की खरीदारी करनी है, तो इंतजार न करें। जीएसटी घटने के बाद जो कीमत कम होगी, उससे भी कम कीमत पर अभी ही खरीदारी कर सकते हैं। कंपनी के विभिन्न शोरूम में इसका लाभ मिल रहा है। जीएसटी कटौती के बाद एक्स शोरूम, रोड टैक्स और इंश्योरेंस को मिलाकर अर्टिगा में अनुमानित कटौती 35,988 से 48,809 रुपए होने वाली है।



## ऑटो टिप्स

# गाड़ी का माइलेज बढ़ाने के आसान टिप्स

ई-20 पेट्रोल आने के बाद अधिकतर लोग अपनी गाड़ी के माइलेज को लेकर चिंतित हैं, ऐसे में अगर आप अपनी कार का माइलेज बेहतर बनाना चाहते हैं, तो थोड़ी सी सावधानी और कुछ आसान टिप्स अपना सकते हैं।

### सही स्पीड चुनें

कार को सही स्पीड में चलाएं। बहुत तेज या स्लो स्पीड में कार चलाने पर ईंधन ज्यादा खर्च होता है। आमतौर पर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार माइलेज के लिए सबसे अच्छी मानी जाती है। अचानक तेज स्पीड या अचानक ब्रेक लगाने से बचें। इससे इंजन पर दबाव पड़ता है और ईंधन ज्यादा खर्च होता है।

### टायरों के प्रेशर की करें जांच

माइलेज बढ़ाने के लिए टायरों का प्रेशर नियमित रूप से जांच करें। कम हवा वाला टायर ज्यादा रोलिंग रेजिस्टेंस पैदा करता है, जिससे कार के इंजन को अधिक मेहनत करनी पड़ती है और ईंधन भी ज्यादा खर्च होता है।

### एसी का स्मार्ट इस्तेमाल

गर्मियों के दौरान, एसी का स्मार्ट उपयोग ईंधन की बचत का महत्वपूर्ण उपाय है। कार में बैठते ही एसी चालू न करें। केबिन को पहले से ठंडा करने के लिए खिड़कियां नीचे कर दें। एसी को मध्यम स्तर पर रखें और रीसर्कुलेशन मोड पर स्विच करें। इससे सिस्टम पर ओवरलोडिंग से बचा जा सकेगा।

### गियर का बेहतर प्रयोग

पेट्रोल या डीजल कार का माइलेज बेहतर होना इस बात पर निर्भर करता है कि आप गियर कितनी आसानी से और समय पर बदलते हैं। अधिक आरपीएम ज्यादा ईंधन जलाता है। इसलिए क्लच दबाने या गियर बदलने में जोर लगाने से बचें।

### यातायात पर ध्यान दें

शहर में वाहन चलाते समय, जहां बेढंगा यातायात है, लाल बत्ती और धीमी गति से चलने वाले वाहनों का पूर्वानुमान लगाने का प्रयास करें। राजमार्गों पर वाहन चलाते समय स्थिर गति पर ऊंचे गियर का प्रयोग करें। सुचारू ड्राइविंग से ईंधन की खपत कम होती है, इंजन पर कम दबाव पड़ता है।

### सर्विस और इंजन ट्यून

कार की जब अच्छी देखभाल की जाती है तो यह बेहतर प्रदर्शन करती है। नियमित सर्विस छोड़ने से समय की बचत हो सकती है, लेकिन आगे चलकर ईंधन और मरम्मत पर खर्च बहुत बढ़ सकता है। समय पर इंजन का तेल बदलें, क्योंकि ताजा तेल घर्षण कम करता है और इंजन को सुचारू चलाने में मदद करता है।

### एयर फिल्टर बदलें

एयर फिल्टर नियमित रूप से बदलें, क्योंकि फिल्टर के जाम होने से वायु प्रवाह बाधित होगा, जिससे इंजन को अधिक काम करना पड़ेगा। ईंधन इंजेक्टरों को साफ करें, और गंदे इंजेक्टर ईंधन स्प्रे को प्रभावित करते हैं और माइलेज कम करते हैं।

### मार्ग की योजना बनाएं

निष्क्रिय समय माइलेज का सबसे बड़ा दुश्मन है, क्योंकि यह बिना कहीं जाए ही ईंधन खा जाता है। ऐसे में यात्रा के लिए स्मार्ट रूट प्लानिंग आपके लिए बहुत मददगार साबित हो सकती है। इसके लिए कम मोड़ और सिग्नल लें, इससे ईंधन कम खर्च होगा।



### अतिरिक्त भार करें कम

जरूरत से ज्यादा सामान ढोने से ईंधन टैंक जल्दी खाली हो सकता है। इसके लिए डिक्की या पीछे की सीटों से अनावश्यक सामान हटा दें। वजन कम करने से माइलेज बढ़ता है।

### इंजन को सही तरीके से गर्म करें

ठंडी कारें माइलेज को प्रभावित कर सकती हैं, विशेष रूप से सर्दियों में या सुबह के समय। आधुनिक इंजन इस तरह डिजाइन किए गए हैं कि गाड़ी चलाते समय जल्दी गर्म हो जाएं। इसलिए 30-40 सेकंड के निष्क्रिय समय के बाद धीरे-धीरे गाड़ी चलाना शुरू कर सकते हैं।

### भरोसेमंद पंप चुनें

सभी ईंधन अच्छी गुणवत्ता के नहीं होते। खराब गुणवत्ता वाला या मिलावटी ईंधन इंजेक्टरों को जाम कर सकता है, इंजन के पुर्जों को नुकसान पहुंचाकर माइलेज कम कर सकता है। इसलिए हमेशा विश्वसनीय, उच्च यातायात वाले स्टेशनों पर ईंधन भरवाएं।

## क्रेडाई ने कौशल विकास पर जोर दिया

सिंगापुर। क्रेडाई ने भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव के लिए भूमि सुधार, कारोबारी सुगमता, कम शुल्क पर भवन निर्माण योजनाओं की जल्द मंजूरी, कौशल विकास और नए शहरों का निर्माण पर जोर दिया है। रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रमुख निकाय क्रेडाई के 13,000 से ज्यादा सदस्य हैं। उसने राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास ढांचा– विजन 2047 नाम से रिपोर्ट जारी की। क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि रियल एस्टेट का भविष्य इमारतें बनाने में नहीं है, बल्कि आकांक्षाओं के निर्माण के बारे में भी है।

अमृत विचार
लखनऊ, सोमवार, 15 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



बिजनेस ब्रीफ

### ओयो के ब्रांड संडे की 40 होटल जोड़ने की योजना

नई दिल्ली। आईपीओ के लिए तैयार ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म अपने प्रीमियम होटल ब्रांड 'संडे' को तेजी से आगे बढ़ा रही है। कंपनी चालू वित्त वर्ष में पूरे भारत में चार सितारा और पांच सितारा होटलों सहित 40 नए लक्जरी होटल जोड़ने की योजना बना रही है। कंपनी संडे होटल का विस्तार महानगरों, गैर महानगरों के साथ ही वन्यजीव अभयारण्यों और प्रमुख धार्मिक स्थलों में करेगी। वित्त वर्ष 2025–26 में गुजरात, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में संडे होटल का विस्तार किया जाएगा। ये राज्य ब्रांड के आगामी पोर्टफोलियो में 40 प्रतिशत से अधिक का योगदान देंगे। संडे होटल्स एंड रिजॉर्ट्स के व्यवसाय प्रमुख आदित्य शर्मा ने यह बात कही।

### टेक्नोस्पोर्ट 200 करोड़ में खोलेगा 300 स्टोर

कोलकाता। भारत के सबसे तेजी से बढ़ते एक्टिव वियर ब्रांड में से एक टेक्नोस्पोर्ट अपने आक्रामक खुदरा विस्तार के तहत अगले दो साल में देशभर में 300 विशिष्ट दुकानें (आउटलेट) खोलने के लिए 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एक्टिव वियर ऐसे कपड़े होते हैं जिन्हें विशेष रूप से खेल–कूद, व्यायाम और अन्य शारीरिक गतिविधियों के लिए डिजाइन किया जाता है। कोलकाता से जुड़े कंपनी के प्रवर्तक अबतक सामान्य व्यापार पर निर्भर थे। टेक्नोस्पोर्ट के सीईओ पुष्पन मैती ने कहा, हमने रविवार को अपना 21वां विशिष्ट ब्रांड आउटलेट खोला है, और वह कोलकाता में है।

### गोवा की खनिज कंपनियां निर्यात शुल्क से चिंतित

पणजी। गोवा खनिज अयस्क निर्यातक संघ (जीएमओईए) ने रविवार को निचले–ग्रेड के लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क के संभावित विस्तार की अटकलों पर चिंता व्यक्त की है। केंद्र सरकार को दिए ज्ञापन में जीएमओईए ने किसी भी कदम पर पुनर्विचार का आग्रह किया और दावा किया कि इससे गोवा में खनन कार्य प्रभावित होगा, जहां लौह अयस्क मुख्यत: निचले–ग्रेड का है। क्षेत्र की विशिष्ट खनिज विशेषता और ऐसे अयस्क की घरेलू मांग में कमी को देखते हुए जीएमओईए ने दावा किया कि निर्यात शुल्क से न केवल आजीविका और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियां खतरे में पड़ जाएंगी, बल्कि एक मूल्यवान प्राकृतिक संसाधन का भंडारण और अपव्यय भी होगा।

# सभी उत्पादों पर मिलेगा जीएसटी सुधार का लाभ

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा- हमने व्यापारियों के लिए कर की प्रक्रिया को सरल बनाया

चेन्नई, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार देश के प्रत्येक नागरिक के लिए एक बड़ी जीत है। सीतारमण ने रविवार को चेन्नई में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत के प्रत्येक राज्य के अपने त्योहारों को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दीपावली से पहले जीएसटी सुधारों को लागू करने के निर्देश से बहुत पहले ही इन्हें लागू करने का निर्णय लिया गया है।

चेन्नई सिटीजन्स फोरम द्वारा आयोजित उभरते भारत के लिए कर सुधार कार्यक्रम में सीतारमण ने कहा कि जीएसटी का लाभकारी प्रभाव सुबह से लेकर रात के सोने तक सभी उत्पादों पर रहेगा। जिन 99% वस्तुओं पर पहले जीएसटी के तहत 12% कर था, अब उनपर सिर्फ 5% कर लगेगा। नए जीएसटी सुधार (2.0) 22 सितंबर से लागू होंगे। जीएसटी परिषद द्वारा 400 से ज्यादा वस्तुओं पर कर में कटौती का ज़िक्र करते हुए उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पहले अलग-अलग स्लैब के तहत कर लगाने की बजाय केवल 5 और 18% के स्लैब लागू किए हैं। हमने व्यापारियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाया है। किसी भी उत्पाद पर 28% कर नहीं है। व्यापारियों के कर दायरे में वृद्धि का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2017 में जीएसटी लागू होने से पहले केवल 66 लाख व्यापारी ही कर दाखिल करते थे। लेकिन आठ साल में 1.5 करोड़ व्यवसाय जीएसटी के दायरे में आ गए हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स कहा था, लेकिन जीएसटी लागू होने के बाद, आठ साल में कर चुकाने वाले व्यवसायों की संख्या 1.5 करोड़ हो गई है क्योंकि उन्हें एहसास हुआ कि वे इससे लाभान्वित हो पाएंगे। इस वृद्धि से केंद्र और राज्य सरकारों को मिलने वाला राजस्व बढ़ा है। 2017 में कर संग्रह 7.19 लाख करोड़ था और अब 22 लाख करोड़ के पार है। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा औसतन 1.8 लाख से दो लाख करोड़ का राजस्व एकत्र किया जाता है। उदाहरण के लिए, 1.80 लाख करोड़ रुपये के सकल राजस्व को आधा-आधा बांटा जाता है, जिसमें राज्यों को 90,000 करोड़ रुपये और केंद्र को 90,000 करोड़ रुपये मिलते हैं। केंद्र के हिस्से के उस 90,000 करोड़ रुपये के राजस्व में से भी लगभग 41 प्रतिशत राज्यों को वापस जाता है।



- चेन्नई सिटीजन्स फोरम की ओर से आयोजित उभरते भारत के लिए कर सुधार कार्यक्रम को सीतारमण ने किया संबोधित

### जनता और राज्य सरकार को होगा फायदा

सीतारमण ने कहा कि इससे हम समझ सकते हैं कि जीएसटी के कार्यान्वयन से जनता और राज्य सरकार को लाभ होगा। जीएसटी सुधारों के लागू होने से पहले कुछ व्यापारियों द्वारा उठाए वर्गीकरण के मुद्दे पर सीतारमण ने कहा कि पॉपकॉर्न की बिक्री के लिए वर्गीकरण किया गया है। अगर नमकीन पॉपकॉर्न बेचा जाता है, तो नमकीन श्रेणी में बेचे जाने पर 5% कर लगेगा, जबकि मीठे पर 18% कर था। सड़क किनारे बिकने वाले पॉपकॉर्न पर कोई कर नहीं है। लेकिन जब वही ब्रांडेड होता है, तो यह वर्गीकरण लागू होता है।

### संसद के शीतकालीन सत्र में पेश हो सकता है बीमा संशोधन विधेयक : सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने वाला बीमा संशोधन विधेयक संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। संसद का शीतकालीन सत्र आमतौर पर नवंबर के उत्तरार्ध में शुरू होता है और क्रिसमस से पहले समाप्त होता है। वित्त मंत्री ने इस साल के बजट भाषण में, नई पीढ़ी के वित्तीय क्षेत्र सुधारों के तहत बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा को मौजूदा के 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि यह बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए उपलब्ध होगी जो अपना पूरा प्रीमियम भारत में निवेश करती हैं। विदेशी निवेश से जुड़ी मौजूदा सुरक्षा और शर्तों की समीक्षा की जाएगी और उन्हें सरल बनाया जाएगा। अबतक, बीमा क्षेत्र ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के माध्यम से 82,000 करोड़ रुपये आकर्षित किए हैं। वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम, 1938 के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करना, चुकता पूंजी में कमी और एक समग्र लाइसेंस का प्रावधान शामिल है।

# एथनॉल के प्रयोग से चीनी उद्योग बच सका : गडकरी

पुणे, एजेंसी



- खेती में नई प्रौद्योगिकी की जरूरत पर केंद्रीय मंत्री ने दिया जोर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि एथनॉल के इस्तेमाल से चीनी उद्योग बचा हुआ है। उन्होंने साथ ही खेती में नई प्रौद्योगिकी की जरूरत पर जोर दिया।

गडकरी ने पुणे में नाम फाउंडेशन के कार्यक्रम में कहा कि महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा में खेती के लिए पानी की कमी के कारण किसान आत्महत्या को मजबूर होते हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने आत्महत्या करने वाले किसानों के बच्चों की भलाई और जल संरक्षण के लिए नाम फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की, जिसका नेतृत्व अभिनेता नाना पाटेकर और मकरंद अनासपुरे करते हैं। गडकरी ने कहा कि विदर्भ और मराठवाड़ा क्षेत्रों में किसानों की आत्महत्याओं का मुख्य कारण पानी है। अगर पानी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होता, तो किसानों को यह कदम नहीं उठाना पड़ता।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी लाने की जरूरत है और इस संबंध में प्रयोग पहले ही किए जा चुके हैं। मंत्री ने कहा कि आज, गन्ना किसान और चीनी मिल संचालक सिर्फ एथनॉल की वजह से ही जीवित हैं।

### देश में चीनी उत्पादन मांग से अधिक

उन्होंने आगे कहा कि भारत में चीनी उत्पादन मांग से अधिक है और चीनी मिलें सिर्फ एथनॉल की वजह से ही टिकी हुई हैं। इस महीने की शुरुआत में, कांग्रेस ने गडकरी पर हितों के टकराव का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि वह एथनॉल उत्पादन की पैरवी कर रहे हैं, जबकि उनके दो पुत्र एथनॉल बनाने वाली कंपनियों से जुड़े हैं और सरकारी नीतियों से लाभ उठा रहे हैं। भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को निराधार बताया था।

# दो-तीन सप्ताह में एक दर्जन कंपनियों के आईपीओ, 10,000 करोड़ रुपये जुटाएंगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- 15 से मूल्य दायरे की घोषणा और 30 सितंबर से पहले आईपीओ लाने की योजना

जीएसटी 2.0 सुधारों, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दरों में कटौती और अन्य अनुकूल नीतिगत उपायों से उत्साहित एक दर्जन से ज्यादा कंपनियां अगले दो-तीन सप्ताह में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही हैं। इनका लक्ष्य 10,000 करोड़ रुपये जुटाना है।

मर्चेंट बैंकर ने बताया कि प्राथमिक बाजार में उतरने की तैयारी कर रही कंपनियों में आईवैल्यू इन्फोसॉल्यूशंस, सात्विक ग्रीन एनर्जी, जिनकुशल इंडस्ट्रीज, अटलांटा इलेक्ट्रिकल्स, पार्क मेडी वर्ल्ड, सोलरवर्ल्ड एनर्जी सॉल्यूशंस, जैन रिसोर्स रीसाइक्लिंग, सीआईईएल एचआर सर्विसेज, जीके एनर्जी, गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स और शेषसाई टेक्नोलॉजीज शामिल हैं। ये सभी कंपनियां 15 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में अपने मूल्य दायरे की घोषणा करेंगी। इन कंपनियों की 30 सितंबर से पहले अपने आईपीओ लाने की योजना है।

मर्चेंट बैंकर ने संकेत दिया कि अनंतम हाईवे इनविट (अल्फा अल्टरनेटिव्स), ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजीज, प्रणव कंस्ट्रक्शन और ट्रूअल्ट बायोएनर्जी के आईपीओ आएंगे। ये कंपनियां 22-30 सितंबर के दौरान अपने मूल्य दायरे की घोषणा कर सकती हैं, और सितंबर के अंत या अक्टूबर में आईपीओ ला सकती हैं। इनका लक्ष्य 10,000 करोड़ जुटाना है। इन सभी को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल चुकी है।

# कर सुधारों से मांग 3.5 लाख करोड़ बढ़ने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुधारों से आर्थिक वृद्धि की क्षमता 7 से 7.5% होने की उम्मीद

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि सरकार के जीएसटी दरों में कमी और आयकर में छूट से अर्थव्यवस्था में कुल मांग में 3.5 लाख करोड़ की वृद्धि की उम्मीद है। इसके साथ इन सुधारों से देश की आर्थिक वृद्धि की क्षमता 7.0 से 7.5% हो सकती है।

उनका कहना है कि आर्थिक वृद्धि और रोजगार सृजन को तेज करने के लिए नीति-निर्माताओं को विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए अन्य क्षेत्रों विशेष रूप से भूमि और श्रम क्षेत्र में सुधार अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जीएसटी परिषद ने हाल में माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें 5 व 18% होंगी जबकि विलासिता एवं अहितकर वस्तुओं पर 40% की विशेष दर लागू होगी। दरों को युक्तिसंगत बनाने के तहत टेलीविजन एवं एयर कंडीशनर जैसे उपभोक्ता वस्तुओं के अलावा खानपान और रोजमर्रा के कई सामान समेत 400 वस्तुओं पर दरें कम की गयी हैं। 2025-26 के बजट में 12 लाख तक की आय (नौकरीपेशा के लिए मानक कटौती के साथ 12.75 लाख रुपये) को कर मुक्त करने की घोषणा की गई थी।

### करों के बोझ में कमी से आर्थिक वृद्धि की क्षमता बढ़ेगी

अर्थशास्त्री और मद्रास स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स के निदेशक एन आर भानुमूर्ति ने कहा कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष, दोनों तरह के किसी भी कर का गुणक ऋणात्मक होता है। यानी जितना अधिक कर होगा, उत्पादन उतना ही कम होगा। ऐसे में, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर सुधारों के माध्यम से करों के बोझ में कमी आने से देश की आर्थिक वृद्धि की क्षमता 7 .0 से 7 .5 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6 .3 से 6 .8% रहने का अनुमान रखा है।

आनंद राठी ग्रुप के मुख्य अर्थशास्त्री और कार्यकारी निदेशक सुजान हाजरा ने कहा कि आयकर की दर में कटौती से लोगों की खर्च योग्य आय में प्रभावी रूप से वृद्धि हुई है। उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति को देखते हुए, इससे कुल मांग में 2 .3 लाख करोड़ की वृद्धि होगी। जीएसटी दरों में कमी के गुणक प्रभाव को ध्यान में रखते हुए 1 .2 लाख करोड़ की मांग वृद्धि के साथ, अर्थव्यवस्था में कुल 3 .5 लाख करोड़ का योगदान होगा। उपभोग में वृद्धि के साथ, कंपनियों के लाभ में वृद्धि होने की संभावना है। बढ़ी हुई खपत से कंपनियों की बिक्री मात्रा में वृद्धि होगी और वित्त वर्ष 2024–25 के शुद्ध लाभ में 1.0 से 1.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।



# भविष्यवाणियां झूठी साबित कर आगे बढ़ रहा भारत

## भागवत बोले- ज्ञान, कर्म और भक्ति की संतुलित त्रिवेणी के पारंपरिक दर्शन पर श्रद्धा रखने से सबको साबित किया झूठा

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि 'ज्ञान, कर्म और भक्ति की संतुलित त्रिवेणी' के पारंपरिक दर्शन पर श्रद्धा रखने की बदौलत भारत सबकी भविष्यवाणियां झूठी साबित करके आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह बात ऐसे वक्त कही जब देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में उम्मीद से बेहतर 7.80 प्रतिशत रही है। अमेरिका की ओर से भारी शुल्क लगाए जाने से पहले की पांच तिमाहियों में यह सबसे अधिक है।

भागवत ने मध्यप्रदेश के काबीना मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल की पुस्तक 'परिक्रमा कृपा सार' का विमोचन किया। संघ प्रमुख ने समारोह में कहा कि भारतीय नागरिकों के पूर्वजों ने अनेक पंथ-संप्रदायों के माध्यम से कई रास्ते दिखाकर सबको बताया है कि ज्ञान, कर्म और भक्ति की संतुलित त्रिवेणी जीवन में कैसे बहाई जाती है। भागवत ने कहा कि भारत जीवन जीने के इस पारंपरिक दर्शन पर आज भी श्रद्धा रखता है, इसलिए सबकी भविष्यवाणियां झूठी साबित करके देश विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है।

संघ प्रमुख ने कहा कि (ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री) विंस्टन चर्चिल ने एक बार कहा था कि (ब्रितानी शासन से) स्वतंत्र होने पर तुम (भारत) टिक नहीं सकोगे और बंट जाओगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब खुद इंग्लैंड बंटने की स्थिति में आ रहा है, पर हम नहीं बंटेंगे। हम आगे बढ़ेंगे। हम कभी बंट गए थे, लेकिन वह भी हम मिला लेंगे फिर से। भागवत ने कहा कि निजी स्वार्थों के कारण ही दुनिया में अलग-अलग संघर्ष चलते हैं और सारी समस्याएं सामने आती हैं। उन्होंने कहा कि भारत जब 3,000 वर्षों तक दुनिया का सिरमौर था, तब दुनिया में कोई कलह नहीं थी। भागवत ने कहा कि भारत में गौ माता, नदियों और पेड़-पौधों की पूजा के जरिये प्रकृति की आराधना की जाती है और प्रकृति से देश का नाता जीवंत और चैतन्य अनुभूति पर आधारित है। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया (प्रकृति से) इस नाते को तरस रही है। पिछले 300-350 वर्षों से दुनिया के देशों को बताया जा रहा है कि सब लोग अलग-अलग हैं और जो बलवान है, वही जिएगा। उन्हें बताया जा रहा है कि अगर वे किसी के पेट पर पैर रखकर या किसी का गला काट कर भी बलवान बनते हैं, तो कोई बात नहीं है। भागवत ने कहा कि पहले कपड़ों का गला और जेब काटने का काम केवल दर्जी करते थे। अब सारी दुनिया कर रही है। वे जानते हैं कि इससे गड़बड़ हो रही है, लेकिन वे रुक नहीं सकते क्योंकि उनके पास विश्वास और श्रद्धा नहीं है।



### भारतीय संस्कृति तेरे-मेरे के भेद से ऊपर उठने का देती है संदेश

संघ प्रमुख ने जोर देकर कहा कि भारतीय संस्कृति तेरे–मेरे के भेद से ऊपर उठने का संदेश देती है और सभी मनुष्यों में परस्पर आत्मीयता और अपनापन आवश्यक है। संघ प्रमुख ने कहा कि मनुष्य के लिए ज्ञान और कर्म, दोनों मार्ग जरूरी हैं, लेकिन 'निष्क्रिय ज्ञानी' किसी काम के नहीं होते। ज्ञानी लोगों के निष्क्रिय होने से ही सब गड़बड़ होती है और अगर कर्म करने वाले किसी व्यक्ति को ज्ञान नहीं है, तो यह कर्म पागलों का कर्म हो जाता है। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उनके मंत्रिमंडल के कई सदस्यों समेत समाज के अलग–अलग तबकों के लोग बड़ी तादाद में मौजूद थे। पटेल की पुस्तक उनकी दो नर्मदा परिक्रमा यात्राओं से प्रेरित है। भागवत ने कहा कि नर्मदा नदी की परिक्रमा सर्वत्र श्रद्धा का विषय है। हमारा देश में कर्मवीर भी हैं और तर्कवीर भी हैं। दुनिया श्रद्धा और विश्वास पर चलती है।

# एआई आधारित फर्जी खबरें फैलाने वालों पर मुकदमे के लिए ठोस समाधान जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- संसदीय समिति ने सरकार से ठोस कानूनी व तकनीकी समाधान विकसित करने को कहा
- सांसद निशिकांत दुबे की समिति की मसौदा रिपोर्ट लोस अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी गई

संसदीय समिति ने सरकार से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर गढ़ी गई फर्जी खबरों को फैलाने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों एवं संस्थानों की पहचान करने और उन पर मुकदमा चलाने के लिए ठोस कानूनी व तकनीकी समाधान विकसित करने को कहा है।

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति ने अपनी मसौदा रिपोर्ट में, फर्जी खबरों पर रोक के उद्देश्य से एआई के इस्तेमाल के लिए संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली समिति की मसौदा रिपोर्ट हाल में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी गई। इसे अगले सत्र में संसद में पेश किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, समिति ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) तथा अन्य संबंधित मंत्रालयों एवं विभागों के बीच करीबी समन्वय का भी आग्रह किया, ताकि एआई जनित फर्जी खबरों के प्रसार के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों और संस्थानों की पहचान करने और उन पर मुकदमा चलाने के लिए ठोस कानूनी एवं तकनीकी समाधान विकसित किए जा सकें।

समिति ने एआई सामग्री निर्माताओं के लिए लाइसेंसिंग आवश्यकताओं की व्यवहार्यता का पता लगाने तथा एआई-जनित वीडियो और सामग्री की अनिवार्य लेबलिंग' के लिए अंतर-मंत्रालयी समन्वय की सिफारिश की है। समिति के सुझाव सरकार के लिए बाध्यकारी नहीं हैं। हालांकि, सरकार अक्सर इन्हें लागू करने पर विचार करती है, क्योंकि संसदीय समितियां संसद का प्रतिनिधित्व करती हैं।

### फर्जी खबरों का पता लगाने को दो परियोजनाएं कार्यान्वित

फर्जी खबरों का पता लगाने के लिए वर्तमान में दो परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं– डीप लर्निंग फ्रेमवर्क का उपयोग करके फर्जी भाषण का पता लगाना तथा डीपफेक वीडियो और छवियों का पता लगाने के लिए सॉफ्टवेयर का डिजाइन और विकास। समिति ने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति, विशेष रूप से एआई में, फर्जी खबरों से संबंधित चिंताओं को दूर करने को आशाजनक समाधान प्रस्तुत करती है।

# अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती, उर्वशी रौतेला को ईडी ने भेजा समन

नई दिल्ली, एजेंसी

सट्टेबाजी एप का मामला



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक ऑनलाइन सट्टेबाजी एप मामले में कथित धन शोधन की जांच के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती और अभिनेत्री उर्वशी रौतेला को समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि चक्रवर्ती को 15 सितंबर को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है, जबकि रौतेला को मंगलवार को पेश होना है। चार सितंबर को, पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन से इसी मामले में ईडी ने लगभग आठ घंटे पूछताछ की थी। अगस्त में, एक अन्य पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना से भी संघीय जांच एजेंसी ने इन आरोपों के संबंध में पूछताछ की थी।

ईडी ने पिछले महीने इसी मामले में बंगाली अभिनेता अंकुश हाजरा को भी समन जारी किया था। कोलकाता में एक अधिकारी ने बताया कि हाजरा को 16 सितंबर को कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय में ईडी अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

# भिक्षुक आश्रय गृहों में सुधारों को संस्थागत रूप दें राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी



- शीर्ष अदालत ने ऐसे केंद्रों में गरिमापूर्ण जीवन को बनाए रखने के लिए कई निर्देश किए जारी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार द्वारा रखरखाव किये जाने वाले भिक्षुक आश्रय गृह कोई विवेकाधीन परमार्थ कार्य नहीं है और इसके प्रबंधन में संवैधानिक नैतिकता के मूल्य प्रतिबिंबित होने चाहिए। शीर्ष अदालत ने ऐसे केंद्रों में गरिमापूर्ण जीवन को बनाए रखने के लिए कई निर्देश भी जारी किए।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भिक्षुक आश्रय गृहों में सुधारों को संस्थागत रूप देना होगा ताकि समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लिए गरिमापूर्ण जीवन की संवैधानिक गारंटी सार्थक रूप से सुरक्षित हो सके। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे आश्रय गृहों में मानवीय स्थिति सुनिश्चित करने में विफलता न केवल कुप्रशासन है, बल्कि यह गरिमापूर्ण जीवन के मौलिक अधिकार का संवैधानिक हनन है। न्यायालय ने कहा कि इस न्यायिक अभिव्यक्ति से इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता कि निर्धन व्यक्तियों के प्रति सरकार की जिम्मेदारी सकारात्मक और अपरिवर्तनीय है। इस प्रकार, सरकार द्वारा संचालित भिक्षुक गृह संवैधानिक ट्रस्ट है, न कि कोई विवेकाधीन परमार्थ कार्य। इसके प्रबंधन में संवैधानिक नैतिकता के मूल्य- स्वतंत्रता, निजता और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करना- प्रतिबिंबित होने चाहिए। न्यायालय ने निर्देश दिया कि भिक्षुक गृह में रखे जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को प्रवेश के 24 घंटे में चिकित्सा अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से मेडिकल जांच करवानी होगी। पीठ ने कहा कि सभी भिक्षुक गृहों में एक निर्दिष्ट चिकित्सा दल द्वारा मासिक स्वास्थ्य जांच की जाए। सभी भिक्षुक गृहों में रोग निगरानी और पूर्व चेतावनी प्रणाली हो, जिसमें संचारी और जलजनित रोगों की रोकथाम, बीमारियों का पता और नियंत्रण को विशेष प्रोटोकॉल हों। सभी राज्य सरकारें भिक्षुक गृहों में स्वच्छता मानकों को तैयार करें, अधिसूचित करें और सख्ती से लागू करें।

### पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों पर सुनवाई आज

सुप्रीम कोर्ट पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर स्वत: संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत ने मानवाधिकारों के हनन पर रोक के लिए 2018 में पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ सोमवार को इस पर सुनवाई कर सकती है। पीठ ने चार सितंबर को कहा था कि हम पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी शीर्षक से स्वत: संज्ञान जनहित याचिका दर्ज करने का निर्देश दे रहे हैं, क्योंकि 2025 के शुरुआती सात–आठ महीनों में हिरासत में 11 मौतें हुई हैं। दिसंबर 2020 में अदालत ने केंद्र को जांच एजेंसियों के कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे और रिकॉर्डिंग उपकरण लगाने का निर्देश दिया था।

# ईडी व व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा को बना पीएमएलए

नई दिल्ली, एजेंसी




- दिल्ली हाईकोर्ट बोली- ईडी को बताना होगा कि जब्त संपत्ति को अपने पास रखना क्यों जरूरी है

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रवर्तन एजेंसियों को सशक्त बनाने और व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा के बीच एक नाजुक संतुलन बनाने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) बनाया गया था। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की खंडपीठ ने 12 सितंबर को यह टिप्पणी की।

न्यायालय ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जब्त या फ्रीज की गई संपत्ति को अपने पास रखने के लिए न्यायिक प्राधिकारी से अनुमति लेने से पहले, प्राधिकृत अधिकारी को पहले एक औपचारिक आदेश पारित करना होगा, जिसमें यह स्पष्ट किया जाएगा कि 180 दिनों तक संपत्ति को अपने पास रखना क्यों आवश्यक है। पीठ ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कदम के बिना, न्यायनिर्णायक प्राधिकारी कानूनी रूप से यह निर्धारित नहीं कर सकता कि संपत्ति धनशोधन से जुड़ी है या नहीं। न्यायालय ने कहा कि पीएमएलए की संरचना प्रवर्तन एजेंसियों को सशक्त बनाने और व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा के बीच एक नाजुक संतुलन बनाने के लिए बनाई गई है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### प्रीति सरन बनीं यूएन के प्रमुख निकाय की अध्यक्ष



**न्यूयॉर्क।** पूर्व राजनयिक प्रीति सरन को संयुक्त राष्ट्र की प्रतिष्ठित आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार समिति (सीईएससीआर) का अध्यक्ष चुना गया है। सरन को यह जिम्मेदारी जटिल बहुपक्षीय मुद्दों को संभालने में उनकी व्यापक अनुभव को ध्यान में रखते हुए दी गई है। सरन ने भारतीय विदेश सेवा में 36 वर्षों के कार्यकाल में भारत के साथ-साथ एशिया, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका में भारतीय मिशन में विभिन्न पदों पर कार्य किया।

### इक्वाडोर में गोलीबारी में सात लोगों की मौत

**क्विटो।** इक्वाडोर के सैंटो डोमिंगो डे लॉस त्साचिलास स्थित एक पूल हॉल में गोलीबारी में सात लोग मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए। सैनिकों के वेश में एक वाहन में आए हमलावरों ने शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात लगभग 10:30 बजे नुएवो अमानेसर इलाके में स्थित पूल हॉल में ग्राहकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। गौरतलब है कि सैंटो डोमिंगो डे लॉस त्साचिलास प्रांत के एक पूल हॉल में एक महीने से भी कम समय में यह दूसरी सामूहिक गोलीबारी थी। पुलिस ने बताया कि 17 अगस्त को इसी तरह के हमले में सात लोग मारे गए थे।

### ब्रिटेन: सिख महिला के यौन उत्पीड़न की निंदा

**लंदन।** ब्रिटेन की सिख सांसद प्रीत कौर गिल ने एक सिख युवती का यौन उत्पीड़न किए जाने की घटना की निंदा की है। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने कहा है कि वह इस हमले को नस्ली अपराध मानकर जांच कर रही है। प्रीत कौर गिल ने मंगलवार को इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र के ओल्डबरी में हुए भयावह हमले पर सोशल मीडिया पर कहा, 'ओल्डबरी में एक सिख महिला पर हुए भयावह हमले से मैं बेहद स्तब्ध हूं। यह एक अत्यधिक हिंसक कृत्य है लेकिन इसे नस्लीय भेदभाव के रूप में भी देखा जा रहा है क्योंकि अपराधियों ने उससे कहा था कि वह यहां की नहीं है।

### संयुक्त सैन्य अभ्यास पर भड़का उत्तर कोरिया

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के सैन्य अभ्यासों की निंदा की है। उत्तर कोरिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के आगामी सैन्य अभ्यासों की शनिवार को निंदा की है। दक्षिण कोरिया की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वह सोमवार को अमेरिका और जापान के साथ एक त्रिपक्षीय आउटडोर बहु-क्षेत्रीय अभ्यास, और अमेरिका के साथ परमाणु हमले के दौरान त्वरित कार्रवाई संबंधी अभ्यास करेगा।

# टेक्सास में की गई शरिया कानून पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा

**ह्यूस्टन, एजेंसी**

- गवर्नर ने धार्मिक आचार संहिता थोपने वालों को बताया मूर्ख

टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा है कि उनके प्रांत ने इस्लामी शरिया कानून के क्रियान्वयन पर प्रतिबंध लगा दिया है और निवासियों से व्यवसायों या व्यक्तियों पर शरिया अनुपालन थोपने के किसी भी प्रयास की सूचना देने का आग्रह किया।

एबॉट की यह टिप्पणी ह्यूस्टन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद आई है, जिसमें एक मुस्लिम धर्मगुरु लाउडस्पीकर के माध्यम से दुकानदारों से शराब, सूअर का मांस या लॉटरी टिकट नहीं बेचने का आग्रह करते हुए दिख रहा है। गवर्नर ने इस घटना को उत्पीड़न बताया और कहा कि टेक्सास सार्वजनिक जीवन में धार्मिक आचार संहिता लागू करने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

एबॉट ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैंने टेक्सास में शरिया कानून पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून पर हस्ताक्षर किए हैं। किसी भी व्यक्ति को ऐसे मूर्खों से डरना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा, कोई भी शरिया थोपने का प्रयास करे तो इसकी सूचना कानून प्रवर्तन या टेक्सास लोक सुरक्षा विभाग को दें। टेक्सास में औपचारिक शरिया प्रतिबंध नहीं है, लेकिन अमेरिकी अदालतों के लिए 2017 का अमेरिकी कानून विधेयक, अदालतों को किसी भी धार्मिक संहिता को लागू करने से रोकता है।

## बॉलीवुड बनाम अंडरवर्ल्ड

# निशाने पर सितारे



बॉलीवुड की अभिनेत्री दिशा पाटनी के आवास पर गोलीबारी की घटना कोई बहुत हैरतअंगेज घटना नहीं है। असल में, बॉलीवुड और अंडरवर्ल्ड के बीच दुश्मनी और दोस्ती की कहानी साथ-साथ चलती रही है जो 1970-1990 के दशक के बीच सबसे गहरी रही है। इस दौरान अंडरवर्ल्ड के सरगनाओं ने फिल्म इंडस्ट्री पर अपना प्रभाव जमाने की सबसे ज्यादा कोशिश की। कभी फाइनेंसिंग, सुरक्षा और पार्टियों में इन सरगरनाओं की बॉलीवुड सितारों और निर्माताओं से नजदीकियां दिखाई दीं तो कभी धमकी, रंगदारी, हमले के रूप में दुश्मनी भी सामने आई। कुल मिलाकर, बॉलीवुड और अंडरवर्ल्ड का रिश्ता पैसा, पावर और ग्लैमर की त्रिकोणीय मजबूरी का परिणाम रहा है जहां सितारे कभी अपने फायदे के लिए तो कभी मजबूरी में उनके करीब आए।

### रिश्ते की शुरुआत

- 1970-80 के दशक में बॉलीवुड फिल्मों के लिए फाइनेंस का बड़ा हिस्सा हवाला और अंडरवर्ल्ड जैसे अनौपचारिक स्रोतों से आता था।
- मुंबई के माफिया हाजी मस्तान, करीम लाला, वरदराजन मुदलियार फिल्मों के शौकीन थे। वे फिल्मी पार्टियों से शूटिंग सेट्स तक दिखते थे।

### संबंधों की बुनियाद

- फाइनेंसिंग प्रमुख कारण थी। फिल्में लाभकारी निवेश के साथ काले धन को सफेद करने का भी जरिया बनीं।
- ग्लैमर और पावर का जरिया, अंडरवर्ल्ड के लोग सितारों की दोस्ती दिखाकर अपनी सोशल स्टेटस बढ़ाते थे।
- कुछ सितारे अंडरवर्ल्ड से दोस्ती इसलिए रखते थे ताकि वे धमकियों या हमलों से अपना बचाव कर सकें।
- फिल्मी सितारों के साथ रिश्ते दिखाकर अंडरवर्ल्ड के लोगों को ताकत का प्रदर्शन करने की चाहत।

### धमकियों-हमलों की प्रमुख घटनाएं

- 1990 के दशक में दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील के गुर्गों ने कई प्रोड्यूसर्स और एक्टर्स से रंगदारी मांगी।
- 1997 में टी-सीरीज के संस्थापक गुलशन कुमार की बहुचर्चित हत्या, उन्हें मुंबई के अंधेरी में गोली मार दी गई।
- 1998 में अंडरवर्ल्ड ने मनीषा कोईराला की मैनेजर अंजना शर्मा और 2000 में ऋतिक रोशन को धमकियां दीं।
- 2000 में फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर रंजीत शर्मा की हत्या, राकेश रोशन को गोली मारी, सुभाष गई पर भी हमला हुआ।

### मौजूदा स्थिति

- वर्ष 2000 के बाद पुलिस और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दाऊद गिरोह पर शिकंजा कसने से कुछ दबाव कम हुआ है।
- फाइनेंसिंग अब कॉरपोरेट हाउस और ओटीटी प्लेटफॉर्म से होती हैं, इसलिए धमकी की घटनाएं घटी हैं।
- दाऊद गिरोह, छोटा शकील का नेटवर्क अब भी सक्रिय, नए उभरते गैंगस्टरों में पहचान बनाने की चाहत।

### धमकियों के साये में

- सलमान खान कई वर्ष से लॉरेंस विश्नोई गैंग के टारगेट रहे हैं। पुलिस ने वाई प्लस सिक्योरिटी दे रखी है।
- शाहरुख खान को 2022 में पठान फिल्म की रिलीज से पहले अंडरवर्ल्ड ने धमकी देकर पैसों की मांग की।
- बड़े निर्माता होने के कारण करण जौहर को बार-बार धमकी मिलती हैं, उनसे कई बार रंगदारी मांगी गई है।
- गुलशन कुमार के बेटे भूषण कुमार भी अंडरवर्ल्ड की रडार पर है, उन्हें कई बार हत्या की धमकियां दी गई हैं।

### अभिनेत्रियों के प्रेम संबंध

- अभिनेत्री मंदाकिनी का नाम अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ा। मंदाकिनी ने इसे सिर्फ दोस्ती बताया।
- 90 के दशक की मशहूर अभिनेत्री रहीं ममता कुलकर्णी ने ड्रग माफिया विकी गोस्वामी से शादी कर ली थी।
- अभिनेत्री मोनिका बेदी का रिश्ता अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम से चर्चित रहा, दोनों ने निकाह भी कर लिया था।

# जम्मू-कश्मीर: घने जंगलों और ऊंचे पहाड़ों पर बंकर बना रहे हैं आतंकी

## घरों में पनाह लेने के बजाय रणनीति बदलकर सेना के आगे पेश की नई चुनौती

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी संगठनों ने अपनी रणनीति बदलते हुए अब स्थानीय घरों में पनाह लेने की बजाय घने जंगलों और ऊंचे पहाड़ी इलाकों में भूमिगत बंकर बनाने शुरू कर दिए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय समर्थन में कमी के कारण आतंकवादी संगठनों की रणनीति में यह बदलाव सेना और अन्य सुरक्षा बलों के लिए एक नई चुनौती प्रस्तुत करता है।

पिछले सप्ताह कुलगाम जिले के ऊपरी क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ के दौरान इसका पता चला, जहां दो आतंकवादी मारे गए थे। जैसे-जैसे अभियान आगे बढ़ा, सुरक्षा बलों को एक गुप्त सुरंग मिली, जिसमें राशन, छोटे गैस स्टोव, प्रेशर कुकर, साथ ही हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि यह प्रवृत्ति कुलगाम और शोपियां जिलों के साथ-साथ जम्मू क्षेत्र में पीर पंजाल के दक्षिण में व्यापक हो गई है, जहां घने जंगल आतंकवादियों के लिए आदर्श छिपने की जगह उपलब्ध कराते हैं। भले ही सुरक्षा कर्मियों ने इनमें से कुछ नए ठिकानों का पता लगाने में सफलता प्राप्त कर ली है, लेकिन अधिकारियों की चिंता बढ़ती जा रही है, विशेषकर खुफिया जानकारी मिलने के बाद कि आतंकवादियों को ऊंची और मध्य पहाड़ियों में रहने तथा सीमा पार से निर्देश मिलने पर हमले करने के लिए कहा गया है।

सेना की उत्तरी कमान के पूर्व प्रमुख और 2016 की सफल सर्जिकल स्ट्राइक का नेतृत्व कर चुके सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल डी एस हुड्डा ने कहा कि ऊंचाई वाले इन खाइयों और बंकरों की रणनीति 1990 और शुरुआती 2000 के दशक में अपनाई गई आतंकवादी रणनीति की याद दिलाती है। लेफ्टिनेंट जनरल हुड्डा ने यह भी कहा कि मानव स्रोतों से मिलने वाली खुफिया सूचनाओं का अभाव बड़ी समस्या बनकर उभरा है। फिर भी, उनका मानना है कि सेना नई चुनौती से निपटने के लिए अपनी रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करेगी।

जम्मू-कश्मीर पुलिस में तीन दशक तक सेवा दे चुके पुडुचेरी पुलिस के पूर्व महानिदेशक बी श्रीनिवास ने भी इस आकलन से सहमति जताई। कहा कि आतंकी अब कस्बों और गांवों में शरण नहीं ले पा रहे हैं, इसलिए वे इन बंकरों का निर्माण करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों द्वारा अलगाववादी विचारधारा से दूरी बनाए जाने के कारण अब घुसपैठिए आतंकी इन गुप्त सुरंगों का इस्तेमाल कर रहे हैं ताकि स्थानीय लोगों की नजरों से बच सकें।



### बंकरों की तलाश को ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार से लैस ड्रोन और भूकंपीय सेंसर के इस्तेमाल की योजना

इस नई चुनौती का सामना करने के लिए सुरक्षा एजेंसियां तकनीकी समाधानों का सहारा लेने की योजना बना रही हैं और आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान 'ग्राउंड-पेनेट्रेटिंग रडार' (जीपीआर) से लैस ड्रोन और भूकंपीय सेंसर का इस्तेमाल करने पर विचार कर रही हैं। ड्रोन उन दुर्गम इलाकों तक पहुंच सकते हैं, जहां सामान्य रूप से पहुंचना कठिन है, जबकि 'जीपीआर' और भूकंपीय 'सेंसर' धरती के भीतर की खाली जगहों और संरचनात्मक बदलावों की पहचान कर सकते हैं, जिससे ऐसे भूमिगत बंकरों की सटीक जानकारी मिल सकती है। इस समय सुरक्षा बलों का प्राथमिक उद्देश्य इन जंगल क्षेत्रों में खुफिया तंत्र को मजबूत करना और इन नई तकनीकों की मदद से बचे हुए आतंकियों को निष्क्रिय करना है।

### पहले भी सेना जूझ चुकी है इस चुनौती से

सेना को यानी 2020 से 2022 के बीच भी भूमिगत बंकरों और कृत्रिम सुरंगों से जूझना पड़ा था। राम्बी आरा की धारा के बीच में एक बंकर तैयार किया गया था, जो अक्सर जल स्तर में उतार-चढ़ाव और बाढ़ से प्रभावित रहता है। सैनिकों ने एक खाली तेल के ड्रम का मुंह खुला हुआ देखा, जिसे बाद में आतंकियों ने बंकर में प्रवेश करने के लिए इस्तेमाल किया। बंडपोह में भी एक बंकर मिला, जो ऊंचाई पर घने सेब के पेड़ों से ढका हुआ था। आतंकियों ने वहां भूमिगत एक कमरा तैयार कर लिया था। बंकर का पता तब चला जब जवानों ने देखा कि एक पॉलीथिन शीट जमीन पर बिछी है और उसके आसपास की मिट्टी हाल ही में भरी गई है। शोपियां के लाबिपुरा में नदी के किनारे एक लोहे के बक्से को ढक दिया और जमीन के नीचे छिपते हुए सांस लेने के लिए एक छोटी पाइप लगा दी।

## लंदनः यूनाइट द किंगडम रैली में एक लाख लोग हुए शामिल

**लंदन।** लंदन में आव्रजन विरोधी रैली में शनिवार को एक लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। दक्षिणपंथी कार्यकर्ता टॉमी रॉबिन्सन द्वारा आहूत इस रैली में सड़कों पर प्रदर्शनकारियों की भीड़ उमड़ पड़ी।

इस रैली को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा का आह्वान बताया गया, लेकिन इस दौरान आव्रजन का मुद्दा छाया रहा। प्रदर्शनकारियों ने बार-बार 'हमें अपना देश वापस चाहिए' जैसे नारे लगाए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प होने की भी खबरें आईं। रॉबिन्सन यूके में एक प्रमुख दक्षिणपंथी नेता हैं और इंग्लिश डिफेंस लीग का नेतृत्व करते हैं।

# उत्तरी गाजा में तेज होते हमलों के बीच इजराइल पहुंचे रूबियो

**यरुशलम, एजेंसी**

- अलग-थलग पड़ते इजराइल के प्रति अमेरिकी समर्थन का प्रदर्शन

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो रविवार को इजराइल पहुंचे। इस बीच, इजराइल ने उत्तरी गाजा पर हमले तेज कर दिए हैं, जिससे एक और ऊंची इमारत ध्वस्त हो गई तथा कम से कम 12 फलस्तीनी मारे गए।

रुबियो ने यात्रा से पहले कहा कि वह इजराइली अधिकारियों से इस बारे में जवाब मांगेंगे कि पिछले सप्ताह कतर में हमास के सदस्यों पर इजराइल के हमले के बाद गाजा में आगे का रास्ता वे किस प्रकार देखते हैं। उनकी दो-दिवसीय यात्रा तेजी से अलग-थलग पड़ रहे इजराइल के प्रति समर्थन का भी प्रदर्शन है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन राष्ट्र के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता पर विवादास्पद बहस होने की उम्मीद है।

इज़राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू फलस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देने सबंधी किसी भी संभावित कदम का कड़ा विरोध करते रहे हैं। रुबियो की यात्रा दोहा में हमास नेताओं पर इजराइली हमले को लेकर नेतन्याहू पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गुस्से के बावजूद हो रही है। ट्रंप ने कहा था कि इजराइल ने हमले को लेकर उन्हें पहले सूचित नहीं किया। स्थानीय अस्पतालों के अनुसार, रविवार को गाजा में इजराइल के हमलों में 13 फलस्तीनी मारे गए।

# जेन जी आंदोलन में मारे गए लोग शहीद परिवारों को मिलेंगे 10-10 लाख रुपये

**काठमांडू, एजेंसी**

- नई प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पदभार लेने के बाद की घोषणा
- हिंसा में शामिल लोगों को कानूनी कार्रवाई के दायरे में लाया जाएगा

नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को कहा कि पिछले सप्ताह सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान देश भर में हिंसा और विनाश में शामिल रहे लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। कार्की ने पूर्वाह्न करीब 11 बजे काठमांडू के सिंह दरबार सचिवालय में नवनिर्मित गृह मंत्रालय भवन में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जेन जी प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों को 'शहीद' घोषित किया जाएगा और उनके परिजनों को दस लाख नेपाली रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

नेपाल की पूर्व प्रधान न्यायाधीश को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने जेन जी समूह की सिफारिश पर कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। इस समूह ने दो-दिवसीय विरोध प्रदर्शन कर मंगलवार को केपी शर्मा ओली सरकार को उखाड़ फेंका था। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद सचिवों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि हिंसा और सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति के विनाश में शामिल लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नौ सितंबर के विरोध के दौरान आगजनी तथा तोड़फोड़ सुनियोजित थी और जेन जी प्रदर्शनकारी ऐसी गतिविधियों में शामिल नहीं थे।

कार्की ने कहा, जिस तरह की आगजनी और तोड़फोड़ हुई है, वह एक आपराधिक कृत्य है। इसे सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया। इसके लिए ज़िम्मेदार लोगों को सज़ा मिलनी चाहिए। उन्होंने मुख्य सचिव एकनारायण अर्याल को देश भर में नष्ट हुईं पुलिस चौकियों की मरम्मत का प्रबंध करने का भी निर्देश दिया। चूंकि दो-दिवसीय आंदोलन के दौरान सिंह दरबार सचिवालय स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में आग लगा दी गई थी, इसलिए सिंह दरबार परिसर में गृह मंत्रालय के लिए नवनिर्मित भवन का उपयोग प्रधानमंत्री कार्यालय के रूप में किया जाएगा।



नई प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के पदभार लेने के बाद अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

### सबिता भंडारी बनीं पहली महिला अटॉर्नी जनरल



**काठमांडू।** वरिष्ठ अधिवक्ता सबिता भंडारी को रविवार को नेपाल सरकार का अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया गया। वह इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला हैं। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की सिफारिश पर भंडारी को अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया। भंडारी अब नेपाल की पहली महिला अटॉर्नी जनरल बन गई हैं। वह राष्ट्रीय सूचना आयोग की पूर्व सूचना आयुक्त भी हैं। इससे पहले, राष्ट्रपति पौडेल ने अटॉर्नी जनरल के पद से रमेश बादल के इस्तीफे को मंजूरी दे दी। सरकार बदलने के बाद अटॉर्नी जनरल का इस्तीफा देना एक सामान्य प्रक्रिया है।

# यूक्रेन का रूस की शीर्ष तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमला

**मॉस्को, एजेंसी**



- विस्फोट के साथ रिफाइनरी में लगी भीषण आग

यूक्रेन ने शनिवार रात रूस की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरियों में से एक पर भीषण ड्रोन हमला किया, जिससे आग लग गई। रूसी और यूक्रेनी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। रूस के उत्तर-पश्चिमी लेनिनग्राद क्षेत्र में स्थित किरिशी रिफ़ाइनरी पर बीती रात हुए इस हमले से हफ्तों पहले भी यूक्रेन ने रूसी तेल अवसंरचना को निशाना बनाया था।

रूस की प्रमुख तेल कंपनी सर्गुतनेफ्तेगास द्वारा संचालित संबंधित प्रतिष्ठान हर वर्ष लगभग 1.77 करोड़ मीट्रिक टन अर्थात प्रतिदिन 3,55,000 बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है। रूस द्वारा यूक्रेन के खिलाफ बड़े पैमाने पर आक्रमण की शुरुआत किए जाने के तीन साल से भी ज्यादा समय बाद ड्रोन दोनों पक्षों के लिए एक अहम हथियार बनकर उभरे हैं। बुधवार को कई रूसी ड्रोन पोलैंड में घुस गए थे, जिसके बाद नाटो ने उन्हें मार गिराने के लिए लड़ाकू विमान भेजे। इससे लंबे समय से चली आ रही इस चिंता को और बल मिला कि यह लड़ाई यूक्रेन की सीमाओं से आगे भी फैल सकती है।

यूक्रेन के जनरल स्टाफ के अनुसार, घटनास्थल पर विस्फोट और आग लगने की सूचना मिली है। उन्होंने एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें रात के समय आसमान में आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दिखाई देता है। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर ड्रोज़्डेंको ने बताया कि किरिशी इलाके में रात भर में तीन ड्रोन गिराए गए, जिसके मलबे से प्रतिष्ठान में आग लग गई। उन्होंने कहा कि कोई हताहत नहीं हुआ और आग बुझा दी गई।

रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, रूस अधिकृत क्रीमिया और निकटवर्ती आज़ोव सागर के ऊपर रात भर में 80 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए गए। रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल निर्यातक बना हुआ है, लेकिन मांग में वृद्धि और यूक्रेनी ड्रोन हमलों के कारण हाल के सप्ताहों में गैसोलीन की कमी हो गई है। देश के कुछ क्षेत्रों में स्टेशनों पर ईंधन की कमी हो गई है और वाहन चालकों को लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ रहा है। इस कमी को कम करने के प्रयास में, रूस ने गैसोलीन के निर्यात पर रोक लगा दी है।

## पाकिस्तान में मंदिर की जमीन पर किया गया अवैध कब्जा

**लाहौर।** बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने दावा किया है कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक शीर्ष नौकरशाह के इशारे पर एक मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। यह सनातन धर्म मंदिर लाहौर से लगभग 250 किमी दूर भलवाल में स्थित है। पीपीपी के वरिष्ठ नेता नदीम अफजल चान ने 'एक्स' पर साझा एक वीडियो में आरोप लगाया कि पंजाब के मुख्य सचिव जाहिद अख्तर जमां के इशारे पर भलवाल में मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 सितंबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 16 सितंबर 01.31 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 07.31 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष:** आज परिवार के लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। किसी की भी झूठी प्रशंसा न करें। आपके अधिकतर काम थोड़ी धीमी गति से होंगे। कफ और सूखी खांसी जैसी समस्या हो सकती है। अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखें।

**वृष:** आज व्यापार में नए सौदे हो सकते हैं। दूसरों की बातों पर अधिक ध्यान न दें। नई तकनीक के प्रयोग को लेकर विचार करेंगे। आपको पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। आपके सामाजिक स्तर में सुधार होगा।

**मिथुन:** आज दैनिक दिनचर्या को संतुलित रखने का प्रयास करें। मन में परोपकार की भावना रहेगी। परिजन आपकी आदतों से परेशान होंगे। आपके मन में किसी कारणवश रोष उत्पन्न हो सकता है। आपको व्यायाम अवश्य करना चाहिए।

**कर्क:** आज अपने काम की गुणवत्ता को कम न होने दें। अपने लक्ष्यों के प्रति थोड़े उदासीन हो सकते हैं। बातचीत के द्वारा समस्याओं का समाधान कर लेंगे। आपको लोगों की सलाह पर सीधे विश्वास करने से बचना चाहिए।

**सिंह:** आज कई दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। अधीनस्थ कर्मचारियों से आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र और परिवार के बीच संतुलन बनाकर रखें। मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। दांपत्य जीवन की कलह दूर होगी।

**कन्या:** आज परोपकार की भावना आपके मन में प्रबल रहेगी। अपने लक्ष्यों को लेकर अत्यधिक एकाग्र रहेंगे। आपकी मानसिक स्थिति बहुत ही अच्छी रहने वाली है। संपत्ति को बेचने के प्रयास सफल होंगे। भविष्य को लेकर बड़े निर्णय लिए जा सकते हैं।

**तुला:** आज किसी नजदीकी व्यक्ति की सहायता करनी पड़ेगी। सार्वजनिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के योग बन रहे हैं। नए व्यापार को लेकर उत्साह में रहेंगे। छात्रों को करियर में शानदार परिणाम मिल सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आप शत्रुओं को पराजित कर सकते हैं। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर अत्यधिक प्रभाव रहेगा। बौद्धिक एवं तार्किक क्षमता में वृद्धि होगी। रुका हुआ धन कठिनाई से प्राप्त होगा। लंबे समय तक आपको निवेश नहीं करना चाहिए।

**धनु:** आज विदेश में जॉब कर रहे लोगों का वेतन बढ़ सकता है। परिवार के लोगों की सेहत अच्छी रहेगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। दांपत्य संबंधों में मधुरता होगी। सरकारी कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। जीवन में सकारात्मकता का अनुभव होगा।

**मकर:** आज पुराने झंझटों से आपको परेशानी होगी। माता-पिता आपकी मेहनत से प्रसन्न रहेंगे। अहंकारी व्यक्ति से आपको बात नहीं करनी चाहिये। दूसरों पर किसी भी प्रकार का दबाव न डालें। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**कुंभ:** आज आपको सहयोगियों से संबंध अच्छे रखने चाहिए। अपने मन को शांत रखें। योग्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा में आ रही बाधा दूर होगी। लेखन और चिंतन-मनन में समय व्यतीत करेंगे। भाई-बंधुओं के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार रखें।

**मीन:** आज शेयर मार्केट से आपको लाभ मिलेगा। आपके मन में रचनात्मक विचार आएंगे। व्यवसाय में आपकी साख बढ़ेगी। परिजन आपकी आदतों से प्रसन्न रहेंगे। जीवन में सकारात्मकता बनी रहेगी। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

## सुडोकू-100

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 4 | | 2 | | | | 3 |
| | 6 | | | | | 2 | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 8 |
| 4 | | 7 | | | | 1 | | |
| | | | 6 | 1 | | | 9 | |
| | | | 5 | | | 6 | | 9 |
| | | 9 | | | | | 8 | |
| 1 | | | | 9 | | 4 | | 5 |

### सुडोकू - 99 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 2 | 7 |
| 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 3 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 7 | 4 | 1 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |

